ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

भारत को बल्लेबाज रोहित शर्मा से ज्यादा ... पेज 12 पर



www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 09 • विक्रम संवत 2080 • बुधवार, 06 दिसम्बर 2023 • वर्ष-30 • अंक-50 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

राष्ट्रीय नवीन मेल में छपी खबर की हुई असर

# भू-माफियाओं पर कार्रवाई की तैयारी में जुटा जिला प्रशासन, जांच गठित

### मामला पांकी प्रखंड के माहे-डेमा गांव का

**संजीव कुमार प्रजापति। सगालीम**

भू-माफियाओं द्वारा घर समेत पूरे गांव की जमीन खरीदने का मामला राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार में छपने के बाद पलामू जिला प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच के लिए अलग-अलग तीन कमेटियों का गठन किया है। पलामू उपायुक्त के निर्देश पर पांकी के सीओ सह बीडीओ राजकुंवर सिंह ने भी अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है। सरकार द्वारा संचालित की जा रही आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में व्यस्त होने के कारण सीओ मंगलवार को गांव नहीं पंहुच सके। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द गांव का दौरा कर जमीन मामले का भौतिक सत्यापन किया जायेगा। सीआई व कर्मचारी को भी जांच का आदेश दिया गया है। इधर अखबार में खबर छपने के बाद भू-माफियाओं में खलबली मच गई है। बता दें कि भू माफिया व वन विभाग के कर्मी द्वारा माहे-डेमा गांव के सैकड़ों आदिवासी-दलित परिवारों का जमकर शोषण किया जा रहा है। उनके उजाड़ने का प्रयास जोरों पर है। ग्रामीणों ने पांकी विधायक डा. शशिभूषण मेहता से मिलकर मदद की गुहार लगायी है। विधायक डा. मेहता ने मामले को गंभीरता से लेते हुए ग्रामीणों को न्याय दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि माहे-डेमा गांव के आदिवासी-दलित परिवारों को उजाड़ने की साजिश सफल नहीं होने दी जाएगी। वे प्रभावित परिवारों के साथ खड़े हैं। पूरे मामले को विधानसभा में उठाते हुए ग्रामीणों को वन पट्टा दिलाने के लिए सरकार से वार्ता की जाएगी। बताते चलें कि 32 लोगों ने मिलकर घर समेत पूरे गांव की जमीन को खरीद लिया है। जमीन विवाद में महिला समेत दो की हत्या भी हो चुकी है। करीब 50 सालों से इस जमीन का विवाद चल रहा है। कई बार आंदोलन भी किया गया, मगर लोगों को न्याय नहीं मिला।



पलामू में अवैध तरीके से घरों के साथ गांव को भी खरीद लिये भू-माफिया

जमीन विवाद में महिला समेत दो की हो चुकी है हत्या

कतई नहीं होगा बर्दाश्त : विधायक

## एक नजर

### सड़क हादसे में दो की मौत, एक गंभीर

**सिमडेगा।** ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रानीबांध के पास मंगलवार की शाम भीषण सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतकों की पहचान ठेठईटांगर थाना क्षेत्र अंतर्गत केरया देबू टोली गांव निवासी अंकित डांग एवं नवीन लुगुन के रूप में हुई। जबकि घायल की पहचान रोहित सिंह के रूप में हुई। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार तीनों एक ही बाइक पर बिना हेलमेट पहने जा रहे थे। इसी दौरान अचानक मोटरसाइकिल दुर्घटना का शिकार हुए। मौके पर अंकित लुगुन की मौत हो गयी। जबकि दो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।

### झाप्रसे के दो अधिकारियों को मिली निंदन की सजा

**रांची।** राज्य सरकार ने झारखंड प्रशासनिक सेवा (झाप्रसे) के दो पदाधिकारियों को अलग-अलग मामले में निंदन की सजा दी है। तत्कालीन प्रखंड विकास पदाधिकारी, बरवाडीह, लातेहार राकेश सहाय को चेतावनी देते हुए को निंदन की सजा दी है। उनके खिलाफ मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही, अनियमितता सहित कई आरोप लगे थे। उपायुक्त ने फरवरी में उनके खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की थी। रिजेक्टेड ट्रांजेक्शन, डीले पेमेंट सहित अन्य आरोप लगे थे।

### कोडरमा में बोले सीएम हेमंत-चुनाव आने वाला है, रहें होशियार

# केंद्र देता था मुर्गीखाना, हम देंगे इंसानों वाला आवास

■ डीवीसी एरिया में राज्य सरकार अपनी बिजली पहुंचाएगी ■ केंद्र बकाया देती तो 1200 वाला सिलेंडर 500 में देते

**आरएनएम। रांची/कोडरमा**

झारखंड बने 23 साल हो गये, कुछ समय बाद 25 साल का हो जाएगा। भाजपा का शासन यहां सबसे लंबे समय तक रहा लेकिन अब तक इस राज्य का सिर्फ खून चूसा गया, ताकतवर बनाने की कोई कोशिश नहीं हुई। इसलिए हर दिन हमारी नजर हमारी जड़ों पर है, पिछड़ेपन को मिटाना हमारी प्राथमिकता है। चुनाव आने वाला है सावधान रहें। जितना बड़ा आदमी, उतना बड़ा झूठ ये प्रचलन हो गया है। उक्त बातें मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कोडरमा में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में कही। सीएम ने जहां एक ओर अपनी सरकार की योजनाओं से हो रहे फायदे गिनाए वहीं केंद्र और पूर्व की सरकारों पर जमकर निशाना साधा। कहा, जिन गरीबों को आवास मिलना था, उन्हें केंद्र ने नहीं दिया। हम नाक रगड़ते रह गये। इसलिए अबुआ आवास के नाम से अपनी योजना शुरू की, भारत सरकार से भी अच्छा आवास देंगे केंद्र सरकार मुर्गी खाना देती थी। हम तीन कमरे का इंसानों वाला आवास देंगे।

सावित्री बाई फूले योजना का जिक्र करते हुए कहा कि बेटियां हमारे राज्य की धरोहर हैं। देश के सबसे पिछड़े राज्य में झारखंड है, दुनिया की सबसे बड़ी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### अपना ट्रांसमिशन लाइन लगाना शुरू कर दिया है

मुख्यमंत्री ने कहा कि डीवीसी का बकाया निकलता है तो कई जिलों की बिजली काट देते हैं, लेकिन हमारा बकाया नहीं देते, अजीब मामला है। इसलिए हमने भी कमर कस लिया है। इन जिलों में अपना ट्रांसमिशन लाइन लगाना शुरू कर दिया है, डीवीसी एरिया में राज्य सरकार अपनी बिजली पहुंचाएगी। मुख्यमंत्री ने कोडरमा और गिरिडीह के माइका उद्योग पर चर्चा करते हुए कहा कि हमने माइका पॉलिसी बनाया। काम भी आगे बढ़ा लेकिन कुछ लोगों ने हवा दे दी कि इसमें यूरेनियम का अंश है। अब इसकी जांच चल रही है।

### हमारे राज्य के कोयले से देश जगमगाता है देश

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे राज्य के कोयले से देश जगमगाता है, लेकिन हमारे गांव अंधेरे में डूबे रहते हैं। केंद्र पर हमारा 1.36 लाख करोड़ बकाया है लेकिन ये नहीं देते। ये पैसा मिला होता तो 12 सौ वाला गैस सिलेंडर 500 रुपए में देते, वो पैसा मिला होता तो नौजवानों को 10-10 लाख रुपए स्वरोजगार के लिए देते। वो पैसे मिलता तो लाखों एकड़ खेत तक पानी पहुंचाते। सीएम ने कहा शिविर का नतीजा है कि सभी बुजुर्ग, विधवा, दिव्यांगों को पेंशन मिल रहा है। जिस बुजुर्ग को पेंशन नहीं मिलता है, उनको बेटा-बेटी भी घर से बाहर कर देता हैं।

### किसान, नौजवान व बच्चियां होंगी सशक्त

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि किसानों के लिए बिरसा हरित ग्राम, मुख्यमंत्री पशुधन, दीदी बाड़ी योजना शुरू की है। पहले गाय, बकरी, मुर्गी, सुअर दिया जाता था। अब हमारी सरकार भैंस का भी वितरण करेगी। सभी जानवरों का बीमा पहले से होगा, पहले बीमारु जानवर दिया जाता था, जानवर मर जाते थे। दोबारा पशुपालन का काम नहीं कर पाते थे। अब जानवर मरेगा तो उसका पूरा पैसा आपको मिलेगा। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को आने-जाने के लिए योजना शुरू की जा रही है। इस योजना के अंतर्गत बुजुर्गों, आंदोलनकारियों, छात्र-छात्राओं, विधवा महिला, दिव्यांग आदि को किराया नहीं देना पड़ेगा।

# रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा 21 पुरोहित कराएंगे

### 22 जनवरी को सुबह नित्य पूजन के बाद मध्याह्न काल में प्राण प्रतिष्ठा की महापूजा होगी

### पीएम मृगशिरा नक्षत्र में मूर्ति की स्थापना कराएंगे, अनुष्ठान में रहेंगे चारों वेद के विद्वान

**आरपी सिंह। नई दिल्ली**

अयोध्या में 22 जनवरी को नये बने रामलला मंदिर में रामलला की मूर्ति की विधि विधान , पूजा पाठ ,मंत्रोच्चार से प्राण प्रतिष्ठा काशी के 21 पुरोहित कराएंगे। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य पं. दीपक मालवीय के अनुसार पीएम व काशी के सांसद नरेंद्र मोदी मृगशिरा नक्षत्र में मूर्ति की स्थापना कराएंगे। 18 जनवरी से प्रतिष्ठा समारोह के अनुष्ठान की शुरूआत हो जाएगी। विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की विधि का आरंभ गणेश, अंबिका पूजन, वरुण पूजन, मातृका पूजन, ब्राह्मण वरण, वास्तु पूजन से होगा। काशी के वैदिक पं. लक्ष्मीकांत दीक्षित के आचार्यत्व में वैदिक ब्राह्मणों की टोली काशी से 17 जनवरी को अयोध्या के लिए रवाना होगी। मुख्य आचार्य पं. लक्ष्मीकांत दीक्षित होंगे और उनके पुत्र जयकृष्ण दीक्षित व सुनील दीक्षित पूजन कराएंगे। 17 जनवरी को ही रामलला की प्रतिमा अयोध्या में नगर भ्रमण पर निकलेगी।

### सरयू नदी के जल से गर्भगृह की होगी धुलाई

काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास के सदस्य पं. दीपक मालवीय ने बताया कि राम मंदिर के गर्भगृह को सरयू से लाए गए 81 कलशों के जल से धोने के बाद वास्तु शांति और अन्नाधिवास कर्मकांड होंगे। रामलला का अन्नाधिवास, जलाधिवास और घृताधिवास होगा। 21 जनवरी को 125 कलशों से मूर्ति के दिव्य स्नान के बाद शय्याधिवास कराया जाएगा। 22 जनवरी को सुबह नित्य पूजन के बाद मध्याह्न काल में प्राण प्रतिष्ठा की महापूजा होगी। षोडशोपचार पूजन के बाद मूर्तियों पर अक्षत छोड़ा जाएगा और पहली महाआरती के बाद रामलला आम भक्तों को दर्शन देंगे। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से समारोह के लिए आमंत्रण भेजने का कार्य शुरू हो गया है। काशी विश्वनाथ मंदिर न्यास, काशी विद्वत परिषद समेत काशी के संतों को आमंत्रण भेजा गया है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए 15 जनवरी से काशी से रवानगी शुरू हो जाएगी। रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल होने के लिए काशी के वैदिक विद्वानों की टोली में चारों वेद के ज्ञानी रहेंगे।

# डा. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर विशेष

**नवीन मेल संवाददाता। मेदिनीनगर**

6 दिसंबर 1956 को भारत के पहले कानून मंत्री और भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार डॉ. भीमराव अंबेडकर का दिल्ली में निधन हो गया। अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रांत (आधुनिक मध्य प्रदेश) के महू में सूबेदार रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई सकपाल के घर हुआ था। परिवार का मूल निवास स्थान महाराष्ट्र में रत्नागिरी जिले का अंबाडावे शहर था। अम्बेडकर महार जाति से थे जो उस समय 'अछूत' मानी जाती थी। स्कूल में उन्हें भेदभाव का सामना करना पड़ा। उन्हें कक्षा के अंदर बैठने की अनुमति नहीं थी और उन्हें एक बोरे पर बैठना पड़ता था। जिसे कक्षा के बाद उन्हें घर ले जाना पड़ता था। वह अपनी प्यास तभी बुझा सकते थे। जब कोई अन्य व्यक्ति ऊंचाई से पानी डालता क्योंकि उन्हें पानी या बर्तन को छूने की अनुमति नहीं थी। 1897 में उनका परिवार मुंबई चला गया और उन्हें एलफिंस्टन हाई स्कूल में नामांकित किया गया। वे वहां एकमात्र दलित छात्र थे। 1907 में वह मैट्रिक पास करने और एलफिंस्टन कॉलेज में दाखिला लेने वाले पहले अछूत बने। वह एक प्रतिभाशाली छात्र थे और उन्होंने बॉम्बे विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में डिग्री हासिल की। उन्होंने बड़ौदा राज्य के लिए काम शुरू किया। बड़ौदा राज्य छात्रवृत्ति द्वारा वित्त पोषित, 22 वर्षीय अंबेडकर अमेरिका के न्यूयॉर्क शहर में कोलंबिया विश्वविद्यालय में आगे की पढ़ाई करने गए। उन्होंने अर्थशास्त्र में एमए की उपाधि प्राप्त की और दो थीसिस 'प्राचीन भारतीय वाणिज्य' और 'भारत का राष्ट्रीय लाभांश - एक ऐतिहासिक और विश्लेषणात्मक अध्ययन' प्रस्तुत किए। 1927 में, उन्होंने अपनी तीसरी थीसिस के लिए अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त की। उन्होंने अपना पेपर 'भारत में जातियाँ: उनकी व्यवस्था, उत्पत्ति और विकास' मई 1916 में न्यूयॉर्क में अलेक्जेंडर गोल्डनवाइजर द्वारा एक मानवशास्त्रीय सेमिनार में प्रस्तुत किया। इसके बाद वह लंदन चले गए जहां उन्होंने कानून और अर्थशास्त्र दोनों का अध्ययन किया। लेकिन उन्हें अपना पाठ्यक्रम पूरा किए बिना भारत लौटना पड़ा क्योंकि उनकी छात्रवृत्ति समाप्त हो गई थी। बाद में वह अपनी थीसिस पूरी करने के लिए लंदन लौट आए, जिसका शीर्षक था 'रुपये की समस्या: इसकी उत्पत्ति और इसका समाधान'। उन्होंने अपनी डी.एससी. पूरी की। अर्थशास्त्र में और 1923 में बार में बुलाये गये। उन्होंने बड़ौदा राज्य के लिए काम किया क्योंकि उनकी शिक्षा राज्य द्वारा प्रायोजित की गई थी। थोड़े समय के कार्यकाल के बाद उन्होंने वह नौकरी छोड़ दी। इसके बाद उन्होंने एक अकाउंटेंट, एक ट्यूटर के रूप में काम किया और एक निवेश परामर्श व्यवसाय भी शुरू किया, लेकिन यह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

# कार से तस्करी कर ले जा रहे अफीम की खेप के साथ 3 तस्कर गिरफ्तार

### निशानदेही पर घर से भी अफीम हुआ बरामद

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

पुलिस की स्पेशल टीम ने सादर थाना क्षेत्र के ऊंटा मोड़ स्थित जगदीश दांगी के घर के समीप एक्सयूवी वाहन से अफीम की तस्करी की योजना बना रहे तीन तस्करों को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया। पुलिस टीम ने छापेमारी में वाहन से एक किलोग्राम अर्धगिला अफीम बरामद करने के साथ गिरफ्तार तस्कर जगदीश दांगी व रोहीत कुमार की निशानदेही पर ऊंटा निवासी निकु कुमार के घर में छापेमारी कर एक किलोग्राम अर्धगिला अफीम बरामद किया। इसके साथ ही तस्करों की निशानदेही पर सदर थाना क्षेत्र के दारियातू गांव निवासी कुलेश्वर दांगी के पास से अफीम बिक्री के 92 हजार नकद बरामद करने के साथ उसे भी गिरफ्तार किया गया। इससे पहले एसपी राकेश रंजन को मिली गुप्त सूचना के आधार पर प्रशिक्षु डीएसपी वसीम रजा के नेतृत्व में छापामारी टीम का गठन किया गया था। प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



# जमीन बेचने से मना करने पर भतीजा ने चाचा को उतारा मौत के घाट

**नवीन मेल संवाददाता। सिमरिया**

सिमरिया थाना क्षेत्र के खपिया पगार निवासी भोले शंकर साव की हत्या सोमवार देर शाम उसके सगा भतीजा प्रमोद कुमार ने धारदार हथियार से कर दी। घटना के दौरान बचाने आये मृतक की पत्नी भी घायल हो गई। वहीं घटना को अंजाम देने के बाद प्रमोद मोबाइल फोन बंद कर हत्या में प्रयुक्त हथियार और परिवार के साथ फरार हो गया है। सूचना मिलने के बाद सिमरिया थाना प्रभारी विवेक कुमार दल-बल के साथ पहुंचे। पुलिस आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापामारी कर रही है। मंगलवार को पुलिस शव को अंत्यपरीक्षण कराकर परिजनो को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार आरोपी के पिता का निधन असमय होने के बाद लालन-पालन कर भोले शंकर साव जीविकोपार्जन के लिए सिमरिया चौक पर फल दुकान लगवाया था, जबकि खुद भोले शंकर खाद-बीज भंडार का संचालन करता था। अपनी मेहनत से अर्जित एक भूमि को सभी भाइंयों के बीच बंटवारा कर दिया था। इस दौरान प्रमोद उस जमीन को बेचना चाहता था। भोले शंकर ने यह करने से मना कर दिया। इसको लेकर सोमवार शाम दोनों में विवाद हो गया और प्रमोद गुस्से में पहले हसुआ से और बाद में नारियल काटने वाले तेजधार वाले दाब से ताबड़तोड़ हमला कर भोले शंकर की हत्या कर दी। इस घटना में मृतक की पत्नी भी घायल हो गई, जिसका इलाज रेफरल अस्पताल में किया गया, जबकि अन्य परिवार सदस्य शादी समारोह में सिमरिया गये हुए थे।



# जाति विरोधी बाबा साहब के भारत में जाति जीत का बड़ा हथियार



सुनील बादल

***भारत*** को जातिमुक्त कर समाज की बुराइयों को दूर करने की वकालत करने वाले बाबा साहब के समर्थक और उनके नाम पर राजनीति करने वालों ने दलों ने जाति की राजनीति को ही बड़ा हथियार बनाए रखा है। भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और भारत के पहले कानून मंत्री भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर अनुच्छेद 370 के भी धुर विरोधी थे। उनका लक्ष्य था 'सामाजिक असमानता दूर करके दलितों के मानवाधिकार की प्रतिष्ठा करना। 14 अप्रैल 1891 को महू में सूबेदार रामजी शकपाल एवं भीमाबाई की चौदहवीं संतान के रूप में डॉ भीमराव आंबेडकर का जन्म हुआ। उनके व्यक्तित्व में स्मरण शक्ति की प्रखरता, बुद्धिमत्ता, ईमानदारी, सच्चाई, नियमितता, दृढ़ता, प्रचंड संग्रामी स्वभाव का अद्भुत मेल था। डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती को भारत में समानता दिवस और ज्ञान दिवस के रूप में मनाया जाता है।

बड़ौदा के महाराजा सयाजीराव गायकवाड़ ने भीमराव आंबेडकर को मेधावी छात्र के नाते छात्रवृत्ति देकर 1913 में विदेश में उच्च शिक्षा के लिए भेज दिया। अमेरिका में कोलंबिया विश्वविद्यालय में राजनीति विज्ञान, समाजशास्त्र, मानव विज्ञान, दर्शन और अर्थ नीति का गहन अध्ययन बाबा साहेब ने किया। वहां पर भारतीय समाज का अभिशाप और जन्मसूत्र से प्राप्त अस्पृश्यता की कालिख नहीं थी। इसलिए उन्होंने अमेरिका में एक नई दुनिया के दर्शन किए। सदियों की गुलामी से अपनी पहचान खो चुके भारत में 1920 के दशक में आंबेडकर विदेश में पढ़ाई पूरी कर भारत लौटे। गांधी और कांग्रेस आजादी के आंदोलन में चर्चा में थे। ग्रामीण भारत, जाति प्रथा और छुआ-छूत के मुद्दों पर आंबेडकर और गांधी की पहचान एक दूसरे के विरोधी की थी । गांधी कहते यदि जाति व्यवस्था से छुआ-छूत जैसे अभिशाप को बाहर कर दिया जाए तो पूरी व्यवस्था समाज के हित में काम कर सकती है। गांधी ने गांव को एक पूर्ण समाज के रूप में विकास और उन्नति के केन्द्र में रखा। गांधी के उलट आंबेडकर ने जाति व्यवस्था को पूरी तरह से नष्ट करने की बात करते। उनका मानना था समाज में जबतक जाति व्यवस्था रहेगी, छुआ-छूत जैसे अभिशाप नए-नए रूप में समाज में पनपते रहेंगे। गांधी ने पूर्ण विकास के लिए गांव को केंद्र बनाने की वकालत की तर्क था कि बड़ी जनसंख्या का पेट सिर्फ कल-कारखानों से नहीं भरा जा सकता है। जबकि आंबेडकर ने लोगों से गांव छोड़कर शहरों का रुख करने की अपील की। आंबेडकर के मुताबिक गांव को छोड़ना इसलिए जरूरी है क्योंकि आर्थिक उन्नति और बेहतर शिक्षा सिर्फ शहरों में मिल सकती है और बिना इसके दलित समाज को विकास के चक्र में लाना नामुमकिन है। गांधी सत्याग्रह में भरोसा करते थे। उन्होंने ऊंची जातियों को सत्याग्रह के लिए प्रेरित किया। उनका मानना था कि छुआ-छूत जैसे अभिशाप को खत्म करने का बीड़ा ऊंची जातियों के लोग उठा सकते हैं। इसके लिए उन्होंने कई आंदोलन छेड़े और व्रत रखे जिसके बाद कई मंदिरों को सभी के लिए खोल दिया गया। जबकि आंबेडकर का मानना था कि सत्याग्रह पूरी तरह से निराधार है । उनके मुताबिक सत्याग्रह के रास्ते ऊंची जाति के हिंदुओं का हृदय परिवर्तन नहीं किया जा सकता क्योंकि जाति प्रथा से उन्हें भौतिक लाभ होता है और इस लाभ का त्याग वह नहीं कर सकते। महात्मा गांधी राज्य में अधिक शक्तियों को निहित करने के विरोधी थे। उनका मानना था कि शक्तियों को समाज में निहित किया जाए और इसके लिए वह गांव को सत्ता का प्रमुख इकाई बनाने के पक्षधर थे। इसके उलट आंबेडकर समाज के बजाए राज्य को ज्यादा से ज्यादा ताकतवर बनाने की पैरवी करते थे।

यहां प्रासंगिक है कि शेख अब्दुल्ला को अनुच्छेद 370 पर लिखे पत्र में आंबेडकर ने कहा था कि आप चाहते हैं कि भारत जम्मू-कश्मीर की सीमा की रक्षा करे, यहां सड़कों का निर्माण करे, अनाज सप्लाई करे। साथ ही, कश्मीर को भारत के समान अधिकार मिले, लेकिन आप चाहते हैं कि कश्मीर में भारत को सीमित शक्तियां मिलें। ऐसा प्रस्ताव भारत के साथ विश्वासघात होगा, जिसे कानून मंत्री होने के ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

पुण्यतिथि



## गागर में सागर

### भाजपा की जीत मोदी सरकार की नीतियों का परिणाम : राजीव

**हरिहरगंज।** राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा की शानदार जीत पर कार्यकर्ताओं में हर्ष व जश्न का माहौल है। अपनी खुशी जाहिर करते हुए भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने इसे मोदी सरकार की नीतियों की जीत बताया। उन्होंने कहा कि इन तीन राज्यों के चुनाव परिणाम ने साबित कर दिया कि जनता को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर प्रगाढ़ भरोसा है। यह चुनाव परिणाम मोदी सरकार के लोक कल्याणकारी नीतियों एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व में पार्टी के नेताओं व कार्यकताओं की कड़ी मेहनत का नतीजा है। इस चुनाव परिणाम से स्पष्ट हो गया कि आगामी लोकसभा चुनाव में फिर से लगातार तीसरी बार देश में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने वाली है। भाजपा झारखंड में भी जनविरोधी हेमंत सरकार को उखाड़ कर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी।

### बेहतर समाज के निर्माण में स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण जरूरी: कुमार आदर्श

**मेदिनीनगर।** भारत स्काउट व गाइड पलामू की ओर से संत मरियम विद्यालय के प्रांगण में चार दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का प्रारंभ विद्यालय के प्राचार्य कुमार आदर्श द्वारा स्काउट-गाइड का झंडा फहराकर किया गया। इसमें जिला प्रशिक्षक अमित कुमार झा व सोनू कुमार पांडे द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अपने संबोधन में प्राचार्य कुमार आदर्श ने कहा कि स्काउट-गाइड का उद्देश्य है कि बच्चों में चरित्र का गठन हो। उनका स्वास्थ्य बेहतर हो। हस्तकला में प्रशिक्षण के साथ उपयोगी कौशल की जानकारी देकर उनके शिक्षा का सार्वत्रिक विकास करना है। ताकि एक बेहतर दुनिया का निर्माण करने में मदद मिल सके। शिविर का समापन सात दिसंबर को किया जायेगा।

### वैष्णवी क्लिनिक का आगाज

**हरिहरगंज।** नपं के सीता हाई स्कूल फील्ड के सामने स्थित वैष्णवी क्लिनिक का उद्घाटन युवा समाजसेवी जानू चौधरी ने फीता काटकर किया। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने क्लिनिक के प्रबंधक ललन कुमार को सेवा भाव से काम करने की सलाह दी। वहीं डा. एमएल शर्मा व डा.. केसी शर्मा ने बताया कि इस संस्थान में ईसीजी एवं ऑक्सीजन की सेवा 24 घंटे उपलब्ध रहेगी। इस अवसर पर समाजसेवी राजेश कुमार, दिनेश ठाकुर, एमआर सुधाकर पांडेय, कुमार शंभू, एएनएम रूबी वर्मा, चंदन ठाकुर, रमेश ठाकुर, रविशंकर, वकील, अभिमन्यु, संतोष सिंह आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में खरगाड़ा की टीम बनी विजेता



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हैदरनगर प्लस टू हाईस्कूल के मैदान में मंगलवार को मुख्यमंत्री फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच खरगाड़ा पंचायत बनाम मोकहर कला के बीच खेला गया। मैच का शुभारंभ हैदरनगर के प्रभारी बीडीओ शुभम बेला टोपनो व थाना प्रभारी आजाद अंसारी ने किया। इसमें दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया। पहले हाफ में कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी। दूसरे हाफ में खरगाड़ा टीम के सोनू कुमार राजवंशी ने एक गोल कर बढ़त दिलाई। इसके बाद दुसरा गोल मंगलेश कुमार ने किया। जबकि निर्धारित समय तक मोकहर कला की टीम एक भी गोल नहीं कर सकी। धीरेंद्र बैठा ने रेफरी की भूमिका निभाई। मौके पर खेल पदाधिकारी अमरेश कुमार, लिपिक सखीचंद, समाजसेवी नावाजीश खान, मुखिया जितेंद्र सिंह, कमल कुमार पासवान, नागेंद्र मेहता, पूर्व मुखिया जितेंद्र कुमार सहित काफी संख्या में खेलप्रेमी मौजूद थे।

### पेयजल विभाग द्वारा नुक्कड़ नाटक का आयोजन

**ऊंटारी रोड।** प्रखंड अंतर्गत गांव-गांव में जागरूकता के लिए पेयजल बिभाग की समन्वय संस्था कोडरमा द्वारा नल जल कनेक्शन,जल संचयन, स्वच्छता विषय पर लोक गीत, नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया। इस कार्यक्रम में कलाकार प्रकाश ठाकुर, अमन मिश्रा, प्रभात तिवारी, कुंदन चौधरी, अरूण पासवान ने शिरकत की। मलवरिया, जमडीहा, कूल्ही, डेवडर, बिंदुआ आदि गांवों में टीम द्वारा कार्यक्रम किया गया। संचालन कर रहे दयानिधि पाण्डेय ने लोगों को अगली पीढ़ी के लिए जल का सीमित उपयोग के लिये प्रेरित किया।

### बालक व बालिका वर्ग की टीमें 67वें नेशनल चैम्पियनशिप में करेंगी प्रतिभाग

# नेशनल मुक्केबाजी टीम का नेतृत्व करेंगे शिक्षक अनुपम तिवारी



**नवीन मेल संवाददाता**

**ऊंटारी।** राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय रतनाग पांडू के शारीरिक शिक्षक अनुपम तिवारी के नेतृत्व में झारखंड के अंडर 14, अंडर 17 व अंडर 19 बालक एवं बालिका वर्ग के स्कूली नेशनल मुक्केबाजी टीम को रांची के खेलगांव स्टेडियम में प्रशिक्षण दिया जाएगा। बालक एवं बालिका वर्ग की टीम क्रमशः अंकोला महाराष्ट्र एवं दिल्ली में आयोजित 67 वें स्कूल नेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करेगी। झारखंड में पहली बार स्कूल नेशनल टीम की रवानगी से पूर्व शिक्षा विभाग की तरफ से खिलाडियों को कैंप लगाकर प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गयी है। टीम का नेतृत्व कर रहे अनुपम मुक्केबाजी के राष्ट्रीय खिलाड़ी होने के साथ काशी हिंदू विश्वविद्यालय बॉक्सिंग टीम के पूर्व कैप्टन रहे हैं।

#### 12 दिसंबर से शुरू होगा प्रशिक्षण

बालक व बालिका वर्ग की टीम का प्रशिक्षण 12 दिसंबर से लेकर 22 दिसंबर तक रांची के खेलगांव स्टेडियम में होना तय किया गया है। प्रशिक्षण शिविर में शारीरिक शिक्षक शशिकांत सिंह, प्रवीण यादव,जगदीश यादव,बीबी मोहंती एवं लक्खा सिंह भी मौजूद रहेंगे। प्रशिक्षण के बाद टीम अंकोला व दिल्ली के लिए रवाना होगी।

### पत्नी सहित चार नामजद, युवक के ससुराल वाले जान से मारने की देते थे धमकी

# युवक के गले पर चाकू से हमला, प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जपला-पथरा मुख्य पथ के लंगरकोट गांव के समीप सोमवार की रात में सुनील कुमार रवि नामक युवक के गले पर चाकू से हमला किया गया। पीड़ित की मां की शिकायत पर मामला दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। पीड़ित युवक की मां प्रेमन देवी ने हुसैनाबाद थाना में दिये गये आवेदन में अवगत कराया है कि उनका पुत्र सुनील सोमवार की रात सात बजे अपनी बाइक से वापस घर लौट रहा था। इसी क्रम में एक बाइक पर सवार तीन लोगों ने उसे ओवरटेक कर रोक लिया तथा वे उसे बाइक से उतारकर खेत में ले गये। वहां जान मारने की नीयत से उसके गले पर चाकू से हमला कर फरार हो गये। उन्होंने बताया कि ससुराल वाले व बहु पूर्व में भी उनके पुत्र को जान से मारने की धमकी दे चूके हैं। उन्होंने बताया कि मेरी पुत्र की पत्नी खुशबू कुमारी, सास सरिता कुंवर, पुत्र का साढ़ू.प्रबल राम निवासी गांव तिवारीडीह थाना बड़ेम ज़िला औरंगाबाद बिहार व शिक्षक विनय राम द्वारा पूर्व में भी जान से मारने की धमकी दी गई थी। उन्होंने बताया कि शादी के दस दिन बाद ही उनकी बहु नीतीश कुमार ठाकुर नामक युवक के साथ फरार हो गई थी। इस मामले को लेकर गांव में पंचायती कराकर उसे वापस गांव लाया गया था। पंचायती के बाद भी अक्सर वह लड़का पथरा गांव में आता जाता है। उन्हीं लोगों ने मिलकर उनके पुत्र की चाकू से गला रेतकर जान से मारने का प्रयास किया है। इस मामले में इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी जगरन्नाथ धान ने बताया कि लिखित आवेदन के आधार पर चार नामजद व तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ केस पंजीकृत करते हुए हर बिंदुओं पर गहनता पूर्वक छानबीन शुरू कर दी गई है।



# पाल्हे कला पंचायत में सरकार आपके द्वार शिविर



**नवीन मेल संवाददाता**

**पाटन।** प्रखंड के पाल्हे कला गांव में आपकी योजना- आपकी सरकार-आपके द्वार फेज टू शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन पाटन प्रमुख शोभा देवी, सीओ दीपक कुमार मिश्रा, जिला परिषद सदस्य संग्राम सिंह, बीस सूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डेय व मुखिया लीलावती देवी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। पाटन प्रमुख ने कहां कि सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सरकार आपके द्वार पर आई है। जिससे आम पब्लिक को छोटे-मोटे काम के लिए ब्लॉक का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा। शिविर में गरीब वर्ग के लोगों को लाभ दिया जाएगा। शिविर मे सायकिल के लिये स्कूली बच्चों के बीच 4500 रुपए का चेक वितरण किया गया। मनरेगा मजदूरों को जॉब कार्ड उपलब्ध कराया गया। अबुआ आवास के लिए शिविर में 500 आवेदन प्राप्त किए गए। शिविर में 18 प्रकार के स्टाल लगाए गए थे। मौके पर बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, ीडीपीओ अनिता कुमारी, आवास कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, प्रखंड कोऑर्डिनेटर चित्रांगद कुमार, प्रखंड बड़ा बाबू मृत्युंजय सिंह, पंचायत सेवक हितनारायण सिंह मौजूद थे।

# आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम






**नवीन मेल संवाददाता**

मेदिनीनगर।आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का सीधा लाभ दिया जा रहा है। कार्यक्रम में पंड़वा प्रखंड क्षेत्र के लोहड़ा पंचायत के बासू गांव निवासी बालकेश महतो को सिंचाई कूप का लाभ मिला। सिंचाई कूप की स्वीकृति पत्र मिलने से वे काफी उत्साहित हैं। उन्होंने बताया कि वे मौसम के अनुरूप खेती करते हैं। सिंचाई का उचित प्रबंध नहीं होने के कारण समस्या आती है। कृषि कार्य अच्छे से नहीं हो पाते है। इच्छा अनुरूप उपज भी प्राप्त नहीं होता है। अब उम्मीद जगी है कि वे सिंचाई के माध्यम से खेतों में अच्छी पैदावार कर सकेंगे। इस बाबत पलामू उपायुक्त शशि रंजन ने शिविर में पहुंचकर आमजनों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने की अपील की है।

### एमटेक की पढ़ाई करेंगे सोम्येन्द्र

मेदिनीनगर। जिले के छतरपुर के नागेन्द्र प्रसाद सिन्हा के पुत्र सोम्येन्द्र कुमार सिन्हा सरकार की गुरुजी स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ लेकर एमटेक की पढ़ाई करना चाहते हैं। शिविर में सोम्येन्द्र ने इस योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन किया व उनके आवेदन को तत्काल स्वीकृति मिल गई है। सोम्येन्द्र ने 10वीं एवं 12वीं की शिक्षा छतरपुर से प्राप्त की है। इसके बाद वे बीटेक की पढ़ाई कर रहे हैं। इस दौरान उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उनके पिता साधारण व्यवसायी व मां गृहिणी हैं। उन्होंने बताया कि वे एमटेक की पढ़ाई करना चाहते हैं। योजना का लाभ मिलने से एमटेक की पढ़ाई के लिए वे अच्छे कॉलेज में दाखिला ले पाएंगे। अब उन्हें आर्थिक समस्याओं से जूझना नहीं पड़ेगा।

### तोलरा गांव में एक ही दिन दो लोगों की मौत से मातम

# सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर व झारखंड पुलिस के एसआई का निधन




नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** रेहला थाना क्षेत्र के तोलरा गांव में एक ही दिन दो लोगों की मौत से मातम का माहौल है। आर्मी के सेवानिवृत्त सूबेदार मेजर विरेंद्र तिवारी (65) व झारखंड पुलिस के एसआई नवल किशोर तिवारी (55) का निधन हो गया। दोनों का कोयल नदी तट पर मंगलवार को एक साथ दाह संस्कार किया गया। विरेन्द्र तिवारी अपने पीछे दो पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। जबकि नवल किशोर तिवारी तीन पुत्र सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं। बताया जाता है कि जमशेदपुर में पदस्थ नवल किशोर का सोमवार को ह्दयाघात से निधन हो गया। पुलिस लाइन में सलामी देने के बाद उनका शव मंगलवार को तोलरा लाया गया। स्व. नवल किशोर चतरा पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष भी रह चुके थे। एक ही दिन दो लोगों की मौत से गांव के साथ क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। अंतिम यात्रा में शामिल होकर भाजपा नेता डा. ईश्वर सागर चंद्रवंशी, रासबिहारी तिवारी, सच्चिदानंद तिवारी, मुरारी तिवारी, जनेश्वर तिवारी, अशोक तिवारी, बाले तिवारी, उपेन्द्र तिवारी,धीरन तिवारी, बालमुंकुंद तिवारी, दीपू तिवारी, रामनिवास तिवारी, रोहित तिवारी शामिल हुए।

### नवजात शिशुओं को मिलेगा लाभ

# एमआरएमसीएच के स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट में अब 12 की जगह होगी 60 बेड

नवीन मेल संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में संचालित स्पेशनल न्यूबोर्न केयर यूनिट (एसएनसीयू) में बेड़ों की संख्या में बढ़ोतरी की जाएगी। फिलहाल स्पेशनल न्यूबोर्न केयर यूनिट में 12 बेड लगे हुए हैं। परंतु अस्पताल के प्रति लोगों में भरोसा बढ़ा है। इस कारण प्रसव कराने वाली महिलाओं की संख्या में भी इजाफा होने लगा है। इस हिसाब से अब स्पेशल केयर यूनिट में लगे बेड कम पड़ने लगे हैं। उपायुक्त शशि रंजन ने अस्पताल के निरीक्षण में पाया है कि केयर यूनिट में बेड़ों की संख्या कम है। इसे देखते हुए उन्होंने बेडों की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। पलामू के सिविल सर्जन डा.अनिल कुमार ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन झारखंड के शिशु स्वास्थ्य कोषांग के राज्य नोडल पदाधिकारी को इस संदर्भ में पत्र भी लिखा है। उन्होंने पत्र में कहा है कि उपायुक्त द्वारा मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण किया गया है। जिसमें स्पेशल न्यूबोर्न केयर यूनिट 12 बेड होने के कारण नवजात शिशुओं को चिकित्सकीय सुविधा प्रदान करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में प्रतिदिन औसतन 17 से 20 प्रसव होते हैं। मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में संचालित स्पेशल केयर यूनिट के बेड बढ़ाने की आवश्यकता को देखते हुए उपायुक्त द्वारा डीएमएफटी मद से एडिशनल 60 बेड के साथ आवश्यक मशीन उपकरण प्रदान किया गया है। जिससे नवनिर्मत सौ शय्या वाले भवन में निमार्णाधीन आवश्यकतानुसार जिलातंर्गत सभी नवजात शिशुओं को चिकित्सीय सुविधा किया जा सके। इस कारण एडिशनल 60 बेड की स्वीकृति प्रदान किया जाए,ताकि नवजात शिशुओं को यूनिट का लाभ मिल सके। इसकी प्रतिलिपि जिला स्वास्थ्य समिति के अध्यक्ष सह उपायुक्त व एनएचएम के अभियान निदेशक को भी प्रेषित किया गया है।



### मिचौंग तूफान का पलामू में भी असर, छाये बादल

**मेदिनीनगर।** अरब सागर में आये चक्रवाती तूफान मिचौंग का असर पलामू में भी देखने को मिल रहा है। सोमवार रात से ही जहां प्रमंडल में बादल छा गये। वहीं कई इलाकों में बरसात भी हुई है। इसका असर तापमान पर भी पड़ा है। मेदिनीनगर में मंगलवार को तो ठंड का असर कम रहा। किंतु गढ़वा आदि जिलों में बरसात के कारण तापमान में गिरावट दर्ज होने से कंपकंपी बढ़ी है। बरसात के बाद क्षेत्र में ठंड का प्रकोप बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। बहरहाल दिसम्बर महीने का प्रथम सप्ताह बीतने के बाद भी पलामू में अभी तक अपेक्षित ठंड शुरु नही हुई है। मौसम का अप्रत्याशित मिजाज देख मौसम के जानकार भी हैरत में है। ठंड नहीं पड़ने से गर्म कपड़ों का बाजार भी ठंडा पड़ा हुआ है। मौसम में उतार चढ़ाव नागरिकों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल असर डाल रहा है।

### आदिवासी बाहुल्य इलाकों में डोर टू डोर कैम्पन से बढ़ा कद

# छग के नारायणपुर विस की जीत में प्रभारी अलखनाथ की भूमिका अहम



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग अंतर्गत नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र में जीत के बाद से भाजपा के प्रादेशिक नेता सह पूर्व विस प्रत्यासी अलखनाथ पांडेय का कद पार्टी में बढ़ा है। यहां बताते चलें कि भाजपा ने अलखनाथ पांडेय को चुनाव के दौरान नारायणपुर विधानसभा क्षेत्र का प्रभारी नियुक्त कर पार्टी प्रत्याशी को जिताने का जिम्मा सौंपा था। जिसके बाद श्री पांडेय ने वहां के गांवों में डोर टू डोर कैम्पन चलाया। खासकर आदिवासी बाहुल्य गांवों में तो उन्होंने कई छोटी - छोटी सभा कर लोगों को पार्टी की नीति सिद्धांतों से अवगत कराया। प्रधानमंत्री मोदी के संदेशों को बताया। पार्टी के संकल्प पत्र को विस क्षेत्र के जन -जन तक पहुंचाया। जिसके बाद पार्टी प्रत्याशी की जीत तय हुई। वहां भाजपा के केदार कश्यप ने कांग्रेस प्रत्यासी दिनेश कश्यप को 18,990 मतों से पराजित किया। नवनिर्वाचित विधायक केदार कश्यप ने अलखनाथ पांडेय के प्रति आभार व्यक्त करते हुए नागरिक अभिनंदन के लिए उन्हें नारायणपुर आने का निमंत्रण भी दिया है। अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी पर लोगों ने विश्वास जताया है।

## बैठक

### जिला कार्यसमिति की बैठक में बनी रणनीति

# मंडलों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाये भाजयुमो: मनोज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता युवा मोर्चा पलामू जिला कार्यसमिति की बैठक जिला कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ज्योति पांडेय ने की। बैठक की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। बैठक में विषय प्रवेश करते हुए जिला अध्यक्ष श्री पांडे ने बताया कि विगत दिनों हुई युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश की प्रदेश कार्यसमिति बैठक में मोर्चा को आगामी दिनों में कई कार्यक्रम करने हैं। हम सब मोर्चा कार्यकर्ता अपने-अपने मंडल को सशक्त कर प्रत्येक कार्यक्रम को बूथ स्तर पर करेंगे। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रशिक्षण प्रमुख मनोज सिंह ने कहा कि युवा मोर्चा अपने सभी मंडलों को सशक्त करते हुए अपनी टीम में महिलाओं की भागीदारी ज्यादा से ज्यादा सुनिश्चित करे। सभी कार्यकर्ता आम जनों के बीच जाकर केंद्र सरकार की योजनाओं को बताने का कार्य करें। भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने कहा कि हमारा लक्ष्य मंडल के साथ-साथ बूथों को भी सशक्त करने का होना चाहिए। आज के युवा सोशल मीडिया के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानकारी प्राप्त करें। उन्हें यह बतलाने का कार्य हमारा है। युवा मोर्चा झारखंड प्रदेश के प्रभारी एवं भाजपा पलामू के प्रभारी विनय जायसवाल ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि मोर्चा कार्यकर्ता ही पार्टी के ब्रांड एंबेसडर हैं। जिला प्रभारी रामाशीष तिवारी ने आगामी कार्य योजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आगामी 12 से 18 दिसंबर तक मंडल कार्य समिति की बैठक संपन्न कर लेनी है। मोर्चा द्वारा सोशल मीडिया कार्यशाला ,युवा लाभार्थी सम्मेलन जैसे कार्यक्रम करने हैं। बैठक का संचालन महामंत्री विपुल गुप्ता एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष राजीव रंजन ने किया। बैठक में श्वेतांक गर्ग,विकास तिवारी,रंजीत गिरी,प्रशांत तिवारी, रंजीत पासवान, सौरभ पांडे, सतीश कुमार,जनक शर्मा,चंदन सोनी,शुभम क्रांतिकारी, जितेंद्र चंद्रवंशी, उज्जवल पांडे,सतीश,दीपक,श्रीकांत, कन्हाई सिंह, अतुल, रोहन, विवेक, अजीत प्रजापति, अनिल प्रजापति उपस्थित रहे।

**पाठक ने कहा कि हमारा लक्ष्य मंडल के साथ-साथ बूथों को भी सशक्त करने का होना चाहिए : अध्यक्ष विजयानंद**



## गागर में सागर

### रेलवे फाटक के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**मेदिनीनगर।** जिले के उंटारी रोड-सतबहिनी रेलवे स्टेशन के बीच भदुमा रेलवे फाटक के पास मंगलवार की सुबह अज्ञात व्यक्ति मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। शीघ्र ही यह खबर जंगल के आग की तरह क्षेत्र में फैल गयी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेजवाया। समाचार लिखे जाने तक शव की शिनाख्त नहीं हो पायी थी। संभावना जताई जा रही है कि किसी ट्रेन के धक्के से युवक की मौत हुई है।

### टेंडर पर टेंडर फिर भी नहीं निकला नल से जलः अरुणा शंकर

**मेदिनीनगर।** प्रमंडल के एकमात्र नगर निगम मेदिनीनगर की प्रथम महापौर अरूणा शंकर ने मंगलवार को वार्ता के दौरान लेट लतीफी की शिकार शहरी जलापूर्ति योजना को लेकर प्रदेश सरकार की मंशा पर सवालिया निशान लगाया है। उन्होंने कहा कि प्रमंडल मुख्यालय में मुख्यमंत्री के साथ कई मंत्री महीने में दो-दो बार आकर शहर एवं गांव के विकास के लिए कैंप लगा रहे हैं। लेकिन आश्चर्य की बात है कि शहर की बुनियादी समस्या की तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। वह भी तब जब पेयजल मंत्री हमारे प्रमंडल से हैं। उन्होंने कहा कि नगरवासियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए उन्होंने अपने कार्यकाल में निगम कार्यकाल में शहरी जलापूर्ति योजना तैयार कराकर तत्कालिन रघुवर सरकार से अनुमोदन कराया। सांसद वीडी राम के सहयोग से एशियन डेवलपमेंट बैंक से योजना का 80 प्रतिशत फंड झारखंड सरकार को दिलवाया जा चुका है। इसके बाद भी वर्तमान सरकार के 4 साल के कार्यकाल में टेंडर पर टेंडर पर टेंडर हो रहा है। इसके बाद भी अभी तक नल से जल की एक बूंद भी नहीं निकली है। उन्होंने कहा कि जिले में अनियोजित भू-जल दोहन के कारण भू-गर्भ जल स्रोत निरंतर खिसकते जा रहा है। इससे किसान गैर प्रांतों पर बटाई पर जमीन लेकर खेती करने को विवश हैं। इसका प्रमुख कारण प्रमंडल में एक भी वृहद जलापूर्ति योजना का ना होना है। नगर निगम से पारित शहर के बाहर कोयल नदी को बांधने का भी प्रस्ताव पर भी कोई पहल नहीं की गई है। उन्होंने प्रदेश के पेयजल व स्वच्छता मंत्री का ध्यान आकृष्ट कराते हुए तत्काल वर्षों से लंबित मेदिनीनगर शहरी जलापूर्ति योजना को प्रारंभ कराये जाने की मांग की है।

### हेमावती देवी के पक्का आवास का सपना होगा साकार

**मेदिनीनगर।** अब हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत कबरा कला गांव निवासी हेमावती देवी को पक्का आवास निर्माण का सपना साकार होगा। अबुआ आवास योजना के तहत हेमावती को रसोई घर के साथ तीन कमरों के पक्के मकान का निर्माण हो सकेगा। आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद प्रखंड क्षेत्र में लगाए गए शिविर में हेमावती ने अबुआ आवास के लिए आवेदन दिया था। आवेदन की पावती उन्हें मिल गई है। प्रक्रियाओं के बाद आवास की स्वीकृति मिल जाएगी। हेमावती का कहना है कि आवास संबंधी योजना को लाकर राज्य सरकार गरीबों को पक्का घर देने का कार्य कर रही है। इसका लाभ पाकर वह अच्छे आवास का निर्माण करेगी। इस योजना के तहत योग्य लाभुक आवास का निर्माण न्यूनतम 31 वर्ग मीटर में कर सकेंगे । प्रति यूनिट आवास की सहायता राशि 2 लाख रुपए दी जाएगी।

### भक्तों के जयकारों से मेदिनीनगर में छाई भक्ति की खुमार

# कलश यात्रा के साथ श्री राणी सती दादी प्राण-प्रतिष्ठा महायज्ञ शुरू





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** स्थानीय रेड़मा चौक स्थित नवनिर्मित श्री राणी सती दादी मंदिर में आयोजित पांच दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का शुभारंभ मंगलवार सुबह भव्य कलश शोभायात्रा के साथ किया गया। इस दौरान भक्तों द्वारा लगाये गये जयकारे से मेदिनीनगर में भक्ति की खुमार छा गई। सुबह आठ बजे पारंपरिक परिधानों में 108 महिलाओं ने कोयल नदी से कलश में जल भरकर श्री राणी सती मंदिर के लिए प्रस्थान किया। वाद्य यंत्रों पर बज रहे देवी भक्ति गीत व भक्तों के जयकारे के बीच गाजे-बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गयी। रानी सती सेवा समिति के अध्यक्ष सुरेश भिवानिया ने बताया कि मंदिर परिसर में स्थापित भव्य यज्ञशाला में पांच दिनों तक श्री राणी सती दादी, गणेश भगवान, बालाजी महाराज व मां शीतला की पुर्न प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम चलेगा। मुख्य यजमान अनूप तुलस्यान व उनकी धर्मपत्नी शिखा तुलस्यान के नेतृत्व में प्रभात तुलस्यान, सुनील तुलस्यान, प्रदीप सांवरिया एवं रोहित तुलस्यान ने सपत्निक यज्ञ मंडप की पूजा में सहभागिता की। मंगलवार को देव पूजन, जलाधिवास व अनादिवस का कार्यक्रम संपन्न किया गया। बुधवार को पुष्पा दिवस, धृत दिवस व मंगल पाठ में समाज की सभी महिलाएं सहभाग करेंगी। इस दौरान भक्तों को पटना से आयीं पूनम मोर का सानिध्य प्राप्त होगा। महायज्ञ के निमित्त मंदिर परिसर की सजावट बरबस ही सभी का मन मोह रही है। आयोजन में समिति के सचिव आलोक सांवरिया, कोषाध्यक्ष गोपाल छापड़िया, श्याम पोद्दार, भरत सांवरिया, मनोज तुलस्यान, रोहित तुलस्यान, बद्री सिंघानिया, मनोज भिवानिया, मनीष भिवानिया, संदीप केजरीवाल, दीपक नेमाला, अंशुल उदयपुरी, सज्जन शंघई, यश सर्राफ, हिमांशु सर्राफ, नीरज कामदार, विशाल सांवरिया, विवेक सांवरिया, पप्पू लाठ, गिरधारी गर्ग, सुशील तुलस्यान, राहुल उदयपुरी, विकास सिंघानिया, अंकित, ललित, विकास उदयपुरी, केशव लोट, शिवम खेतान आदि तन्मयता पूर्वक जुटे हैं।

### मारवाड़ी समाज की कुलदेवी हैं श्री राणी सती दादी मां



समिति के उपाध्यक्ष संजय केजरीवाल ने बताया कि मारवाड़ी समाज के लोग श्री राणी सती दादी मां का कुलदेवी के रूप में पूजन करते हैं। इनका राजस्थान के झुंझनु में विशाल मंदिर स्थापित हैं। रेड़मा चौक के साथ 1953 में मंदिर का निर्माण किया गया था। जिसका पुर्ननिर्माण कर भव्य स्वरूप प्रदान किया गया है।

### डीडीसी ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# डायन कुप्रथा के खिलाफ लोगों को जागरूक करेगा प्रचार रथ

**डायन कुप्रथा मिटाने को जन जागरूकता जरूरी : उप विकास आयुक्त**

**नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कलाकारों की टीम लोगों को करेगी जागरूक : नीता चौहान**




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए मंगलवार को समाहरणालय परिसर से प्रचार रथ रवाना किया गया। उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रचार रथ के माध्यम से डायन कुप्रथा उन्मूलन के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। यह प्रचार रथ जिले के सभी प्रखंडों के प्रमुख चौक-चौराहों एवं हाट-बाजारों में ऑडियो के माध्यम से लोगों को जागरूक करने का काम करेगा। इस बाबत डीडीसी रवि आनंद ने कहा कि जिले में डायन अधिनियम 2001 के तहत डायन कुप्रथा को जड़ से समाप्त करने के उद्देश्य से जागरुकता रथ को रवाना किया गया है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में डायन कुप्रथा के प्रति लोगों को जागरूक किया जायेगा। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान ने बताया कि डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम के तहत साल 2023 में अभी तक पूरे जिले में कुल 47 मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि इस कुप्रथा के विरुद्ध लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से तांत्रिक के झाड़ फूंक एवं अंधविश्वास को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। डायन प्रथा प्रतिषेध अधिनियम 2001 के तहत किसी महिला को डायन के रूप में पहचान करने वाले तथा उस पहचान के प्रति अपने किसी भी कार्य, शब्द या रीति से कार्रवाई करने वाले को अधिकतम तीन महीने तक कारावास या एक हजार रुपये जुमार्ना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है। किसी महिला को डायन के रूप में पहचान कर उसे जानबूझकर शारीरिक या मानसिक यातना या प्रताड़ित करने पर छह माह की सजा या दो हजार रुपये जुमार्ना अथवा दोनों सजा का प्रावधान है।

# विभिन्न पंचायतों व नगर निकायों में लगेगी आपकी सरकार शिविर आज

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 6 दिसंबर को जिले के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में शिविर का आयोजन किया जाएगा। हैदरनगर प्रखंड के बभण्डी पंचायत में, हुसैनाबाद प्रखंड के लोटनीय पंचायत में, पिपरा प्रखंड के बभंडी मुख्यालय में, हरिहरगंज प्रखंड के सलैया मुख्यालय में, नौडीहा बाजार प्रखंड के तरीडीह पंचायत में, नावाबाजार प्रखंड के कंडा मुख्यालय में, पड़वा प्रखंड के गाड़ीखास मुख्यालय में, चैनपुर प्रखण्ड के बराव पंचायत में, रामगढ़ प्रखंड के हुटार मुख्यालय में, पाटन प्रखंड के नौडीहा पंचायत में, मनातू प्रखंड के बंसीखुर्द मुख्यालय में, तरहसी प्रखंड के गुरहा पंचायत में, नीलांबर-पीतांबरपुर प्रखंड के लेस्लीगंज पंचायत में, पांकी प्रखण्ड के रतनपुर पंचायत में शिविर का आयोजन किया जाएगा। वहीं इस दिन छतरपुर नगर पंचायत के वार्ड संख्या 7 एवं 8 के लिए बिरसा मुंडा, दुर्गा पूजा स्थल मसीहानी में एवं हुसैनाबाद नगर पंचायत के वार्ड संख्या 13 एवं 14 के लिए वार्ड नंबर 14 में तथा हरिहरगंज नगर पंचायत के वार्ड संख्या 11,15 एवं 16 के लिए बिशनपुर स्कूल के पास शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी डीपीआरओ के माध्यम से दी गई है।

### आवंटन के बावजूद नहीं मिले चना- गेहूं के बीज

**हैदरनगर।** जिला कृषि पदाधिकारी के दिशा निर्देश के तहत अब तक हैदरनगर प्रखंड के 12 पंचायतों के किसानों के बीच गेहूं के बीज वितरण कार्य शुरू नहीं किया जा सका है। वहीं इस प्रखंड के लिये कुल 66 क्विंटल चना बीज का आवंटन संबधित पत्र मात्र निर्गत किये जाने की जानकारी प्राप्त हुई है। किन्तु अब तक इसके बीज उपलब्ध नहीं कराया जा सका है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी ज्योति रंजन ने बताया कि अब तक आवंटन होने के बाद भी बावजूद इस प्रखंड को चना का बीज नहीं मिला है। जबकि 100 के बजाय मात्र 50 क्विंटल ही गेहूं के बीज प्राप्त हो सका है।

### लेस्लीगंज व पाटन थाना क्षेत्र की घटना

# आग से झुलसकर महिला सहित दो की स्थिति गंभीर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में अलग-अलग घटनाओं में आग की चपेट में आने से दो व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गये। पहली घटना में लेस्लीगंज थाना क्षेत्र के ओरिया गांव निवासी निर्भय पासवान उम्र 35 वर्ष आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार निर्भय सोमवार की शाम अपने घर में खाना बना रहा था। इसी बीच वह आग की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों द्वारा उसे इलाज के लिए लेस्लीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल रेफर कर दिया। वही दुसरी ओर पाटन थाना क्षेत्र के निमिया गांव निवासी अजय राम की पत्नी सुनीता देवी उम्र 23 वर्ष आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गईं। जानकारी के अनुसार सुनीता मंगलवार की सुबह अपने घर में आग ताप रही थी। तभी अचानक आग की लपटें उनके कपड़े को अपनी आगोश में ले लिया। गंभीर स्थिति में परिजनों द्वारा उन्हें इलाज के लिए मेदनीनगर सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिकाधिक मामलों के निस्तारण का लक्ष्य :पीडीजे

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन व्यवहार न्यायालय परिसर में 9 दिसंबर को सुबह10.30 बजे से किया जाएगा। जिसका उदघाटन लाभुक के द्वारा किया जाएगा। उक्त आशय की जानकारी पलामू के प्रधान जिला और सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने प्रेस वार्ता के दौरान दी है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए 13 पीठों का गठन किया गया है । इसमें सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक मामले निस्तारण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि पिछली बार की तुलना में इस बार डिस्पोजल का दर ज्यादा होगा। उन्होंने बताया कि पिछले राष्ट्रीय लोक अदालत में 14 हजार 231 मामले का निस्तारण किया गया था। यह आंकड़ा इस बार 15 हजार के पार होगा। लोक अदालत की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस मौके पर जिला व अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश द्वितीय विनोद कुमार सिंह, पंचम अभिमन्यु कुमार, षष्ठम अमरेश कुमार, एसीजेएम आनंदा सिंह, जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव, परमानंद उपाध्याय, एसडीजेएम अमित गुप्ता, रेलवे मजिस्ट्रेट मनोज कुमार ,मिस रूबी, अमित बंसल उपस्थित थे।

### हमारा संकल्प विकसित भारत के तहत इटको पंचायत सचिवालय में शिविर

# आलू के फसल पर ड्रोन से दवा छिड़काव का डेमो



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत इटको पंचायत सचिवालय प्रांगण में मुखिया जोहरा बीवी की अध्यक्षता में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका संचालन जेएसएलपीएल बीपीएम वैभव कांत आदर्श ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नावा बाजार के बीडीओ चंद्रदेव प्रसाद, मुखिया जोहरा बीवी, सांसद प्रतिनिधि पंकज तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव, जगदीश सिंह, सफीर आलम आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रहीं विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के सभी वर्गों को समान रूप से दिया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री के संदेश मुखिया के नाम जोहरा बीवी को देकर सम्मानित कर पंचायतवासियों को संकल्प दिलाया। इस दौरान सहकारिता विभाग से कमल किशोर तिवारी द्वारा ड्रोन से आलू फसल के खेत में नैनो खाद का छिड़काव का डेमो किया गया। मौके पर एमओ प्रभु राम, कनीय अभियंता राजू पासवान, एई प्रमोद यादव, रोजगार सेवक अमित कुमार सिन्हा, जगदीश सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी नीरज कुमार, आशीष कुमार, सत्यनारायण सोनी, सुभाष कुमार, लीलावती देवी उपस्थित रहीं।

### कर्मियों ने जताया आभार

# महासचिव ने अधिवक्ता संघ कर्मियों को किया सम्मानित



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला बार एसोसिएशन के निवर्तमान महासचिव सुबोध कुमार सिन्हा ने मंगलवार को अधिवक्ता संघ भवन के मीटिंग हॉल में आयोजित समारोह में अधिवक्ता संघ में कार्यरत कर्मियों को सम्मानित किया। इस दौरान कर्मियों ने महासचिव के साथ बिताये पल को याद करते हुए उनके प्रति आभार जताया। समारोह के दौरान श्री सिन्हा ने संघ में कार्यरत लिपिक, अनुसेवक, रात्रि प्रहरी, गार्ड व सफाई कर्मियों को माला पहनाकर व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अधिवक्ता संघ में 1992 से वे किसी न किसी पद पर रहे हैं। वर्ष 2001 में पहली बार सचिव के रूप में उन्होंने चुनाव जीता। तब से लगातार महासचिव पद का दायित्व संभालते हुए संघ कर्मियों के संपर्क में रहे हैं। लंबे कार्यकाल के दौरान कर्मियों का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ है। युवा अधिवक्ताओं को मौका मिले इसलिए इस बार उन्होंने स्वेच्छा से चुनाव नहीं लड़ने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा वे चुनाव नहीं लड़ रहे हैं, परंतु वे संघ के विकास के प्रति हमेशा अग्रसर रहे हैं व रहेंगे। समारोह को संबोधित करते हुए अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष नंदलाल सिंह, अधिवक्ता शौकत अली खान, ज्ञान रंजन, राजेश दुबे आदि ने कहा कि सुबोध कुमार सिन्हा हरपल अधिवक्ताओं के सहयोग के लिए तत्पर रहे हैं। इस मौके पर अनुज त्रिपाठी, धनंजय प्रसाद सिंह ,सत्येंद्र सिंह, दिनेश चंद पांडे आदि उपस्थित थे।

**लापरवाही**

### शासन को राजस्व का हो रहा नुकसान

# बिना परमिट व लाइसेंस के सड़कों पर धड़ल्ले से फर्राटा भर रहे ऑटो



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर में ऑटो चालकों की मनमानी के कारण आये दिन जगह-जगह सड़कें जाम हो रही हैं। जिससे यात्रियों के साथ-साथ आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। इससे शासन को भी राजस्व का भारी नुकसान हो रहा है। पलामू में परमिट वाले ऑटो से ज्यादा बगैर परमिट वाले ऑटो चलते हैं। जबकि झारखंड हाईकोर्ट का सख्त आदेश है कि शहर हो या गांव परमिट वाले ऑटो को ही चलने दिया जाए। इसके बावजूद मेदिनीनगर शहर में धड़ल्ले से बगैर परमिट वाले ऑटो दौड़ रहे हैं। पुलिस-प्रशासन ने भी इसे लेकर अपनी आंखे बंद कर रखी है। उनके द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। बताया जाता है कि शहर में अधिकांश ऑटो का परमिट और ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण बिना लाइसेंस व परमिट के ऑटो सड़क पर सरपट घूम रहे हैं। जिस कारण शहर में ऑटो की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इससे शहर में हर जगह जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है।

**स्टैंड से परे जहां-तहां खड़े रहते हैं आटो**

ऑटो चालकों का कहना है कि उनके लिए स्टैंड तो बना है, लेकिन वहां लोकल पैसेंजर नहीं रहते हैं। ऐसे में उन्हें यात्री बैठाने के लिए मजबूरन जहां-तहां ऑटो रोकना पड़ता है। बताते चलें कि शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में ऑटोरिक्शा चालकों की मनमानी भीषण बाधा बन गयी है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा इन ऑटो चालकों पर सही तरीके से कार्रवाई नहीं की जा रही है। अपनी मर्जी के मुताबिक ऑटो चालक कहीं भी पैसेंजर को बैठाने के लिए ऑटो रोक देते हैं। ऐसा लगता है कि इन मामलों में ट्रैफिक पुलिस व प्रशासन ने अपनी आंखे बंद कर रखी है। छह मुहान चौक पर तैनात एक पुलिस कर्मी ने बताया कि ऑटो चालकों की मनमानी पर अंकुश के लिए प्रभावी कानून नहीं होने से प्रशासन चाहकर भी कुछ नहीं कर पाते हैं। ऑटो चालकों के लिए रूट पास व परमिट निर्धारित किया गया है। फिर भी कुछ ऑटो चालक अवैध रूप से ऑटो चला रहे हैं।

**'बिना परमिट वाले ऑटो के लिए समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आटो चालकों की मनमानी के खिलाफ शीघ्र कड़ी कार्रवाई की जाएगी'**
**- ट्रैफिक प्रभारी रामजीत सिंह**

### गढ़वा में सामूहिक विवाह आज




**मेदिनीनगर।** कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी संस्था की कोषाध्यक्ष उषा कुमारी व सहायक सचिव हसीबुला अंसारी ने बताया कि गढ़वा स्थित दानरो नदी छठ घाट के समीप बुधवार को 101 गरीब कन्याओं के सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसमें झारखंड सरकार के पेयजल व स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। कार्यक्रम का संयोजन संस्था के डायरेक्टर विकास माली करेंगे। इस दौरान वर-वधु को पलंग, बक्शा, गोदरेज, सोफा, बर्तन,कपड़ा, मिठाई, फल समेत गृहस्थी के अन्य आवश्यक सामान दिये जायेंगे। इस अवसर पर बाहर से आयीं कलाकार अर्चना गोस्वामी द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जायेगा।

## गागर में सागर

### अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर शिवपूजन पेट्रोल पंप से आगे सोमवार की रात



अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार भवनाथपुर खरौंधी मोड़ निवासी राजकुमार गुप्ता (32), पिता रामाश्रय साह की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थाना के एसआई कुंदन यादव ने घायल को उठाकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा कर मंगलवार सुबह अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि राजकुमार गुप्ता बाइक से सोमवार की रात्रि करीब साढ़े 10 बजे अरसली दक्षिणी के बैगाडीह गांव स्थित अपने मामा के घर से खरौंधी मोड़ लौट रहा था। तभी मुख्य मार्ग स्थित शिवपूजन पेट्रोल पंप से आगे उसकी बाइक में अज्ञात वाहन धक्का मारकर फरार हो गया।

### परीक्षा नियंत्रक ने बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी शिव मंदिर में की पूजा




**श्री बंशीधर नगर।** नीलाम्बर पीताम्बर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ मृत्युंजय कुमार दीपक ने सोमवार को बाबा बंशीधर मंदिर व राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में पूजा की। उन्होंने कहा कि बाबा बंशीधर का दर्शन कर जीवन धन्य हो गया। ऐसी प्रतिमा पूरे विश्व में कहीं नहीं है। अपने आप में यह अद्वितीय है। मौके पर उपस्थित इंदिरा सिंह बीएड महाविद्यालय गढवा के प्रभारी प्राचार्य डॉ अजय पांडेय ने डॉ मृत्युंजय कुमार दीपक को बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट की। इसके बाद वे राजा पहाड़ी स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव की पूजा की। उन्होंने कहा कि यह पहाड़ी एक मनोरम स्थल है। उन्होंने कहा कि नगर वासियों के लिये यह वरदान है। मौके पर छात्र अभिषेक दुबे, नीरज पांडेय उपस्थित थे।

### पूर्व उपप्रमुख ने टीबी से ग्रस्त पीड़ित का जाना हाल, प्रदान की सहयोग राशि



**खरौंधी।** पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने कई महीनों से टीबी बीमारी से ग्रसित प्रखंड के चौरिया गांव निवासी मुनेश्वर सिंह घर पहुंच कर उनका हालचाल जाना एवं सहयोग के रूप में 1100 रुपये दिए। साथ ही उचित इलाज के लिए सदर अस्पताल गढ़वा जाने को कहा। पूर्व उपप्रमुख ने पीड़ित के बारे गढ़वा सिविल सर्जन को दूरभाष पर जानकारी दी एवं उचित इलाज का आग्रह किया। गोरखनाथ चौधरी ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की स्थिति काफी दयनीय हो गई है। किसी भी जनप्रतिनिधि को गरीब का इलाज कैसे हो इसकी चिंता नहीं है। खरौंधी, केतार, भवनाथपुर के लोग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर पर निर्भर हैं। उक्त अस्पताल में एक एक्स-रे मशीन के उद्घाटन को लेकर राजनीतिक खेल चल रहा है। लेकिन गरीबों के इलाज हो या ना हो इसकी किसी को चिंता नहीं है। उन्होंने उपायुक्त से जल्द एक्सरे मशीन चालू करवाने की मांग की है। मौके पर कूपा मुखिया प्रमोद राम, बेगन बैठा, अंतू पटेल,संतोष कुमार गुप्ता, प्रदुमन गुप्ता, मनोज कुमार चौधरी आदि मौजूद थे।

# विधायक ने दो पथ निर्माण कार्य का किया शिलान्यास

## हेमंत सरकार ने युवाओं के सपनों को बेचा : भानु प्रताप

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने मंगलवार को परती कुशवानी पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत तीन करोड़ रुपये की लागत से 4.7 किलोमीटर लंबी दो कालीकरण पथ निर्माण का शिलान्यास किया। एक करोड़ रुपये की लागत से बत्तों कला मुख्य पथ से नौंकाडीह गांव तक और दूसरी सड़क दो करोड़ रुपये की लागत से परती मुख्य पथ से पीपरा दामर तक कालीकरण पथ का निर्माण होगा। इस अवसर पर परती बाजार में जनसभा को संबोधित करते हुए शाही ने कहा कि उक्त दोनों सड़कों का निर्माण होने से इस पंचायत के ग्रामीणों को आवागमन करने में सहूलियत होगी। इस पंचायत के सभी गांवों की सड़कें भी टेंडर प्रक्रिया में हैं। उन्होंने कहा कि एक समय था कि इस क्षेत्र के लिए पक्की सड़क, बिजली और खेतों की सिंचाई एक सपना जैसा था, लेकिन आज क्षेत्र में 18-20 घंटे बिजली मिल रही है, जिससे किसान खेतों की सिंचाई कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अंतिम घर तक बिजली पहुंचना मेरा संकल्प था जो पूरा किया।

विधायक ने कहा कि विकास के मामले में उन्होंने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र की तस्वीर बदलने का काम किया है। हेमंत सोरेन सरकार पर निशाना साधते हुए विधायक ने कहा कि इस सरकार में भ्रष्टाचार इतना बढ़ गया है कि बिना पैसा लिए अधिकारी लोगों का जन्म और मृत्यु प्रमाणपत्र भी नहीं बन रहे हैं। हेमंत सोरेन ने यहां की जानता को ठगने और युवाओं के सपने को बेचने का काम किया है। पारा शिक्षकों और आंगनबाड़ी सेविकाओं को स्थाई करने का वादा कर अब तक पूरा नहीं किया। विधायक ने कहा कि तीन राज्यों में भाजपा पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बना रही है और आने वाले चुनाव में भाजपा झारखंड में भी पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। शाही ने पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव व झामुमो नेता ताहिर अंसारी पर भी जुबानी हमला बोला। मौके पर मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, सतेन्द्र ठाकुर, भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, राजा सिंह, मुखिया मुन्नी देवी, मुंगा साह, मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद, सतेन्द्र ठाकुर, संतोष सिंह, गौरी चंद्रवंशी, राम प्रसाद कमलापुरी, अरबिंद वर्मा, मणिलाल गुप्ता, नागेन्द्र प्रजापति, संतोष प्रजापति, मिडिया प्रभारी रविन्द्र सोनी सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



### शाही ने खरौंधी प्रखंड में दो सड़कों का किया शिलान्यास



**खरौंधी।** क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने मंगलवार को पिपरा से परती तक कालीकरण पथ तथा चंदनी बांग्ला मेनरोड से फुलवारी टोला होते हुए भारतीय नगर मेन रोड तक कालीचरण पथ का शिलान्यास किया। साथ ही चंदनी निवासी दयानंद यादव के घर के पास एक सभा को संबोधित किया। सभा में अन्य पार्टियों को छोड़कर दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की, जिन्हें विधायक ने माला तथा भगवा गमछा देकर समानित किया। मौके पर प्रमुख आभा रानी, चंदनी मुखिया रामगहन मेहता, पूर्व उपप्रमुख विवेकानंद यादव, सेवानिवृत शिक्षक राजकेश्वर प्रसाद यादव, इग्नासियुस बाड़ा, भगत दयानन्द यादव, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास, जितेंद्र प्रसाद यादव, विनोद चौधरी, सांसद प्रतिनिधि रामखेलावन पासवान, बुद्धनाथ गुप्ता, रामनाथ बैठा, क्लामुद्दीन अंसारी, बिक्की यादव, अवध मेहता, शंभूनाथ द्विवेदी, सुनील रोशन, उपेंद्र भारती सहित कई लोगों उपस्थित थे।

## दानरो नदी छठ घाट पर होगा सामूहिक विवाह कार्यक्रम

# आज होंगे 101 कन्याओं के हाथ पीले



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी की ओर से बुधवार को होने वाले 101 कन्याओं के सामूहिक विवाह की तैयारी पूरी कर ली गई है। कार्यक्रम दानरो नदी छठ घाट पर किया जाएगा। उक्त जानकारी कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के सचिव विकास माली ने प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 6 दिसंबर को गढ़वा में बिना दहेज के 101 जोड़ी वर एवं वधु की डोली सजेगी। गोविंद हाई स्कूल के मैदान से 12:00 बजे दिन में बारात निकलेगी, जो गढ़ देवी मंदिर में पूजा अर्चना के बाद विवाह स्थल पर पहुंचेगी।

इससे पहले ही आशीर्वाद मैरिज हॉल से वधु पक्ष के लोग कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। कार्यक्रम स्थल पर वर पूजा कार्यक्रम किया जाएगा। उसके बाद वर एवं वधु दोनों का जयमल कार्यक्रम किया जाएगा। उसके बाद विधिवत शादी कराई जाएगी। इसके साथ ही विवाह में वर वधु को सोसाइटी की ओर से कपड़ा सहित विदाई सामग्री के रूप में पलंग, ट्रंक, गोदरेज, तोसक, रजाई, बर्तन सेट, मच्छरदानी, गैस व चूल्हा, ड्रम सेट, आयरन, प्रेशर कुकर सहित अन्य सामग्री दी जाएगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के मंत्री मिथिलेश ठाकुर करेंगे। कार्यक्रम में भोजपुरी एवं सुर संग्राम के कई दिग्गज कलाकार अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन से उक्त कार्यक्रम में सहयोग करने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि गोविंद हाई स्कूल के मैदान से 101 ई रिक्शा से 12:00 बजे जब बारात निकलेगी उस समय यातायात भी व्यस्त रहेगा। ऐसे में सभी लोगों से अपील रहेगी कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी को बड़े कार्यक्रम में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन से भी अपील रहेगी कि शहर में किसी तरह की समस्या उत्पन्न हो।

### कार्यक्रम के लिए बनाया गया है भव्य पंडाल

सहायक सचिव हसीबुल्लाह अंसारी ने बताया कि सभी वर वधु को बैठने के लिए अलग-अलग विवाह मंडप बनाया गया है। कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए बड़ा पंडाल बनाया गया है। समारोह को सफल बनाने के लिए पलामू प्रमंडल व बिहार के विभिन्न जिलों से 500 लोग लगाए गए हैं। 101 कन्याओं के विवाह के लिए वर एवं वधु दोनों के लिए कागजी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है।

### 25000 लोग कार्यक्रम में होंगे शामिल

कन्या विवाह एंड विकास सोसाइटी के कोषाध्यक्ष उषा देवी ने बताया कि इस सामूहिक शादी समारोह में करीब 25000 लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। वर एवं कन्या दोनों पक्षों से आए हुए लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था है। कार्यक्रम में पार्किंग की व्यवस्था दानरो नदी टी ग्रुप में की गई है। समारोह में आने वाले लोगों से अपील है कि वे अपने-अपने वाहन को पार्किंग स्थल पर ही लगाए ताकि शहर में किसी तरह का यातायात बाधित न हो।

### साइकिल से भारत यात्रा पर निकले असम के युवक का स्वागत



**भवनाथपुर।** साइकिल से भारत यात्रा पर निकले असम के कछार जिला अंतर्गत सिलचर निवासी लिटन नामसुद्रा चार राज्यों की यात्रा करते हुए 28वें दिन मंगलवार को भवनाथपुर प्रखंड पहुंचे। लिटन का विधायक प्रतिनिधि सह पंचायत समिति सदस्य भवनाथपुर चंदन कुमार ठाकुर एवं समाजसेवी पंकज बिहारी ने ब्लॉक मोड़ एवं बाजार में लोगों के साथ स्वागत किया। साथ ही उन्हें जलपान कराया एवं उन्हें आर्थिक सहयोग किया। लिटन ने बताया का मेरी यात्रा का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण हेतु पेड़ व जल को बचाने हेतु लोगों को जागरूक करना है। लोगों ने उनकी सफल यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनका हौसला बढ़ाया। मौके पर रवि पाल, कृष्णा ठाकुर, मनोज कुमार, आनन्द कुमार, कार्मदेव राम आदि मौजूद थे।

# सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए 1033 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। भवनाथपुर**

अरसली उत्तरी पंचायत के झुमरी विद्यालय के मैदान में मंगलवार को आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत बीडीओ नंदजी राम, सीओ रामाशंकर श्रीवास्तव, जिला परिषद सदस्य रजनी शर्मा मुखिया इसरत जहां, बीडीसी अनिता देवी ने की।

कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, कृषि विभाग, शिक्षा विभाग, कल्याण विभाग, आपूर्ति विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, श्रम विभाग आदि के स्टॉल लगे थे। वहीं अधिकारियों ने जेएसएलपीएस समूह के चार आजीविका महिला सखी मंडल के बीच ऋण वितरण के तौर पर 10 लाख रुपये का चेक प्रदान किया। पांच लोगों को पेंशन स्वीकृति पत्र, पांच छात्राओं को साबित्री बाई फुले योजना का लाभ, पांच छात्राओं को साइकिल के लिए 4500 रुपये का चेक दिया गया। 40 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। शिविर में कुल 1033 आवेदन आए। अबुआ आवास के 640, आयुष्मान कार्ड के 31, मनरेगा के 51, पेंशन के 107, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के 26, राशन कार्ड के 23 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर बीपीओ तहमीद अंसारी, जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक नीरज कुमार, जेई श्याम कुमार चौधरी, प्रेमचंद गुप्ता, सुनील तिवारी, पंचायत सचिव भुनेश्वर सिंह, अजीत कुमार सिंह, रोजगार विष्णुकांत उरांव, दयानंद प्रजापति, धर्मराज सिंह, शशि कुमार, अशोक कुमार, रवि कुमार, तासबीन अंसारी, पिंटू आलम आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।




### धुरकी प्रखंड में आयोजित सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में आए 400 आवेदन



**धुरकी।** प्रखंड की सदर पंचायत में मंगलवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत बीडीओ जुलफिकार अंसारी व जेएमएम नेता ताहिर अंसारी ने संयुक्त रूप से की। इस मौके पर विभिन्न विभागों में 400 आवेदन ग्रामीणों ने दिए। सबसे अधिक अबुआ आवास के लिए 200 आवेदन प्राप्त हुए। बीडीओ ने बुजुर्गों को कंबल का वितरण किया। वही आम लोगों से अपील की कि अधिक से अधिक विभिन्न विभागों में आवेदन देकर कार्यक्रम का उठाएं। मौके पर बीपीओ राजिव कुमार, पंचायत सचिव छवि सिंह आदि उपस्थित थे।

### बलिगढ़ में सरकार आपके द्वार शिविर कल

**केतार।** प्रखंड क्षेत्र के बलिगढ़. पंचायत सचिवालय के प्रांगण में गुरुवार को सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसकी जानकारी मुखिया ललिता कुमारी ने दी। उन्होंने बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर पंचायत क्षेत्र के गांवों में वाहन से प्रचार- प्रसार किया जा रहा है। मुखिया ने बताया कि उक्त शिविर में राशन, पेंशन, अबुआ आवास, पशुपालन, सावित्री बाई फुले किशोरी योजना, मनरेगा, पंद्रहवें वित्त, श्रम विभाग, कृषि विभाग, भूमि संबंधित, गुरुजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड सहित अन्य योजनाओं का लाभ देने के लिए ग्रामीणों से आवेदन लिया जायेगा। वहीं ऑन द स्पॉट योजनाओं का लाभ भी लोगों को दिया जाएगा।

## पहल | विलायती खैर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# अबुआ आवास के लिए आए सर्वाधिक 510 आवेदन

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

प्रखंड के बिलैतीखैर पंचायत में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत बीडीओ कालिदास मुंडा व पंचायत के कई प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से की।

इस मौके पर विभिन्न विभागों के स्टालों पर 1160 आवेदन आए। सबसे अधिक अबुआ आवास के लिए 510, केसीसी ऋण के लिए 19, मुख्यमंत्री पशुधन योजना के लिए 43, राशन कार्ड संबंधित 46, आयुष्मान कार्ड के लिए 40, 15वें वित आयोग के लिए 8, जाति निवास के लिए 6, राजस्व एवं अन्य के लिए 25, मनरेगा से संबंधित 220, पेंशन योजना के लिए 35, सावित्रीबाई फुले योजना के लिए 28, शिक्षा विभाग से संबंधित 1, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित 101, जेएसएलपीएस में 10, मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर विकास बोर्ड के लिए 7, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के लिए 46, कल्याण विभाग के लिए पांच आवेदन प्राप्त हुए। वहीं 10 लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी कालिदास मुंडा ने आम लोगों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक विभिन्न विभागों में आवेदन दें तथा उसका लाभ उठाएं। सरकार का यह कार्यक्रम आम ग्रामीणों के लिए है। इसमें आप आवेदन देकर सरकारी सुविधा या लाभ प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम में सबसे अधिक अबुवा आवास के लिए भीड़ देखी गई। मौके पर बीपीओ अनुज कुमार, ए ई सुकेश कुमार, पंचायत सेवक नवल किशोर यादव, रामनाथ सिंह, ऑपरेटर अमित कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर असजद अंसारी, प्रमुख सुनैना देवी, उप प्रमुख मोहम्मद फारूक, रवि प्रसाद, बीससूत्री अध्यक्ष मंगरु सिंह आदि उपस्थित थे।




### ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग को आवेदन दे प्रधानाध्यापक को हटाने की मांग की



वहीं कार्यक्रम के दौरान राजवास के सैकड़ों ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग को आवेदन देकर उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक शिवपूजन सिंह को हटाने की मांग की। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधानाध्यापक की मनमानी से विद्यालय में अध्यनरत सैकड़ों बच्चों का भविष्य अधर में लटका पड़ा है। प्रधानाध्यापक द्वारा प्रत्येक दिन मध्याह्न भोजन में भी अनियमितता बरती जाती है। विद्यालय भवन में बिना पेंट पोचारा के ही प्रधानाध्यापक द्वारा पैसे की निकासी भी कर ली गई है। साथ ही बिना सूचना के प्रधानाध्यापक तरह-तरह के बहाने बनाकर विद्यालय से हमेशा गायब रहते हैं। इसकी शिकायत हम लोगों ने उच्च अधिकारियों से भी की है लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है। मौके पर विद्यालय प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष कमला देवी, संयोजिका पानपती देवी, सदस्य महेंद्र प्रसाद, रोहित भूइयां, पंचायत के उप मुखिया रानी देवी, रवि प्रसाद, उप प्रमुख मोहम्मद फारूक आदि मौजूद थे।

# कबड्डी मैचों में नरही व कुशडंड ने दर्ज की जीत



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

जेएसएलपीएस के तत्वाधान में मंगलवार को राजकीय कृत उच्च विद्यालय चितविश्राम के मैदान में कबड्डी मैच का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ पंचायत समिति सदस्य मृदुला द्विवेदी, जीआरपी अस्तरुन निशा, दीपशिखा, कुमारी ममता ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर बीडीसी ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिये। खेल से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है। वहीं आपसी प्रेम व सौहार्द बढ़ता है। कबड्डी मैच चितविश्राम बनाम नरही के बीच खेला गया, जिसमें नरही की टीम 8 अंक से विजयी हुई। दूसरा मैच पिपरडीह एवं कुशडंड के बीच खेला गया, जिसमें कुशडंड की टीम 6 अंक से विजयी हुई। मौके पर जेएसएलपीएस के बीपीएम धनन्जय कुमार, सीसी भरत कुमार, निधि भारती, आईपीआरपी जाकिर हुसैन, रेखा देवी, गायत्री, खुशबू देवी, सीमा, शकुंतला देवी, सुनीता, करुणा, गीता, विमला, प्रेमशिला, प्रतिज्ञा, शोभा देवी, हाजरा खातून आदि उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### छह माह से बंद बिजली आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों में उत्साह, बंटी मिठाई

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत बसिया पंचायत के टेमराबर में नया ट्रांसफार्मर का उद्घाटन बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा एवं भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, बसिया मुखिया विमला देवी ने संयुक्त रूप से किया। ज्ञात हो कि टेमराबार में बीते 6 माह से ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश थे। ग्रामीणों द्वारा बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्या प्रियंका कुमारी को एक लिखित आवेदन देकर खराब पड़े ट्रांसफार्मर की मरम्मत की मांग की थी। प्रियंका कुमारी के प्रयास से नया ट्रांसफार्मर लगवाया गया। मौके पर ग्रामीणों ने सभी अतिथियों को लड्डू खिला कर अपना धन्यवाद प्रकट किया। मौके पर मंडल महामंत्री विजय यादव, बसंत कुशवाहा, प्रवीण साव, शिव शुक्ला, प्रकाश प्रजापति, प्रेम शुक्ला, लाधु गझू, महेश गंझू, दिनेश गंझू, सरयू गंझू, हत्पाल गंझू, सुका ओरांव समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

### कौशल प्रशिक्षण केंद्र में पैरेंट्स मीटिंग

**लातेहार।** एसजीआरएस एकेडमिक प्राइवेट लिमिटेड की ओर से मुख्यमंत्री सारथी योजना अंतर्गत बिरसा योजना के तहत चल रहे कौशल प्रशिक्षण केंद्र गारू प्रखंड के +2 उच्च विद्यालय गारू में मंगलवार को पैरेंट्स मीटिंग का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न गांवों से कई ग्रामीणों ने भाग लिया। एसजीआरएस एकेडमिक के दीपक कुमार राम ने बताया कि मुख्यमंत्री सारथी योजना के तहत सरकार द्वारा बेरोजगार युवाओं के लिए कई तरह के लाभ दिये जा रहे हैं। निःशुल्क प्रशिक्षण के साथ-साथ यात्रा भत्ता दिया जा रहा है। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद रोजगार तथा स्वरोजगार से जोड़ा जा रहा है। साथ ही अगर किसी कारण रोजगार नहीं लगने पर सरकार द्वारा बेरोजगारी भत्ता के तौर पर युवतियों को 1500 तथा युवकों को 1000 रुपये प्रतिमाह पूरे एक वर्ष तक दिया जाएगा। मौके पर प्रमुख सीता देवी, धांगर टोला पंचायत के मुखिया पति, केंद्र प्रबंधक रायमल यादव, अमित गोंड, दिगंबर रविदास तथा एसजीआरएस एकैडमिक प्राइवेट लिमिटेड के कई कर्मी उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों के बीच गैस चूल्हा का वितरण

**बालूमाथ।** मुरपा और गणेशपुर पंचायत में हमारा संकल्प, विकसित भारत के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में केंद्र सरकार की सभी योजनाओं की जानकारी दी गई और उज्वला योजना के माध्यम से जनता एचपी गैस एवं प्रिंस भारत गैस द्वारा चूल्हा का वितरण किया गया। दोनों पंचायतों में आंगनबाड़ी सेविका द्वारा बच्चों को अन्नप्राशन भी किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस समूह के माध्यम से महिलाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक भी किया गया। मौके पर बालूमाथ पूर्वी जिला परिषद सदस्य प्रियंका कुमारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उरांव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार, मुरपा मुखिया अजय भगत और गणेशपुर मुखिया परमेश्वर उरांव विभाग कर्मी आदि मौजूद रहे।

### बाइक दुर्घटना में दो सहोदर भाई घायल

**बालूमाथ।** पाकी मार्ग पर बालूमाथ थाना क्षेत्र के झाबर ग्राम स्थित पंचायत भवन के समीप बाइक दुर्घटना में दो सहोदर भाई घायल हो गए। घायलों में हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत लावागड़ा ग्राम निवासी संधू भुइया के पुत्र विनोद भुईया एवं सुभाष भुईया शामिल हैं। उन्हें स्थानीय लोगों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया, जहां पर डॉक्टर अमरनाथ प्रसाद द्वारा इलाज किया गया। जानकारी के अनुसार विनोद भुईया चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सेरक ग्राम स्थित अपने बहन की ससुराल से घर लौट रहा था। इसी दौरान वह झाबर ग्राम स्थित पंचायत सचिवालय के पास अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### चलाया गया जागरूकता अभियान

**सिमरिया।** नालसा नई दिल्ली, झालसा रांची और जिला विधिक सेवा प्राधिकार की सचिव प्रज्ञा बाजपेई के निर्देशन में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत मंगलवार को विधिक सहायता केंद्र सिमरिया के तत्वाधान में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान सिमरिया प्रखंड क्षेत्र के लुतिडिह में संचालित उत्क्रमित मध्य विद्यालय लुतिडीह में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद और रंजन कुमार मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में प्रभात फेरी निकालकर विशेष कर महिला, बच्चे और दिव्यांगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य के द्वारा बच्चों को शिक्षा का अधिकार, बाल श्रम की जानकारी दी गई।

### वोटर लिस्ट में नाम दर्ज कराने की अपील

**कुन्दा(चतरा)।** कुंदा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी विपिन कुमार भारती ने नए मतदाताओं से मतदाता सूची में नाम दर्ज करवाने की अपील। उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए काहा की वैसे लोग जिनका नाम मतदाता सूची में छूट गया है या जिनका आयु 18 वर्ष हो गया है व 1/1/2024 को 18 वर्ष हो जाएगा वे अपने संबंधित बीएलओ से मिलकर अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा ले, क्योंकि अभी विशेष मतदाता निरीक्षण का कार्य चल रहा है। ताकी आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सके।

# डीसी-एसपी ने मंडल कारा का किया औचक निरीक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

धनबाद जेल में गैंगस्टर अमन सिंह के गोली मारकर हत्या किए जाने के बाद मंगलवार को सुरक्षा को लेकर चतरा मंडल कारा का डीसी अबू इमरान और एसपी राकेश रंजन ने अन्य अधिकारियों के साथ औचक निरीक्षण किया।

छापेमारी अभियान के क्रम में सभी पुरुष व महिला कैदी वार्ड, अस्पताल, भंडार गृह, रसोई घर, सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाए गए सीसीटीवी, कैदियों की संख्या, कैदियों को मिलने वाली सुविधाएं समेत पूरे जेल परिसर का बारीकी से निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने मीडिया से बताया कि छापेमारी के दौरान कैदी वार्ड से कुछ खैनी तंबाकू के अलावा कोई भी आपत्ति जनक सामग्री नहीं मिला है। डीसी ने कहा कि समय-समय पर अन्य अधिकारियों के द्वारा भी मंडल कारा का औचक निरीक्षण व जांच किया जाता रहेगा।

# डीएलसीसी की बैठक में डीसी ने दिए दिशा निर्देश




**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में वित्तीय वर्ष 2023-24 के त्रैमासिक जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (डीएलसीसी) एवं समीक्षा समिति (डीएलआरएसी) की बैठक, बैंकप्रतिनिधियों के साथ मंगलवार को हुई। उपायुक्त ने पूर्व की बैठक में दिए गए निदेशों के अनुपालन की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। साथ ही इस दौरान जिले के सभी बैंक प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं के सफल क्रियान्वयन में बैंक की भूमिका काफी महत्वपूर्ण होती है।

मुख्य रूप से वार्षिक ऋण योजना 2023-2024 बैंको की उपलब्धियों, वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए सी.डी. रेशियों, सरकार प्रायोजित विभिन्न योजनाएं तथा किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधान मंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, एसएचजी योजना, एआईएफ हेतु लक्ष्य एवं उपलब्धियों, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, गैर निष्पादित परिसंपत्तियों पर चर्चा करते हुए आरसेटी के कार्यकलापों की समीक्षा की गई। उपायुक्त ने जिले में शिक्षा पदाधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुए योग्य छात्र-छात्राओं का अकाउंट खोलने को निर्देश दिया। ऋण जमा अनुपात के मामले में चतरा जिले का 29.77 प्रतिशत प्रतिशत है जिसे 40 प्रतिशत करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही प्रधान मंत्री जन धन योजना के अंतर्गत बीमित, मृतक का शतप्रतिशत क्लेम सेटल, 10 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का खाता शत प्रतिशत खोलने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने अग्रणी जिला प्रबंधक को निर्देशित करते हुए कहा कि आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में शिविरों में अपने विभाग से संबंधित बैंको का स्टॉल लगाकर आम जनों को लाभान्वित करें। बैठक में डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता, एसडीओ चतरा सुरेन्द्र उरांव, डीआरडीए निदेशक अरूण कुमार एक्का, डीईओ दिनेश मिश्र, जेएसएलपीएस के डीपीएमे अनिल डुगडुग, अग्रणी जिला प्रबंधक देवब्रत शर्मा, समेत जिले के सभी बैंक समन्वयक उपस्थित थे।

# डायन बिसाही का आरोप देवर ने बेरहमी से पीटा

## हमलावर ने टांगी से हाथ पर वार कर काटने की कोशिश की



**नवीन मेल संवाददाता। महुआडांड़**

थाना क्षेत्र के मेढ़ारी गांव में मंगलवार की शाम लगभग 3 बजे डायन बिसाही का आरोप लगाकर गांव की महिला अनीता देवी (35), पति अशोक खेरवार के साथ उसके ही देवर अजय खेरवार (30) ने बेरहमी से मारपीट की। घटना में महिला का हाथ बुरी तरह जख्मी हो गया। हमलावर ने टांगी से हाथ पर वार कर काटने की कोशिश की। पीड़ित महिला को उसके पति ने शाम लगभग छह बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महुआडांड़ लाया।

उपचाराधीन अनीता देवी ने बताया कि मैं जलावन के लिए गांव से कुछ दूरी पर सूखी लकड़ी लाने गई की थी। पति साग तोड़ने गये थे। तभी अजय खेरवार दांत और टंकी देकर पहुंचा, डायन कहकर मारपीट शुरू कर दी। नीचे गिराकर उनके हाथ को पैर से कुचलकर काटने के लिए हमला किया। पहला वार हाथ में लगा, लेकिन दूसरे वार पर मैंने हाथ खींच लिया। किसी तरह वहां से दौड़ कर भागी। इससे पूर्व भी मुझे वह डायन का आरोप लगाकर मरने की धमकी देता था। इस घटना की जानकारी महुआडांड़ थाना को दी गई। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर थाना पुलिस महिला का बयान ले रही थी।

## आजसू पार्टी की बैठक में ग्राम कमेटी के विस्तार पर चर्चा

**बारियातु।** आजसू पार्टी की प्रखंड स्तरीय एक बैठक मंगलवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित खेल मैदान में प्रखंड अध्यक्ष बिनोद राम के अध्यक्षता में की गई। बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, लातेहार जिला अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय, जिला प्रवक्ता नितेश कुमार पांडेय, जिला कोषाध्यक्ष सद्दाम अंसारी, उपाध्यक्ष विजेंद्र दास मौजूद थे। मंच का संचालन बुद्धिजीवी मंच के केंद्रीय सचिव कृष्ण कुमार मिश्रा ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष पांडेय ने कार्यकर्ताओं का पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने आह्वान किया। कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी का रीढ़ होता है। इसलिए प्रखंड के सभी पच्चासों बूथों पर ग्राम कमेटी का विस्तार किया जाएगा। वहीं केंद्रीय सचिव सिंह ने कहा कि आजसू पार्टी के मुखिया सुदेश महतो का गरीबों, मजदूरों से अटुट संबंध है। उनका सपना है कि पूरे झारखंड में रहने वाले लोग शिक्षित एवं रोजगार में हों। मौके पर प्रखंड सचिव श्रवण उरांव, मोहन उरांव, मो ईसा, सुकुल लोहरा, रामशंकर राम, देवलाल उरांव, रामाधिन भुईयां, अरविंद प्रजापति, पुनू यादव, योगेष उरांव, भुपेश यादव आदि मौजूद रहे।

# डीसी ने की अपराध व नक्सली गतिविधियों की रोकथाम को लेकर बैठक



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

उपायुक्त हिमांशु मोहन की अध्यक्षता में अपराध तथा नक्सल गतिविधियों के रोकथाम को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। समीक्षा बैठक में अपराध एवं नक्सलियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने पर विचार विमर्श करते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने नक्सलियों तथा अपराधियों से निपटने के लिए किये गये कारवाईयों के बारे विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इस दौरान नक्सलियों एवं अपराधियों से निपटने के लिए रणनीति भी बनाई गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने रणनीति के तहत सभी पुलिस पदाधिकारियों को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी लातेहार मो. परवेज, अनुमंडल पदाधिकारी महुआडांड़ श्री बिपिन दुबे, सीआरपीएफ कमांडेंट, विधि शाखा प्रभारी सुजीत सिंह एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विशेषज्ञों ने की ग्रामीणों के नेत्रों की जांच, दी दवाएं






**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा**

टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत होन्हे में स्थित आम्रपाली कोल परियोजना कार्यालय के समीप डिस्पेंसरी में मंगलवार को आयोजित नेत्र जांच शिविर का उद्घाटन जीएम अमरेश कुमार सिंह ने किया। जिसमें गांधीनगर से आये 7 विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम ने विस्थापित-प्रभावित क्षेत्र के 135 लोगों का जांच कर आवश्यकतानुसार मुफ्त में दवाईयां दी। मौके पर विशेषज्ञ की टीम में डॉ. मयुरी भट्टाचार्य, डॉ. रजनी कुजूर, डॉ. ऋचा, डॉ. अंकुर, डॉ. के.पी.निराला, डॉ. अंशु, डॉ. स्मिता समेत डिस्पैच अधिकारी सुधांशु शर्मा, सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा, स्थानीय जनप्रतिनिधि व अन्य मौजूद थे।

### एनटीपीसी के शिविर में वाहन चालकों का नेत्र जांच

**टंडवा।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नार्थ कर्णपुरा परियोजना ईकाई (एनटीपीसी) में स्थित टीडीएचसी कॉम्प्लेक्स के समीप मंगलवार को वाहन चालकों के लिए दो दिवसीय नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया है। प्रबंधन की ओर से बताया गया कि परियोजना क्षेत्र में कार्यरत ट्रक चालकों, विभागीय चालकों व एंबुलेंस चालकों के लिये विशेष तौर पर जांच शिविर का आयोजन किया गया है। वहीं शिविर में पहले दिन 131 चालकों का नेत्र जांच किया गया। परियोजना के महाप्रबंधक स्वप्नेंदु कुमार पंडा ने सुरक्षा मानकों के अनुपालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जताते हुवे कहा कि चालकों के लिए जांच शिविर का आयोजन अति महत्वपूर्ण है। जांच परीक्षण चालकों के साथ हीं आमलोगों के लिए भी हितकारी है। इससे दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाने में मदद मिलेगा। इस दौरान चालकों को दवाईयां व जरुरी सलाह दिये गये।

# सहियाओं ने अच्छे स्वास्थ्य को लेकर निकाली जागरूकता रैली



**नवीन मेल संवाददाता। बारियातु**

स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार प्रखंड की गोनिया पंचायत भवन परिसर में सहिया साथी गौरी देवी की अध्यक्षता में पीएलए की बैठक की गई। बैठक में मुख्य रूप से स्वास्थ्य संबंधी चर्चा कर सभी उपस्थित सहियाओं को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पीएलए बैठक करने का दिशा निर्देश दिया गया। चर्चा के दौरान लाल, पीला व हरा तीन रंगों का गोल घेरा बनाकर रंगों के महत्व के बारे में बताया गया कि लाल में खतरा है, पिला में खतरा होने वाला है और हरा में पूर्ण रूप से स्वस्थ होने का संकेत दिया जाता है। सहियाओं ने अपने-अपने हाथों में तख्तियां लेकर रंग-बिरंगी सब्जियां खाएंगे, स्वस्थ जीवन अपनाएंगे, भोजन में विविधता बने रहे, मां बच्चों के चेहरे पर खुशी रहे, मां स्वयं के लिए तीन बार, बच्चों के लिए एक बार, बच्चे का स्वास्थ्य भविष्य बनाना है तो धात्री मां को दो बार अतिरिक्त भोजन खिलाना है, हरे पत्तेदार सब्जियां खाएंगे शरीर में खून बढ़ाएंगे, मां आयरन गोली खाएगी एनीमिया दूर भगाएगी, बीमारी से बचाना है तो गहरे रंग के फल एवं सब्जियां खाना है सहित कई नारे लगाते हुए पंचायत भवन परिसर से उप स्वास्थ्य केंद्र होते हुए गोनिया बस स्टैंड तक जागरूकता रैली निकाली। मौके पर पार्वती देवी, पूनम देवी, हलिमा खातून, किरन्ति देवी, कलामणि देवी, धनिया देवी, राधा देवी, फूलमानी देवी, बसंती देवी, सुनीता देवी उपस्थित थे।

## कार्यक्रम | डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता ने किया बलुरी पंचायत में लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण

# सरकार आपके द्वार शिविर में जमा किए गए 1300 आवेदन





**नवीन मेल संवाददाता। हंटरगंज**

हंटरगंज प्रखंड के बलूरी पंचायत सचिवालय आयोजित आपके द्वार कार्यक्रम लगाए गए स्टॉल का डीडीसी उत्कर्ष गुप्ता ने किया निरीक्षा। इस दौरान जेएसएलपीएस से जुड़ी महिला समूहों के बीच 15 लाख रुपये ऋण व सहायता राशि का वितरण किया गया। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल में ग्रामीणों द्वारा आवेदन दिया गया। शिविर में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई का कार्य किया गया। शिविर में ग्रामीणों द्वारा लगभग 1300 से ज्यादा आवेदन अबुआ आवास के लिए जमा किए गए। शिविर में डीडीसी के अलावे सीओ अरुण कुमार मुंडा, बीडीओ निखिल गौरव, मंत्री प्रतिनिधि देवलाल यादव, जिला पार्षद सुरेश पासवान, मुखिया रूबी देवी, संतन सिंह, झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के मंटू कुमार एवं अन्य अधिकार, कर्मचारी शमिल थे। इस दौरान पदाधिकारियों द्वारा बीज, धोती-साड़ी का वितरण किया गया।

### लगाए गए स्टॉल

**गिद्धौर।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को गिद्धौर पंचायत सचिवालय में किया गया। जिसका विधिवत उद्धटन बीडीओ हरिनाथ महतो, जिप सदस्य अनिता देवी, प्रमुख अनिता यादव, जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष मनोज वर्मा, पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी, मुखिया निर्मला देवी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में खाद्य सुरक्षा, शिक्षा विभाग, मनरेगा, राजस्व, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा, पेयजल विभाग, आजीविका सेवा गारंटी, वन अधिनियम, बिजली, स्वास्थ्य विभाग व 15 वें वित्त विभाग के अलावे अबुआ आवास, बाल विकास सहित कई स्टाल लगाए गए थे। स्लॉट में प्राप्त आवेदनों को ऑन द स्पॉट पोर्टल में डेटा इंट्री करने का निर्देश दिया। साथ ही कई परिस्मम्पतियों का वितरण किया गया। मौके पर विधायक प्रतिनिधि महादेव दांगी, आवास कोडिनेटर, बीपीओ, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक आदि उपस्थित थे।

# नेतरहाट स्कूल में अंतर आश्रम वर्गीय क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ



**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

नेतरहाट आवासीय विद्यालय में मंगलवार को अंतर आवासीय वर्गीकरण क्रिकेट प्रतियोगिता आरंभ की गई। इसका उद्घाटन प्राचार्य डॉक्टर प्रसाद पासवान ने किया। इस मौके पर पासवान ने कहा कि वर्तमान परिवेश में पढ़ाई के साथ खेल जीवन का अभिन्न अंग बन गया है। खेल जीवन को नई दिशा दे रहे रहा है। उन्होंने प्रतिभागियों को खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया और उज्जवल भविष्य की कामना की। इससे पूर्व अतिथियों को खेल प्रभारी विधु शेखर देव एवं स्वागत प्रभारी राधा के द्वारा पुष्प कुछ देकर स्वागत किया गया। मौके पर मौके पर विद्यालय के शिक्षक रवि रंजन, रवि प्रकाश सिंह, मुकेश कुमार, विनोद टोप्पो, तारकेश्वर, अतुल रंजन समेत शिक्षक एवं बच्चे उपस्थित थे।

## गागर में सागर

### हैदर को मिला सर्वजन पेंशन का लाभ

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के उदरंगी ग्राम के रहने वाले हैदर अंसारी को भंडरा प्रखंड के उदरंगी पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में सामाजिक सुरक्षा अंतर्गत सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिया गया।



हैदर को अब प्रतिमाह एक हजार रुपये की पेंशन मिलेगी। हैदर ने कहा कि बीपीएल की बाध्यता समाप्त कर हर वर्ग के वृद्ध को सरकार पेंशन दे रही है। इसके लिए सरकार को बहुत धन्यवाद है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को ऐसी योजना लेन के लिए पुनः धन्यवाद।

### उप मुखिया ने मंत्री से की मुलाकात, पंचायत की समस्याओं से कराया अवगत

**कुडू।** प्रखंड की बड़की चापी पंचायत की उप मुखिया हेना तिवारी के नेतृत्व में पंचायत के जरियो, बंदुवा, चापी के वार्ड सदस्यों ने मंगलवार को स्थानीय विधायक सह मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मुलाकात की। अपने क्षेत्र के विकास से संबंधित कई आवेदन दिए और पंचायत क्षेत्र का विकास हेतु बातें रखीं। मंत्री ने आश्वस्त किया कि पंचायत प्रतिनिधि की हर समस्या के प्रति तत्पर हूं। आपके द्वारा प्राप्त आवेदनों पर बारी - बारी से कार्य कराया जाएगा। मंत्री से मिलने पहुंचे पंचायत प्रतिनिधियों में गीता भगत, परमेश्वर उरांव और सुनील मुंडा शामिल थे।

### डीसी ने एलईडी वैन को दिखायी झंडी

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने मंगलवार को सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखंड के एलईडी वैन को समाहरणालय परिसर, लोहरदगा से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस एलईडी वैन के जरिये राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं का वीडियो पंचायतों में आयोजित होने वाले कार्यक्रम आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार में ग्रामीणों को दिखाया जाएगा। मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, जिला कल्याण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता समेत अन्य उपस्थित थे।

### थाना परिसर स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन



**सेन्हा।** थाना परिसर के समीप पंचायत मंडप प्रांगण में सीआरपीएफ 158 बटालियन द्वारा निर्मित भगवान श्रीकृष्ण व राधा के मंदिर में सोमवार देर शाम सेन्हा थाना प्रभारी के सौजन्य से भक्ति भजन संगीत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें समस्त थाना परिवार का सहयोग सराहनीय रहा। विदित हो कि सेन्हा पुलिस की मेजबानी में एक शाम भजन के नाम का आयोजन किया गया। आयोजित भजन संगीत कार्यक्रम में विभिन्न जगहों से पुलिसकर्मी व स्थानीय ग्रामीण भक्त जन शामिल हुए। कार्यक्रम में भजन संगीत की धुन पर भक्तजन झूमते नजर आये। वहीं सेन्हा थाना प्रभारी अभिनव कुमार ने कहा कि हम सभी एक सामाजिक प्राणी हैं। प्रत्येक दिन का भाग दौड़ की जिन्दगी से कुछ समय निकाल कर सभी को कुछ धार्मिक कार्य करना चाहिये। समाज को संगठित करने के लिये इस तरह का कार्यक्रम कभी कभी होना चाहिये, जिसे समाज मे फैला गंदगी और बुराई दूर होता है तथा मन मे असीम शांति मिलती है। मौके पर एस आई गणेश कुमार यादव, पंकज यादव, एएसआई जमशेद खान के अलावे अरविंद दुबे, गुप्तेश्वर सिंह, रूपेश कुमार, नवल साहु, नंदकिशोर शुक्ला, गौतम साहु, अजय सोनी आदि मौजूद थे।

### जिला परिषद सदस्य ने किया जनसंवाद

**लोहरदगा।** किस्को प्रखंड के अंतर्गत देवरिया पंचायत के टांगा चोखा गांव में किस्को जिला परिषद सदस्य संदीप कुमार का जन संवाद लगा। इस दौरान कई समस्याओं को सुना गया। निपटारे का आश्वासन ग्रामीणों को दिया गया। जिप सदस्य ने कहा कि तांगा चोखा बस्ती में आजादी के 76 साल बाद भी न जाने का रास्ता है और ना ही स्वच्छ जल की व्यवस्था है जिससे ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। उनका कहना है अभी तक ना कोई पदाधिकारी आते हैं ना कोई जनप्रतिनिधि। इस गांव में 25 से 30 परिवार रहते हैं और जब कभी भी कोई बीमार पड़ जाता है ना एंबुलेंस की व्यवस्था है ना कोई निजी वाहन। मुझे वहां जाने का मौका मिला और मैं ग्रामीणों के बीच में बैठकर आश्वासन दिया हूं कि जलापूर्ति भी होगी और पथ का निर्माण भी होगा। मौके पर किसको जिला परिषद संदीप कुमार, देवरिया पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सुनील टोपनो, एवं साथ में उपस्थित लुईश टोपनो, एसपिलानी केंदुलीना, हीरा टोपनो, एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए।

## सदर प्रखंड की जोरी, गुड़ी व उदरंगी पंचायत में आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

# डीसी ने किया लाभुकों के बीच कंबल का वितरण





**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन सदर प्रखंड की जोरी पंचायत, कैरो प्रखंड की गुड़ी पंचायत और भंडरा प्रखंड की उदरंगी पंचायत में किया गया। जोरी पंचायत में आयोजित कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया। इससे पूर्व उपायुक्त ने ग्रामीण विकास, कल्याण, समाज कल्याण, राजस्व, अंचल कार्यालय, शिक्षा, स्वास्थ्य विभाग, आपूर्ति, जेएसएलपीएस, मनरेगा, विद्युत आदि विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षण किया और आमजनों को योजनाओं का लाभ उठाने का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रतिभा कुजूर, अंचल अधिकारी आशुतोष, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

**5,196 आवेदन निष्पादित :** जिले के सभी प्रखंडों में 24 नवंबर से 26 दिसंबर तक सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। जिले में 4 दिसंबर तक कुल 27240 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से अब तक 5196 आवेदन निष्पादित किये जा चुके हैं। वहीं 31 आवेदन विभिन्न कारणों से रिजेक्ट हुए हैं। प्रखंडों में सदर प्रखंड लोहरदगा में कुल 5638, सेन्हा प्रखंड में 4859, कुडू प्रखंड में 4738, किस्को प्रखंड में 3965, भंडरा प्रखंड में 3903, कैरो प्रखंड में 2880, पेशरार प्रखंड में 992 और नगर परिषद में 337 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

**किन योजनाओं में कितने आवेदन आये :** अबुआ आवास योजना में कुल 14,401 आवेदन प्राप्त हुए हैं। मनरेगा योजना अंतर्गत 3674 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 1145 लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया जा चुका है। गुरूजी स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड योजना अंतर्गत 946 आवेदन प्राप्त हुए हैं। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के लिए कुल 288 लोगों ने आवेदन दिया है, जिनमें 82 लोगों को इसका लाभ मिल चुका है। इसी प्रकार 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत 4, आयुष्मान कार्ड के लिए 373, जन्म प्रमाण-पत्र के लिए 213, जाति प्रमाण-पत्र के लिए 301, सामुदायिक वन पट्टा के लिए 1, आधार कार्ड में संशोधन के लिए 210, जन्म प्रमाण-पत्र में संशोधन के लिए 3, भू-अभिलेखों में ऑनलाईन सुधार हेतु 104, राशन कार्ड में संशोधन हेतु 202, राजस्व अभिलेखों में संशोधन/परिमार्जन हेतु 02, मृत्यु प्रमाण-पत्र हेतु 30, दिव्यांगता प्रमाण-पत्र हेतु 01, धोती/लुंगी व साड़ी योजना हेतु 620, आय प्रमाण-पत्र हेतु 204, बिजली संबंधी समस्याएं से संबंधित 15, किसान क्रेडिट कार्ड हेतु 681, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना अंतर्गत 562, भूमि मापी/संपत्ति हेतु 04, भूमि म्युटेशन/संपत्ति हेतु 41, लगान रसीन हेतु 139, सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से संबंधित 114, श्रमाधान पोर्टल नया पंजीकरण से संबंधित 226, जनजातीय कल्याण से संबंधित 08 और अन्य संबंधित 949 आवेदन प्राप्तु हुए।

**हासिम, अहलाद और बाबिया उरांव को मिला कंबल :** उपायुक्त ने जोरी पंचायत में आयोजित आपकी योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार कार्यक्रम में जोरी गांव निवासी हाशिम मियां, अहलाद और बाबिया उरांव को कंबल वितरण योजना का लाभ दिया। लाभुकों द्वारा बताया गया कि सर्दी के मौसम में कंबल की आवश्यकता महसूस होती थी, जिसका लाभ आज पंचायत में आयोजित शिविर में मिला है। सभी ने कार्य के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण का धन्यवाद दिया।

## 'सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लें ग्रामीण'

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

प्रखंड की उदरंगी पंचायत स्थित बैमारी खेल मैदान में मंगलवार को आपकी योजना-आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका शुभारंभ अपर समहर्ता सौरव सिन्हा, जिप सदस्य राजमनी उरांव, प्रमुख बरिया देवी, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश प्रसाद गुप्ता, मुखिया परमेश्वर महली ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर अपर समहर्ता ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे यही सरकार की सोच है। ग्रामीण सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें। ग्रामीण सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बनें। जिप सदस्य राजमनी उरांव ने कहा कि पहले ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रखंड का चक्कर लगना पड़ता था, लेकिन सरकार ने निश्चय किया कि अब सरकार गांव, कस्बों तक जाकर लोगों की समस्या को सुनकर ऑन द स्पॉट समस्या का



समाधान करेगी। इसके अलावा सरकार ने किशोरियों को सावित्रीबाई फुले योजना में जोड़कर उनके खाते में पैसा ट्रांसफर कर रही है। अबुआ आवास के तहत राज्य के आठ लाख ग्रामीणों को तीन वर्षों में आवास दिया जायेगा। बीडीओ रंजीत सिन्हा ने जनता दरबार में लगाये गये सभी 20 स्टॉलों की विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुये ग्रामीणों को जनता दरबार का लाभ उठाने की अपील की। मौके पर सीआई अरुण प्रसाद, बीईईओ जयनाथ महतो, बीपीएम विजय प्रसाद, पंचायत सचिव महिपाल उरांव, जेएमएम जिला उपाध्यक्ष तिवारी उरांव, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंसूर अंसारी आदि मौजूद थे।

**दर्जनों स्टॉल के माध्यम से ग्रामीणों को दिया गया योजनाओं का लाभ :** कार्यक्रम मे सहायता केंद्र, अबुआ आवास, सामाजिक सुरक्षा, कल्याण विभाग, मनरेगा, स्वास्थ्य भारत मिशन, पशुपालन विभाग, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र, 15वें वित्त आयोग, निर्वाचन, आंचल विभाग, बाल विकास, कृषि, राशन कार्ड, शिक्षा विभाग, जेएसएलपीएस, आधार कार्ड, श्रम विभाग, बिजली विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के स्टॉल के माध्यम से हजारों लाभुकों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। कार्यक्रम में तीन महिला समूहों को 15 लाख का ऋण दिया गया। वहीं दवा दुकान के लाइसेंस, 15 छात्रो को पोषक, जाति प्रमाणपत्र, मनरेगा जॉब कार्ड, धोती साडी, कम्बल आदि योजनाओं के लाभुकों को परिसम्पति वितरित की गई।

# राशि के अभाव में पांच साल से अधूरा है कुडू बालिका विद्यालय

## विद्यालय का पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने किया निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

एमएमडीपी योजना के अंतर्गत कुडू प्रखंड में स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में समेकित जनजाति विकास अभिकरण विभाग से चार कमरा, कंप्यूटर कमरा और पुस्तकालय भवन का निर्माण कार्य 6 वर्ष पूर्व प्रारंभ हुआ था जो आज तक अधूरा है। इस संदर्भ में कल्याण पदाधिकारी नारायण राम ने बताया वित्तीय वर्ष 2016-17 में एमएसडीपी योजना से भवन निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था 50 प्रतिशत राशि उपलब्ध हुई थी, जिससे भवन का निर्माण हुआ। शेष 50 प्रतिशत राशि विगत 5 वर्षों से विभाग को नहीं मिली है। इसके कारण भवन अधूरा पड़ा है। राशि प्राप्त होते ही अधूरा भवन निर्माण कार्य पूरा कर दिया जाएगा।

इस बात की जानकारी ग्रामीणों से मिलने के बाद लोहरदगा लोकसभा कांग्रेस प्रभारी सह पूर्व विधायक सुखदेव भगत ने कस्तूरबा आवासीय विद्यालय कुरु पहुंचकर वहां पर उपस्थित वार्डन एवं शिक्षकों से अधूरे पड़े भवन निर्माण कार्य की जानकारी मांगी। वार्डन ने बताया कि



43,33,000 रुपये उपलब्ध कराए गए थे। इससे कमरों का निर्माण कराया गया था। शेष राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण लगभग 5 वर्षों से निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। इस दौरान सुखदेव भगत ने अधूरे पड़े भवन निर्माण का निरीक्षण भी किया। मौके पर शिक्षकों ने भगत को बताया कि भवन अधूरा रहने के कारण बच्चियों को पढ़ाई करने में परेशानी होती है। यहां पेयजल की कमी है। शिक्षकों के मानदेय में बढ़ोतरी नहीं हो रही है। भगत ने जिला कल्याण पदाधिकारी से अधूरे पड़े भवन निर्माण कार्य की जानकारी मांगी। भगत ने मौके पर से ही अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के मंत्री के सचिव से वार्ता कर उन्हें यहां की स्थिति से अवगत कराते हुए शेष 50 प्रतिशत 43,33000 रुपये शीघ्र सांकेतिक जनजाति विकास अभिकरण लोहरदगा को उपलब्ध कराने की मांग की है। सचिव ने इस संबंध में सकारात्मक कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। निरीक्षण के दौरानभगत ने प्लस टू के छात्राओं से क्लास रूम जाकर मुलाकात कर टिप्स भी दिए। इस दौरान वार्डन राखी कुमारी, शिक्षक अंजना खलको, नसरीन फातिमा, शकुंतला कुजूर कुमारी, अंबिका पाली, मुनि कुमारी, रश्मि गुप्ता, शालिनी कच्छप, आलोक कुमार साहू, शाहिद अहमद, बेलू लाल, विकास नाथ शाहदेव, अनिल कुमार राजू, टाना भगत आदि उपस्थित थे।

## गुमला जिले की 5 पंचायतों में हुए सरकार आपके द्वार कार्यक्रम

# डीसी ने किया शिविर का निरीक्षण

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नियमित शिविर भ्रमण के क्रम में मंगलवार को गुमला सदर प्रखंड स्थित घटगांव पंचायत में लगे शिविर का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने लाभुकों के बीच परिसंपत्ति वितरण, स्टॉल निरीक्षण एवं शिविर में आए लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जाना।

गुमला सदर के घटगांव पंचायत में लगे शिविर में सैंकड़ों लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना के तहत 02, धोती साड़ी योजना के तहत 31 लाभुक, साइकल वितरण योजना के तहत 07 छात्र/ छात्राओं के बीच साइकिल क्रय करने हेतु चेक का वितरण किया गया, सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के तहत 7 छात्राओं के बीच स्वीकृति प्रमाण पत्र एवं एक छात्रा को 20 हजार रुपये का चेक, 57 लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया, 8 लाभुकों के बीच बीज का वितरण किया गया, 6 लाभुको के बीच जॉब कार्ड एवं 05 पेंशन कार्ड का वितरण किया गया। इसके अलावा लाभुकों के बीच पौधा वितरण, एवं विभिन्न योजनाओं के तहत सैंकड़ों आवेदनों की प्राप्ति की गई। सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत घाघरा



प्रखंड के नावडीह पंचायत, सिसई प्रखंड के शिवनाथपुर पंचायत,गुमला प्रखंड के घटगांव पंचायत, भरनो प्रखंड के करौंदाजोर पंचायत,रायडीह के नवागढ़ पंचायत, में शिविर का आयोजन किया गया। जहां आस पास के क्षेत्र से आए सैंकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने सरकार के विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल में जाकर जानकारी प्राप्त की, आवेदन भरा ,एवं कई आवेदकों को ऑन द स्पॉट योजना से अच्छादित भी किया गया।

जिले के विभिन्न प्रखंडों में आयोजित शिविरों में सैकड़ों की संख्या में लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का वितरण किया गया। इस दौरान शिविर में आए कई लाभुकों ने अपनी कहानी साझा की। गुमला सदर प्रखंड स्थित घटगांव में लगे शिविर में आई प्रमिला कुजूर ने शिविर में जॉब कार्ड के लिए आवेदन भरा एवं ऑन द स्पॉट उन्हे जॉब कार्ड प्रदान किया गया। शिविर में मिले तत्काल सहायता के लिए प्रमिला कुजूर ने सरकार के प्रति अपना आभार व्यक्त किया। वहीं सिसई प्रखंड में लगे शिविर में आई छात्राओं को सरकार की कल्याणकारी योजना सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का दिया गया। इसके लिए छात्राओं ने सरकार को धन्यवाद किया। छात्राओं ने कहा कि उक्त राशि से वह आगे की पढ़ाई करेंगी।

**आज 4 स्थानों में लगेंगे शिविर :** सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत 6 दिसंबर को गुमला सदर के नवाडीह पंचायत, डुमरी प्रखंड के जुरमू पंचायत, पालकोट के झिकिरिमा पंचायत एवं नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड संख्या 10 में शिविर का आयोजन कर विभिन्न योजनाओं से संबंधित स्टॉल्स लगाए जाएंगे। जिला प्रशासन की अपील है कि उक्त शिवर में अधिक से अधिक लोग जाएं एवं योजना का लाभ लें।

## डीसी की पहल | शिक्षा कर भेंट गतिविधि के तहत 10वीं व 12वीं कक्षा में उपस्थिति बढ़ रही

# सरकारी विद्यालयों में बेहतर हो रहा है शैक्षणिक स्तर

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

जिले के सरकारी विद्यालयों के 10वी एवं 12वी बोर्ड की परीक्षा में शत प्रतिशत बच्चे परीक्षा में बेहतरीन मार्क्स से उत्तीर्ण हो सके इस उद्देश्य से उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की पहल से जिले में विगत कुछ महीनों से 'सिकछा कर भेंट' गतिविधि का प्रारंभ किया गया है।

उपायुक्त के निर्देशानुसार सभी उच्च विद्यालयों से टैग हुए अधिकारी नियमित रूप से अपने निर्धारित कार्यों से कुछ समय निकाल कर विद्यालय भ्रमण करने का कार्य लगातार कर रहें हैं। परिणाम स्वरूप विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति पूर्व के मुकाबले अब बढ़ती नजर आ रही है। वहीं विद्यार्थियों में शिक्षा को लेकर एक गंभीरता भी देखने को मिल रही है।



विद्यालयों में बोर्ड परीक्षा को देखते हुए नियमित रूप से शिक्षकों के द्वारा प्रैक्टिस / मॉडल क्वेश्चन आंसर डिस्कस किए जा रहे हैं। शिक्षा विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालयों में अब समय से पूर्व सिलेबस भी कंप्लीट किए जा रहे हैं, जिसके कारण अब बच्चों को रिवीजन एवं प्रैक्टिस के लिए अधिक समय मिल रहा है।

उच्च विद्यालयों में 10वी एवं 12वीं के बच्चों के लिए एक्स्ट्रा एक्टिविटीज को सस्पेंड करने का निर्देश दिया गया है। बोर्ड की परीक्षा के पूर्व के इस महत्वपूर्ण समय पर बच्चे केवल पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करें इस उद्देश्य से यह निर्णय उपायुक्त द्वारा लिया गया है। इसके साथ ही उपायुक्त के निर्देश के आलोक में विद्यालयों के पढ़ाई में कमजोर बच्चों को एक्स्ट्रा क्लास के माध्यम से बच्चों को पढ़ाई के मुख्य धारा में वापस लाने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा विभाग की ओर से साप्ताहिक, मासिक एवं हाफ इयरली परीक्षा का आयोजन करते हुए बच्चों को परीक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है। शिक्षा विभाग द्वारा बताया गया कि इस गतिविधि के कारण बच्चों के नियमित टेस्ट में बच्चों द्वारा अच्छा प्रदर्शन किया जा रहा है, एवं अच्छे रिजल्ट भी देखने को मिल रहे हैं, जिससे यह संभावना भी बनती नजर आ रही है कि नियमित रूप से विद्यालय आने वाले बच्चे बोर्ड की परीक्षा में अवश्य अच्छे मार्क्स से पास होंगे। बताते चले की जिले के कुल 112 उच्च विद्यालयों के लिए 80 से अधिक अधिकारियों को टैग किया गया है, जिनके द्वारा नियमित विद्यालय भ्रमण के क्रम में विद्यालयों के शैक्षणिक स्तरों को मॉनिटर किया जा रहा है। अधिकारियों द्वारा भी बच्चों का क्लास लिया जा रहा है एवं बच्चों को मोटिवेट एवं पढ़ाई की शैली को कैसे विकसित करें इस पर समझाने का कार्य किया जा रहा है।

उपायुक्त सत्यार्थी का लक्ष्य है कि अगले वर्ष होने वाले बोर्ड की परीक्षा में सरकारी विद्यालयों के शत प्रतिशत बच्चे सफल हो सके। इसके लिए उनके द्वारा शिक्षा के स्तर को बेहतर करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है एवं अधिकारियों के साथ नियमित बैठक एवं समीक्षा भी की जा रही है।

# लाखों से स्कूलों में बनी हैंड वाश यूनिटें हो रही हैं बेकार



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न स्कूलों में लगाये गए हैंड वाश यूनिट ने रखरखाव के अभाव में अपनी अहमियत को खो दिया है। स्कूलों में लाखों रुपये की लागत से बनाये गए हैंड वाश यूनिट की उपयोगिता नहीं रह गई है। घटिया निर्माण कार्य होने के कारण कुछ ही समय में यह बेकार साबित हो रही है।

शिक्षा विभाग द्वारा एक लाख चौहत्तर हजार दो सौ चालीस रुपये से बनी हैंड वाश यूनिट बनने के बाद छह-सात माह में ही बेकार साबित हो गई है। मामला कुडू राजकीय बुनियादी विद्यालय का है। पंचायत समिति कुडू - 15वें वित आयोग द्वारा निर्मित हैंड वाश यूनिट के दम तोड़ने के मामले में लाभुक समिति के सदस्य चुप्पी साधे बैठे हैं। विद्यालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी दोनों वस्तु स्थिति से वाकिफ हो चुके हैं। लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया है। फिलहाल विभागीय उदासीनता के कारण हैंड वाश यूनिट दम तोड़ रही है।

# दोषी को सजा मिले

***झारखंड*** के जेल अब सुरक्षित नहीं हैं। इस बात के सबूत हैं गैंगस्टर अमन सिंह की हत्या। जेलों में गड़बड़ियों की शिकायत बराबर देखने और सुनने को मिलती हैं। अब उठते सवाल यह हैं कि जेल के अंदर आखिर पिस्टल कहां से आया? जेल प्रशासन में ऐसा कौन था जिसने पिस्टल अंदर पहुंचाया। ये सवाल हैं जिसका उत्तर मिलना ही चाहिए। जेल के अंदर संचालित आपराधिक गठजोड़ की बानगी का ही यह आलम है कि यहां हत्या हो जाती है। आखिर जेल में बंद कैदी असुरक्षित क्यों हैं। ऐसी घटनायें कहीं -कहीं न कहीं जेल प्रबंधन और जिला प्रशासन की लापरवाही को दर्शाता है। बहरहाल कैदियों का मनेबल इस हद बढ़ा हुआ है कि सीबीआई जैसी एजेंसियों के अधिकारियों के खिलाफ भी जेल से षडयंत्र रचे जाने के प्रमाण मिल चुके हैं। बड़ा सवाल यह भी कि विभिन्न स्तरों पर समय- समय पर जेलों में औचक निरीक्षण हुआ करता है। धनबाद जेल समेत राज्य के कई जेलों में पिछले दिनों छापेमारी की गई थी परंतु छापेमारी टीम के हाथ कुछ भी नहीं मिला। ऐसे में जेल के अंदर पिस्टल का आना यह बताता है कि जेल प्रबंधन की मिलीभगत से घटना को अंजाम दिया गया। अमन सिंह को 6 गोली लगी है। चार गोली उसके पेट में लगी और दो गोली सिर में लगी है। जिससे अमन सिंह की मौत हो गई है। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह पूर्व नियोजित ढंग से घटना को अंजाम दिया गया है। पूरे जेल को पुलिस छावनी बना दिया गया है। सैकड़ों पुलिस जवानों को जेल में तैनात किया गया है। वहीं जेल में दिन दहाड़े गोलीमार कर की गई हत्या के बाद लोगों में जबरदस्त आक्रोश है। जेल प्रबंधन पर कई तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। हर कोई सवाल कर रहा है कि जेल के अंदर पिस्टल और गोली कैसे पहुंची। मालूम हो कि कुछ दिनों पहले जेल के अंदर ही सिंह मेंशन समर्थकों व वाशेपुर गैंग के सदस्यों के बीच मारपीट हुई थी। इसमें सिंह मेंशन समर्थकों ने वाशेपुर गैंग के लोगों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा था। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसी घटनायें बगैर मिलीभगत संभव नहीं है। अमन सिंह की हत्या जेल प्रशासन को कठघरे में खड़ा करती है। आम आदमी आज सोचने को विवश है कि अपराधियों के गठजोड़ मजबूत होने के क्या कारण हैं। रसूख रखने वाले इन अपराधियों के संबंध राजनीतिक दल और उसके प्रभावशाली नेता से होते हैं। इनका नेटवर्क इतना मजबूत होता है कि वह चुनाव के वक्त अपने-अपने प्रभाव क्षेत्र में मदद भी करते हैं। यही कारण है कि नेताओं और अपराधियों के गठजोड़ प्रारंभ से रहे हैं। जेल अपराधियों के लिए शरणस्थली बन गये हैं। यहीं से रंगदारी के पैसे मांगे जाते हैं। मोबाइल जेल प्रशासन उपलब्ध कराता है। बाहर गुर्गे रंगदारी की मांग करते हैं। जेल के खेल में अच्छी खासी रकम उपलब्ध होती है। ऐसे में जेल को सुरक्षित रखने की जरूरत है। दोषी को इसकी सजा मिलनी चाहिए।

**धनबाद जेल समेत राज्य के कई जेलों में पिछले दिनों छापेमारी की गई थी परंतु छापेमारी टीम के हाथ कुछ भी नहीं मिला। ऐसे में जेल के अंदर पिस्टल का आना यह बताता है कि जेल प्रबंधन की मिलीभगत से घटना को अंजाम दिया गया। अमन सिंह को 6 गोली लगी है। चार गोली उसके पेट में लगी और दो गोली सिर में लगी है। जिससे अमन सिंह की मौत हो गई है। ऐसे में सहज अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह पूर्व नियोजित ढंग से घटना को अंजाम दिया गया है। पूरे जेल को पुलिस छावनी बना दिया गया है।**

इन दिनों

# मोदी मैजिक में निरर्थक विपक्षी मुद्दे



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

***इंडी*** एलायंस का मंसूबा विफल हुआ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कमजोर समझने की उनकी गलत फहमी दूर हुई। राजस्थान और छत्तीसगढ़ कांग्रेस के हाथ से निकल गये। मध्य प्रदेश में कांग्रेस पहले से ज्यादा कमजोर हो गई। जातिगत जनगणना का राग निष्प्रभावी साबित हुआ। विपक्ष ने इसे ट्रम्प कार्ड के रूप में प्रयुक्त किया था। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष के पास अब कोई कारगर मुद्दा नहीं बचा है। इंडी एलायंस सेमी फाइनल में ही निरर्थक हो गया। विपक्षी गठबंधन ने बहुत उम्मीद के साथ अपना नाम बदला था। वस्तुतः यूपीए की बदनामी के चलते उन्हें ऐसा करना पड़ा। गहन विचार-विमर्श के बाद उन्होंने ऐसा नाम धरा जिसे शॉर्ट फॉर्म में इंडिया कहा जा सकता था। इसके बाद तो गठबंधन के नेता इंडिया शब्द का ऐसे प्रयोग करने लगे जैसे वह पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उस समय भी अनेक लोगों ने इंडिया शब्द के चुनावी राजनीति की दृष्टि से प्रयोग को अनुचित बताया था। कुछ ही महीने में विपक्षी गठबंधन की वास्तविकता सामने आ गई। इन्होंने इंडिया शब्द का अनुचित प्रयोग किया था। इनका बिखराव तो पांच राज्यों के चुनाव से पहले ही शुरू हो गया था। अब इनको जनता ने भी आईना दिया है। जातिवाद और परिवारवाद को जनता ने नकार दिया है। जोड़-तोड़ कर इन्होंने अपना नामकरण किया था। इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस। जबकि जनमानस का सभ्यतागत संघर्ष भारत और इंडिया के आसपास केंद्रित है। अंग्रेजों ने हमारे देश का नाम इंडिया रखा। इस नामकरण के चलते विपक्षी दलों की जवाबदेही बढ़ गई थी। अब उन्हें यह बताना चाहिए था कि डेवलपमेंट के मुद्दे पर उनकी कितनी विश्वसनीयता है। कांग्रेस के नेतृत्व वाले संयुक्त प्रगतिशील गंठबंधन संप्रग को दस वर्ष सरकार चलाने का अवसर मिला। पश्चिम बंगाल में डेढ़ दशक से तृणमूल की सरकार है। दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार को भी अवसर मिला है। बताया गया कि गठबंधन बैठक में शामिल हुए दलों की 11 प्रदेशों में सरकारें हैं। लेकिन बिडंबना यह कि किसी ने भी अपनी सरकार के विकास कार्यों पर एक शब्द भी नहीं कहा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्षी गठबंधन को घमंडिया नाम दिया था। पहली बुराई भ्रष्टाचार है जो हमारे देश की सभी समस्याओं की जड़ में है। भ्रष्टाचार से मुक्ति के लिए हर क्षेत्र और हर सेक्टर में भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई समय की मांग है। दूसरी बुराई वंशवादी राजनीति है। वंशवादी व्यवस्था ने देश को जकड़ लिया था और देश के लोगों के अधिकार छीन लिए थे। तीसरी बुराई तुष्टिकरण है। तुष्टिकरण ने देश की मूल सोच, समरस राष्ट्रीय चरित्र पर भी दाग लगाया है। इन लोगों ने सब कुछ नष्ट कर दिया और इसलिए इन तीन बुराइयों के विरुद्ध अपनी पूरी शक्ति से लड़ना होगा। भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण- ये चुनौतियां पनपीं जिन्होंने हमारे देश के लोगों की आकांक्षाओं को दबा दिया। दूसरी तरफ विपक्षी नेताओं ने जातिगत जनगणना को सबसे बड़ा चुनावी मुद्दा बनाया था। इसके अलावा वह लोकतंत्र और संविधान पर हमले के आरोप लगा रहे थे। उनका कहना था कि भारत की संस्थाओं पर हमला हो रहा है। हमारी लड़ाई भाजपा की विचारधारा के खिलाफ है। ये लड़ाई इंडिया बनाम बीजेपी है। ये इंडिया बनाम पीएम मोदी की लड़ाई है। विपक्षी नेता कथित रूप से देश को बचाने के लिए बेकरार थे। कह रहे थे कि एक तरफ देश को नफरत से बचाना है और दूसरी तरफ एक नये इंडिया का सपना लेकर हम सब इकट्ठा हुए हैं। मोदी सरकार की बेमिसाल उपलब्धियों के सामने विपक्षी दलीलें निरर्थक साबित हुई। जबकि दो वर्ष कोरोना आपदा में बीते। उसके बाद अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाना दुनिया के सामने सबसे बड़ी चुनौती बन गई थी। मगर भारत की अर्थव्यवस्था अब भी विकास की राह पर है। बीस लाख करोड़ रुपये के आत्मनिर्भर भारत पैकेज के सहारे भारत की विकास यात्रा को नई गति मिली है तथा देश आत्मनिर्भरता की राह पर बढ़ा है। आजादी के बाद सात दशकों में देश के केवल साढ़े तीन करोड़ ग्रामीण घरों में ही पानी के कनेक्शन थे।

**मध्य प्रदेश में कांग्रेस पहले से ज्यादा कमजोर हो गई। जातिगत जनगणना का राग निष्प्रभावी साबित हुआ। विपक्ष ने इसे ट्रम्प कार्ड के रूप में प्रयुक्त किया था। इसके साथ ही लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष के पास अब कोई कारगर मुद्दा नहीं बचा है। इंडी एलायंस सेमी फाइनल में ही निरर्थक हो गया। विपक्षी गठबंधन ने बहुत उम्मीद के साथ अपना नाम बदला था। वस्तुतः यूपीए की बदनामी के चलते उन्हें ऐसा करना पड़ा। गहन विचार-विमर्श के बाद उन्होंने ऐसा नाम धरा जिसे शॉर्ट फॉर्म में इंडिया कहा जा सकता था। इसके बाद तो गठबंधन के नेता इंडिया शब्द का ऐसे प्रयोग करने लगे जैसे वह पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उस समय भी अनेक लोगों ने इंडिया शब्द के चुनावी राजनीति की दृष्टि से प्रयोग को अनुचित बताया था। कुछ ही महीने में विपक्षी गठबंधन की वास्तविकता सामने आ गई। इन्होंने इंडिया शब्द का अनुचित प्रयोग किया था। इनका बिखराव तो पांच राज्यों के चुनाव से पहले ही शुरू हो गया था। अब इनको जनता ने भी आईना दिया है। जातिवाद और परिवारवाद को जनता ने नकार दिया है। जोड़-तोड़ कर इन्होंने अपना नामकरण किया था। इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस। जबकि जनमानस का सभ्यतागत संघर्ष भारत और इंडिया के आसपास केंद्रित है। अंग्रेजों ने हमारे देश का नाम इंडिया रखा। इस नामकरण के चलते विपक्षी दलों की जवाबदेही बढ़ गई थी। अब उन्हें यह बताना चाहिए था कि डेवलपमेंट के मुद्दे पर उनकी कितनी विश्वसनीयता है।**



## आप की बात

### *ऑटो से जाम*

शहर में ऑटो चालकों की मनमानी के कारण आये दिन जगह-जगह सड़कें जाम हो रही हैं। जिससे यात्रियों के साथ-साथ आम जनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं सड़क हादसे भी बढ़ रहे हैं। पलामू में परमिट वाले ऑटो से ज्यादा बगैर परमिट वाले ऑटो चलते हैं। जबकि झारखंड हाईकोर्ट का सख्त आदेश है कि शहर हो या गांव परमिट वाले ऑटो को ही चलने दिया जाए। इसके बावजूद मेदिनीनगर शहर में धड़ल्ले से बगैर परमिट वाले ऑटो दौड़ रहे हैं। पुलिस-प्रशासन ने भी इसे लेकर अपनी आंखे बंद कर रखी है। उनके द्वारा किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जा रही है। बताया जाता है कि शहर में अधिकांश ऑटो का परमिट और ऑटो चालकों के पास ड्राइविंग लाइसेंस नहीं है। सख्त कार्रवाई नहीं होने के कारण बिना लाइसेंस व परमिट के ऑटो सड़क पर सरपट घूम रहे हैं। जिस कारण शहर में ऑटो की संख्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। इससे शहर में हर जगह जाम की समस्या उत्पन्न हो रही है। जरुरत है कि शहर में ऑटो संचालन के लिए गाइड लाईन बनाने व उसके समुचित अनुपालन का। इसके लिए जिला प्रशासन, ऑटो चालकों, यातायात विभाग एवं नागरिकों को भी सामूहिक रुप से जिम्मेदारी निभानी होगी। तभी शहर में यातायात व्यवस्था सुचारु होने के साथ लोगों को जाम की समस्या से भी निजात मिलेगी। साथ ही डग्गामार वाहनों से फैल रहे भारी प्रदूषण की समस्या भी दूर होगी। उम्मीद है कि इस दिशा में जिम्मेदार अवश्य ही सकारात्मक पहल करेंगे।

**- नंदू मेहता, डालटनगंज**

प्रकृति

# राजस्थान में नेताओं की आपसी कलह से डूबी कांग्रेस



रमेश सर्राफ धमोरा

***चुनाव*** से पहले गहलोत बार-बार कहते थे कि प्रदेश की जनता में सरकार के खिलाफ नकारात्मक माहौल नहीं है। जनता प्रदेश सरकार के कामों से खुश है। विधायकों को लेकर जनता में नाराजगी है। इसलिए हम बड़ी संख्या में नये लोगों को मैदान में उतरेंगे। राजस्थान विधानसभा चुनाव में लोगों को जैसी अपेक्षा थी उसी के अनुरूप चुनाव परिणाम देखने को मिले हैं। पिछले पांच विधानसभा चुनाव से प्रदेश में हर बार राज बदलने की परंपरा छठी बार भी कायम रही है। अशोक गहलोत के लाख प्रयासों के उपरांत भी कांग्रेस पार्टी प्रदेश में हर बार सत्ता बदलने का रिवाज नहीं बदल पाई और सत्ता गंवा दी। राजस्थान के मतदाताओं ने भाजपा की भारी बहुमत से ताजपोशी की है ताकि अगले पांच साल तक वह बिना किसी बाधा के राज कर सके। प्रदेश में भाजपा 115 सीटों के पर्याप्त बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। वहीं कांग्रेस का आंकड़ा 108 से घटकर 69 सीटों पर ही सिमट गया है। प्रदेश के मतदाताओं ने तीसरे मोर्चे के नाम पर नेतागिरी कर रहे बड़बोले नेताओं को भी चुनाव में उनकी जगह दिखा दी है। बहुजन समाज पार्टी मात्र दो सीटों पर सिमट गई। वहीं सत्ता की चाबी अपने हाथ में होने का दावा करने वाले नागौर के सांसद व राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के अध्यक्ष हनुमान बेनीवाल अपनी खुद की खींवसर विधानसभा सीट पर मात्र 2059 मतों के अंतर से जीत सके हैं। उनकी पार्टी के सभी प्रत्याशी पराजित हो गये। चुनाव से कुछ महीना पहले ही बांगड़ के आदिवासी क्षेत्र में बनाई गई भारतीय आदिवासी पार्टी के तीन विधायक जीतने में सफल रहे हैं। हालांकि भारतीय आदिवासी पार्टी आदिवासी क्षेत्र में पहले भारतीय ट्राईबल पार्टी के नाम से पिछले विधानसभा चुनाव में उतरी थी और उसके दो विधायक जीते थे। उन्हीं दोनों विधायकों ने भारतीय आदिवासी पार्टी के नाम से नई पार्टी का गठन किया था। आठ निर्दलीय प्रत्याशी जीते हैं। जिनमें से एक कांग्रेस का व सात भाजपा के बागी थे। विधानसभा चुनाव से पहले अशोक गहलोत ने चौथी बार मुख्यमंत्री बनने के लिए पूरा जोर लगा दिया था। मगर कांग्रेस में चल रही आपसी गुटबाजी के चलते मतदाताओं ने कांग्रेस पार्टी को सिरे से ठुकरा दिया। विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ही पार्टी के मुख्य चेहरे बने हुए थे।

**राजस्थान विधानसभा चुनाव में लोगों को जैसी अपेक्षा थी उसी के अनुरूप चुनाव परिणाम देखने को मिले हैं। पिछले पांच विधानसभा चुनाव से प्रदेश में हर बार राज बदलने की परंपरा छठी बार भी कायम रही है।**

## फेसबुक वॉल से




X - से




अपने पत्र हमें इमेंल कर सकत हैं-article.rnmail@gmail.com

# न्यायालय व राजस्व कार्यालयों के दलालों की अब खैर नहीं



किशन भावनानी

***वैश्विक*** स्तरपर तेजी से डिजिटलाइजेशन हो रहा है। पारदर्शिता तेजी से बढ़ रही है महीनों का काम मिनटों से लेकर सेकंडो में हो रहा है। एक क्लिक से हजारों करोड़ रुपए गरीबों, किसानों, वंचितों के खातों में सीधे जा रहा है जिससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश कम करने का प्रयास किया जा रहा है, ताकि इसे जीरो टॉलरेंस तक पहुंचाया जा सके परंतु बड़े बुजुर्गों की कहावतें सच है कि नियम बनते ही तोड़ने के लिए हैं और कानून में भी अनेक लीकेजेज होते हैं जिसका फायदा जानकार लोग उठा ही लेते है। इस प्रकार का संज्ञान कानून व्यवसाई अधिनियम के तहत आने वाले सभी पहलू पहले से ही अधिवक्ता अधिनियम 1961 में शामिल है। परंतु न्यायालय क्षेत्र में भी दलालों की बढ़ती दस्तक, कार्यरेखा, हस्तक्षेप को ध्यान में रखते हुए, उच्च न्यायालय जिला न्यायालय, सत्र न्यायालय, राजस्व अधिकारी जैसे एसडीओ तहसीलदार पटवारी सहित सभी निचले स्तर तक कार्यालयों ने अपने परिसर में कार्य करने वाले ज्ञात दलालों की सूची बनाकर उनका वहां प्रसारण कर प्रवेश प्रतिबंधित कर सके और इस परिसर में दिखने पर 3 माह की सजा या 500 रुपए जुमार्ना या दोनों के रूप में सजा के पात्र होंगे। आज हम करीब करीब हर शासकीय कार्यालय में देखते हैं कि नीचे से लेकर ऊपर तक दलालों का ही बोलबाला है और करीब करीब हर एक छोटे से लेकर बड़ा काम भी हर शासकीय कार्यालय में दलालों के हस्ते ही शीघ्रता से होता है बस! मोटी रकम लगती है जो कि पूरी चैनल को बटती है यह मेरी नजरों के सामने होते ही रहता है। या यूं कहें कि अधिकतम नागरिक इस चैनल से पीड़ित हैं जिसकी मुख्य कड़ी दलाल ही होता है। परंतु मेरा मानना है कि चूंकि इस संशोधित कानून ने दलालों की सूची जो कि उसे उन अधिकारियों के द्वारा ही बनाई जायेगी जो चैनल में शामिल हैं, तो फिर इस संशोधन का कोई मूल्य नहीं रहेगा? क्योंकि जैसा कि मैं देखता हूं अधिकारियों की लिंक दलालों से अंदर खाने होती ही है, उसके इशारे फोन या कोडवर्ड से ही वह अधिकारी काम कर देता है फिर उसका पार्सल उसे साप्ताहिक मासिक मिल जाता है। यह तस्वीर हर उस व्यक्ति को मालूम होगी जो इन शासकीय कार्यालयों में अपना काम कराने जाता है याने पटवारी से लेकर उच्चस्तर तक होता हैं इसका अंदाजा उनकी लाइफस्टाइल से ही लगाया जा सकता है कि अंदर खाने कैसी मलाई के वारे न्यारे होते हैं।

**शासकीय कार्यालय में देखते हैं कि नीचे से लेकर ऊपर तक दलालों का ही बोलबाला है व करीब करीब हर एक छोटे से लेकर बड़ा काम भी हर शासकीय कार्यालय में दलालों के हस्ते ही शीघ्रता से होता है बस!**

बोधि वृक्ष

# आइये सुनें ऋषि जमदग्नि की कथा

जब सुदर्शन को अपनी त्रुटि का एहसास हुआ (अर्थात) शाप का लाभ, अहंकार को उसकी त्रुटि दिखाने के लिए है, इस प्रकार शाप अप्रत्यक्ष रूप से वरदान के रूप में थे), विष्णु ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह जल्द ही उनके साथ फिर से जुड़ेंगे और प्रसिद्ध हो जायेंगे। इस प्रकार कार्तवीर्यार्जुन का जन्म एक अपंग के रूप में हुआ था, लेकिन वह श्री दत्तात्रेय (एक में त्रिमूर्ति का अद्भुत रूप) का महान भक्त बन गया और उनसे कई वरदान प्राप्त किये। वह पृथ्वी पर सबसे शक्तिशाली राजाओं में से एक बन गये और एक बार शक्तिशाली रावण को दंडित किया और रावण के दादा पुलस्त्य को कार्तवीर्य के पास जाना पड़ा और रावण की ओर से हस्तक्षेप करना पड़ा। कार्तवीर्य को मिले वरदानों में से एक यह था कि जब अंत आये (जिस चीज की शुरूआत हो उसका अंत अवश्य होता है), तो वह एक योग्य प्रतिद्वंद्वी के हाथों में होना चाहिए। उस वरदान को पूरा करने के लिए और सुदर्शन को दिये गये वादे के अनुसार, श्री महा विष्णु ने जमदग्नि के यहां परशुराम के रूप में जन्म लिया। आइये अब उस कहानी का आनंद लेते हैं। जमदग्नि के पास सुरभि नाम की एक कामधेनु थी (कई अन्य आश्रमों में ऐसी ही गायें थीं और निश्चित रूप से इंद्र के पास यह स्वर्ग में थी। गाय सभी इच्छाओं को पूरा करने में सक्षम थी और उसे प्यार और सम्मान के साथ रखा जाता था। एक बार राजा कार्तवीर्यार्जुन ऋषि के आश्रम में आये थे) जमदग्नि अपने अनुचर के साथ (यह राजाओं का रिवाज था कि वे शिकार करने जाते थे और जंगल में रहने वाले विभिन्न ऋषियों के आश्रमों में जाते थे)। ऋषि अपनी क्षमता के अनुसार मेजबान की भूमिका निभाते थे। जब राजा ऋषि जमदग्नि से मिलने जाते थे, सुरभि की कृपा से पूरे परिवार को शानदार भोजन दिया गया। **(क्रमशः)**

टेक वर्ल्ड

# *ट्रूकॉलर पर अपना नाम ऐसे करें अपडेट*




अगर आप भी ट्रू-कॉलर पर अपना नाम अपडेट करना चाहते हैं तो ऐसे करे काम आप किसी ऐसे व्यक्ति को कॉल करते हैं, जिसकी कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में आपका नाम सेव नहीं है तो उसे ट्रू-कॉलर की ओर से नाम दिखाया जाता है। संभव है कि आपके नंबर पर किसी और का नाम दिख रहा हो या फिर गलत नाम होगा तो इसमें आप सुधार कर सकते हैं। आए दिन हो रहे स्कैम कॉल्स से सुरक्षा के लिए करोड़ो यूजर्स अपने स्मार्टफोन में ट्रू-कॉलर ऐप की मदद लेते हैं। इस कॉलर क्ऊपहचानने वाले इस ऐप की मदद से ये पता लगाया जा सकता है कि कोई अनजान नंबर किसका है। ये सेवा किसी अनजान नंबर से कॉल आने की स्थित में उसका नाम स्क्रीन पर दिखाती है। वहीं अगर इसकी ओर से आपका नाम गलत दिखाया जा रहा है तो उसे अपडेट किया जा सकता है। अगर आप किसी ऐसे व्यक्ति को कॉल करते हैं, जिसकी कॉन्ट्रैक्ट लिस्ट में आपका नाम सेव नहीं है तो उसे ट्रू-कॉलर की ओर से नाम दिखाया जाता है। संभव है कि आपके नंबर पर किसी और का नाम दिख रहा हो या फिर गलत नाम होगा तो इसमें आप सुधार कर सकते हैं।

**इसके लिए बस करना होगा ये काम :** सबसे पहले आपको ट्रू-कॉलर ऐप लेटेस्ट वर्जन पर अपडेट करना होगा। फिर इसे ओपेन करने के बाद बाईं ओर सबसे ऊपर दिख रहे मेन्यू आइकन पर टैप करें। अब यहां आपको प्रोफाइल फोटो या फिर नाम पर टैप करने के बाद प्रोफाइल सेटिंग्स में जाना होगा। नाम के साथ दिख रहे एडिट आइकन पर टैप करने के बाद आप इसमें बदलाव कर पाएंगे। **- कुसुम**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## एक नजर

### गुरुकुल के आचार्यों ने तीरंदाजी केंद्र के प्रशिक्षुओं को व्यक्तित्व विकास के प्रशिक्षण दिया



**सिल्ली।** भक्तिवेदांत विद्याभवन गुरुकुल की ओर से मंगलवार को बिरसा मुंडा तीरंदाजी केंद्र के प्रशिक्षुओं को व्यक्तित्व विकास के लिए प्रशिक्षण दिया गया। गुरुकुल के आचार्यों ने तीरंदाजों को अपने निर्धारित लक्ष्य को पाने के लिए जरूरी टिप्स दिए। व्यक्तित्व विकास, एकाग्रता बढ़ाने के उपायों की जानकारी दी। नेशनल गेम्स में कैसे फोकस करे इसके बारे में बताया गया. ।कार्यक्रम में गुरुकुल के आचार्य सुबल दास, अशिम कृष्णा दास, कोच प्रकाश राम तीरंदाज मधुमिता कुमारी समेत तीरंदाज मौजूद थे।

### अवैध बालू परिवहन पर पुलिस की सख्ती, बालू सड़क पर फेंक भागे माफिया



सिल्ली। बालू माफियाओं पर सख्ती के कारण कई माफिया बालू को सड़क के किनारे ही फेंक कर भाग गए। घटना बीते रात की है। जानकारी के मुताबिक मनाही के बाद भी बालू माफिया बालू की ढुलाई कर रहे थे। सिल्ली पुलिस ने जब इनका पीछा किया तो कई बालू ले जा रहे हाइवा सड़क पर ही बालू फेंक कर भाग गए। रांची पुरुलिया मार्ग पर मिजरा, कोचाजारा, सिल्ली समेत कई जगहों पर कई हाइवा चालक ने बालू फेंक दिया। सबेरे ग्रामीणों को जब इसकी जानकारी मिली तो बालू को घर ले जाने की होड़ लग गई। लोग बालू को घर ले जाने लगे। इसी बीच कई लोग टेक्टर पर भी लाद कर बालू लेते गए। सिल्ली थाना प्रभारी लाल जी ने बताया कि बालू माफियाओं के खिलाफ सख्ती जारी रहेगी। किसी भी परिस्थिति में बालू की अवैध ढुलाई नहीं होगी।

### धनबाद जेलर की संपति की जांच की मांग

**रांची।** झारखंड बचाओ मोर्चा के नेता विजय शंकर नायक कहा कि धनबाद जेल में की गयी हत्या के दोषी को फास्ट ट्रैक के माध्यम से जल्द सजा दी जाय। हाई सिक्योरिटी वाले जेल में पिस्तौल पहुंचना जेल प्रबंधन की लापरवाही दर्शाता है। धनबाद के जेलर तथा सभी पांचों कक्षपालों के निजी चल अचल संपत्ति की भी जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार और सभी न्यायालयों को इस बिन्दु पर गंभीरता पूर्वक विचार करना चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटना नहीं हो।

### गोड्डा में रफ्तार का कहर दो लोगों की हुई मौत

**गोड्डा।** जिले में रफ्तार ने एक बार फिर से कहर बरपाया है, जिसमें दो लोगों की जान चली गई। हादसा ललमटिया थाना क्षेत्र में हुआ है। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। पिछले एक सप्ताह में गोड्डा में सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो चुकी है।

# एनसीआरबी रिपोर्ट : झारखंड में घरेलू हिंसा और दहेज हत्या के मामले बढ़े

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड में पारिवारिक विवाद में घरेलू हिंसा के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। एनसीआरबी के द्वारा जारी किए गए आंकड़े है बता रहे हैं कि झारखंड में पारिवारिक विवाद की वजह से घरेलू हिंसा के मामले बढ़े हैं जिसमें सबसे ज्यादा हिंसा महिलाओं के साथ हुई है। खासकर तलाक और दहेज हत्या जैसे मामलों में बढ़ोतरी ज्यादा हुई है। महिलाएं घर में भी सुरक्षित नहीं: एनसीआरबी के द्वारा जारी आंकड़े या बता रहे हैं कि झारखंड में महिलाएं अपने घर में भी सुरक्षित नहीं है। झारखंड में दहेज को लेकर प्रताड़ना और हत्या, घरेलू विवाद में पति के द्वारा प्रताड़ित करने के मामलों में बढ़ोतरी हुई है। एनसीआरबी के आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 में महिला प्रताड़ना से जुड़े कुल 1550 मामले झारखंड में रिपोर्ट




किए गए। साल 2021 में इसकी संख्या 1350 थी।

**दहेज हत्या और प्रताड़ना के मामले में बढ़ोतरी:** दहेज को कानूनी रूप से भले ही मान्यता प्राप्त नहीं है लेकिन दहेज के लिए झारखंड में सबसे ज्यादा महिलाओं को प्रताड़ना का शिकार होना पड़ा है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 में पति के द्वारा प्रताड़ित किए जाने के 870 मामले सामने आए हैं जबकि 2021 में इसकी संख्या 850 थी। दहेज हत्या के मामलों में भी आश्चर्यजनक रूप से वृद्धि हुई है। साल 2022 में 215 महिलाएं दहेज के लिए मार डाली गईं। दहेज प्रताड़ना को लेकर भी अलग-अलग स्थान में कुल 1844 मामले रिपोर्ट किए गए। पति के खिलाफ सबसे ज्यादा मामलेः साल 2022 में झारखंड की महिलाओं ने सबसे ज्यादा अपने पति के खिलाफ थानों में कंप्लेंट दर्ज करवाई है। आंकड़े बताते हैं कि साल 2022 में 230 महिलाओं ने सिर्फ अपने पति पर इसलिए थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई क्योंकि वे उनके साथ घर में मारपीट किया करते थे।

### गोड्डा में आदिवासी लड़की के साथ छेड़खानी

**गोड्डा।** जिला के ललमटिया में डोजर ऑपरेटर पर लड़की के साथ छेड़छाड़ करने का आरोप लगा है। इसको लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने हंगामा किया और आरोपी को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया है। वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गयी है। गोड्डा जिला में ललमटिया थाना क्षेत्र के बसडीहा खनन इलाके में डोजर ऑपरेटर पर एक आदिवासी लड़की के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है। पीड़िता द्वारा इसकी जानकारी परिजनों को देने पर ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक ईसीएल में कार्यरत एक डोजर ऑपरेटर ने ललमटिया थाना क्षेत्र के बसडीहा खनन क्षेत्र में आदिवासी युवती के साथ छेड़छाड़ करने लगा।युवती ने बताया कि घर की बकरी गुम हो जाने के बाद वो खदान के नजदीक अपनी बकरी को ढूंढने के लिए गई थी। इसी दौरान खदान में कार्यरत डोजर ऑपरेटर ने उसके छेड़छाड़ कर जबरदस्ती करने की कोशिश की।

## झारखंड सरकार में अपराधी बेखौफ जेल में बंद कैदी भी सुरक्षित नहीं : प्रदीप सिन्हा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने मंगलवार को राज्य के जेलों में बद इंतजामी के लिए झामुमो की अगवाई वाली गठबंधन सरकार पर सवाल करते हुए कहा कि पूरे राज्य में असुरक्षा का माहौल है तथा सरकार का ढीला रवैया अपराधियों पर लगाम लगाने में असफल रहा है। उन्होंने कहा कि रांची और धनबाद जेल की घटना यह बताने के लिए काफी है कि जेल के अधिकारियों की मिली भगत से रसूखदार बंदियों को गैरवाजिब सुविधा भी मुहैया कराई जाती है तथा घातक हथियार भी जेल परिसर के भीतर पहुंचा दिए जाते हैं। सिन्हा ने कहा कि जेल के भीतर बंद अपराधी बेखौफ होकर मोबाइल फोन का उपयोग कर व्यापारियों एवं आम जनों को धमका कर पैसे वसूलते हैं। इस बात की पुख्ता जानकारी होने के बाद भी राज्य के जिलों में जैमर लगाने में सरकार की उदासीनता का खामियाजा आम जनों एवं व्यापारियों को भुगतना पड़ रहा है। रोज-रोज की धमकी पैसा उगाही से परेशान होकर धनबाद के लोगों ने सड़क पर उतारकर प्रशासन एवं सरकार के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया परंतु सरकार अपराधियों के सामने लाचार एवं बेबस दिखाई दे रही है । भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि पूरा राज्य अपराध पर अंकुश लगाने में सरकार की नाकामी का भुक्तभोगी है उग्रवादी आए दिन ठेकेदारों को लेवी देने के लिए मजबूर कर रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो एनसीआरबी के आंकड़े यह बताने के लिए काफी है कि राज्य की महिलाएं असुरक्षित है महिला उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, दहेज हत्या की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। अनुसूचित जनजाति एवं अनुसूचित जाति की महिलाओं के खिलाफ अत्याचार दुराचार की घटनाओं में वृद्धि के कारण महिला सुरक्षा का मुद्दा अति महत्वपूर्ण है पर सरकार के स्तर पर प्रभावी कदम नहीं उठाए जाने के कारण राज्य की छवि पर बुरा असर पड़ रहा है।

## समाज की सेवा करने वाले लोगों के लिए एक सशक्त प्लेटफार्म आजसू पार्टी : सुदेश महतो

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा करने वाले लोगों के लिए एक सशक्त प्लेटफार्म आजसू पार्टी है। पार्टी की सोच से प्रभावित होकर हर वर्ग के लोग हमारे साथ जुड़ रहे हैं। यह राज्य की राजनीति के लिए शुभ संकेत है। उनके जीवन के अनुभव और उनके द्वारा किए गए कार्यों का लाभ आम जनता को भी मिलेगा। वैसे लोग जो बिना किसी निजी अभिलाषा के सिर्फ राज्य की सेवा करना चाहते हैं उनके लिए पार्टी का लीडरशिप और संगठन एक सशक्त माध्यम बनेगा। सुदेश कुमार महतो मंगलवार को आवासीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर पूर्व मुख्य जिला न्यायाधीश मृत्युंजय महतो और अधिवक्ता राजीव रंजन ठाकुर ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मृत्युंजय महतो ने कहा कि वैसे तो झारखंड नाम के कई राजनीतिक दल हैं लेकिन वास्तविकता में झारखंडियों के लिए काम करने वाली इकलौती आजसू पार्टी है। सुदेश महतो जिस प्रतिबद्धता के साथ राज्य और राज्यवासियों की सेवा कर रहे हैं तथा राज्य के विकास के प्रति इनके विजन से प्रभावित होकर आज पार्टी में शामिल हो रहा हूं।

### अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक की घटनास्थल पर दर्दनाक मौत

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर श्रीबंशीधर नगर मुख्य मार्ग पर शिवपूजन पेट्रोल पंप से आगे सोमवार की रात अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार भवनाथपुर खरौंधी मोड़ निवासी राजकुमार गुप्ता (32), पिता रामाश्रय साह की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हालांकि दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे थाना के एसआई कुंदन यादव ने घायल को उठाकर स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# हेमंत सोरेन के रहते राज्य की जनता सुरक्षित नहीं : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने मंगलवार को दुमका से लिट्टीपाड़ा तक पार्टी की आदिवासी अधिकार बाइक रैली में हिस्सा लिया। सैकड़ों की संख्या में आदिवासी युवक रैली में शामिल हुए। अनेक स्थानों पर पुष्प वर्षा कर मरांडी का स्वागत हुआ। रैली को संबोधित करते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि झारखंड की विधि व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री रहते राज्य में कोई भी सुरक्षित नहीं है। राज्य में जल, जंगल, जमीन की लूट मची है। राज्य में आकंठ भ्रष्टाचार है। पुलिस वसूली में लगी है। दलाल, बिचौलिए, अपराधी बेखौफ हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने



अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में अलग राज्य दिया। राज्य का विकास भी भाजपा ने किया और आगे भी करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र की सरकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आदिवासी समाज को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए संकल्पित है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा सरकार ने अलग आदिवासी मंत्रालय बनाए। आज मोदी मंत्रिमंडल में आठ केंद्रीय मंत्री जनजाति समाज से हैं। उन्होंने कहा कि आज देश के संवैधानिक प्रमुख राष्ट्रपति के पद पर आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा संथाल परगना की सभी लोकसभा और विधानसभा सीट को जीतेगी। भाजपा का संथाल की जनता में मजबूत जनाधार है। आज भी तीन में से दो लोकसभा सीट भाजपा के पास है जबकि एक राजमहल सीट पर भाजपा ने कई बार जीत दर्ज की है। उन्होंने कहा कि रैली में आदिवासी समाज का उत्साह यह साबित करता है कि जनता हेमंत सरकार से ऊब चुकी है।

### आपकी योजना आपकी सरकार कार्यक्रम में भारी संख्या में आवेदन

**खूंटी।** राज्य सरकार के निर्देश के आलोक में जिला प्रशासन की ओर से खूंटी जिले के सभी प्रखंड और नगर पंचायत क्षेत्र में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन मंगलवार को किया गया। प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में आयोजित कैम्प में बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाकों के लोगों ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टाल में आवेदन जमा किया और सरकार की योजनाओं की जानकारी ली। कर्रा प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार सिंह ने ग्रामीणों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। गोविंदपुर पंचायत में आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में में आठ लाभुकों को बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन स्वीकृति प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। साथ ही 119 लाभुको को सोना सोबरन धोती साड़ी योजना का लाभ, चार कार्डधारियों को सावित्री बाई फूले किशोरी समृधि योजना, 25 वृद्धजनों को कंबल वितरण, पांच आंगनबाड़ी के बच्चों को स्वेटर वितरण, छात्र-छात्राओं को साइकल खरीदने के लिए खाते में राशि भेजी गई।

# विराज नर्सिंग होम के बाहर से लापता मां-बेटी का सुराग नहीं

**एजेंसी। रांची**

कोतवाली थाना क्षेत्र के विराज नर्सिंग होम के बाहर से लापता महिला और उसकी बच्ची का कोई सुराग नहीं मिला। गत 27 नवंबर को मेन रोड स्थित दुर्गा बाड़ी मंदिर के पीछे वाली गली से सुबह के समय दोनों लापता हो गयी। लापता हुई महिला विराज नर्सिंग होम में काम करती थी। विराज नर्सिंग होम के संचालक डॉ आरके जायसवाल ने बताया कि 27 नवंबर की सुबह करीब नौ बजे बच्ची नर्सिंग होम के गेट के पास खेल रही थी। जबकि उसकी मां रूमी उरांव गेट के बाहर सड़क पर खड़ी थी। रिशेप्सन में बैठी एक महिला कर्मचारी मंजुला भगत कुछ काम से थोड़ी देर के लिए अंदर गयी और लौटी तो दोनों को गायब पाया। उन्होंने बताया कि इसके बाद सट्टी ने मिलकर दोनों की खोज की लेकिन उन दोनों के बारे में कोई



जानकारी नहीं मिली। डॉ जायसवाल ने बताया कि रूमी उरांव नर्सिंग होम के बाहर ही बच्ची को जन्म दी थी। जिसके बाद से दोनों को मैनें नर्सिंग होम में ही रख लिया था। बच्ची की उम्र करीब साढ़े चार साल की है। उसे मैनें अपनी बेटी की तरह पाला है। मां के साथ बच्ची के गुम होने से हमलोग बहुत परेशान है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में नर्सिंग होम की कर्मी मंजुला भगत ने कोतवाली थाना में शिकायत दर्ज करायी है। महिला काला कुर्ती के उपर आसमानी फुल बांह की टॉप और ब्लू लैगिज पहनी हुई है। जबकि बच्ची हरे रंग का फ्रॉक के उपर काला-लाल रंग का स्वेटर पहनी हुई है। कोतवाली पुलिस की ओर से लापता मां-बेटी के बार में पता लगाने की कोशिश जारी है। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी की जांच की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

### उज्जवला से आया महिलाओं के जीवन में बदलाव

**रांची।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत ग्राम पंचायतों में आयोजित शिविरों में आ रहे लोग प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को कल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित होने पर धन्यवाद दे रहे हैं। किसान जहां एक ओर साल में पीएम किसान सम्मान निधि से मिलने वाले 6000 रुपए से अपने आप को सेठ साहूकारों के चंगुल से मुक्त होने की बात कह रहे हैं वहीं दूसरी ओर उज्वला एवं पीएम आवास योजना के लाभार्थी अपने जीवन में इस तरह के बदलाव से काफी खुश हैं। हर जिले के ग्राम पंचायत में शिविर का आयोजन कर भारत सरकार द्वारा दी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी देने के साथ-साथ उन्हें योजनाओं का लाभ भी दिया जा रहा है. इस कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधी, किसान, छात्र,महिला स्वयं सहयता समूह और ग्रामीण जनता के मध्य केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजना यथा आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, उज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना आदि तहत लाभ प्राप्त करने तथा योजना से संबंधित समस्त जानकारी को जागरूकता के विभिन्न साधनों द्वारा साझा किया जा रहा है

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का पड़ाव आज पाकुड़ में




**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड़**

'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के तहत विकास का पडाव आज पाकुड़ जिला के पाकुड़िया प्रखंड के बनिया प्रसार एवं महुल पहाड़ी पंचायत भवन में कार्यक्रम आयोजित किए गए ।विशेष कर ग्रामीण महिलाएं उससे लाभान्वित हुए। भारत सरकार के प्रचार जागरूकता वाहन से लोगों ने जानकारी प्राप्त की और एलईडी वॉल पर प्रधानमंत्री का संदेश देखा और सुना। कार्यक्रम के दौरान सभा में आए हुए ग्रामीणों को सरकार की योजनाओं की जानकारी दी गई व सुयोग्य लाभुकों को विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कराया गया। यह कार्यक्रम पाकुड़िया प्रखंड के बनिया प्रसार पंचायत के मुखिया श्रीमती सलोनी बेसरा के अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में प्रखंड के स्वास्थ्य विभाग निरंजन कुमार, राय कमल कुमार ठाकुर बीपीओ श्री राजकुमार चक के देव कुमार ठाकुर एवं ग्राम पंचायत मोहन पहाड़ी की मुखिया श्री प्रकाश मरांडी उप मुखिया जियोन मरांडी तथा कई गणमान्य अतिथि कार्यक्रम में भाग लिए। सभा स्थल पर स्वास्थ्य विभाग एवं उज्जवला गैस योजना के स्टॉल भी मौजूद रहे और गैस चूल्हा इत्यादि का वितरण भी हुआ।

आज भारत सरकार का प्रचार जागरूकता वाहन विकसित भारत संकल्प कार्यक्रम स्थल पहुंचा। प्रचार / जागरूकता वाहन के माध्यम से ग्रामीण बड़े एलइडी वॉल पर सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी से लैस हुए। कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं,ग्रामीण जनता तथा लाभुक पहुंचे। सभी को वर्ष 2024 का वार्षिक कैलेंडर तथा प्रचार सामग्री दी गई। इस तरह का कार्यक्रम देखकर ग्रामीण जनता काफी लाभानवित हुए।

## विधायक ने जरुआडीह पतराहातु पथ सुदृढ़ीकरण कार्य का किया भूमि पूजन



**नवीन मेल संवाददाता।** सिल्ली/मुरी। पुर्व उपमुख्यमंत्री सह स्थानीय विधायक सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को प्रखंड के पतराहातु बादल चौक में जारुआडीह पतराहातु पथ सुदृढ़ीकरण एवं राइडिंग क्वालिटी सुधार कार्य का भुमि पुजन किया। बंता बुंडू पथ के पतराहातु चौक से जरूआडीह 18. 950 किमी पथ का निर्माण कार्य पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल रांची (ग्रामीण) द्वारा 6 करोड की राशि से किया जाना है। कार्यक्रम स्थल पर संवेदक मेसर्स जयमातादी कंस्ट्रक्शन कंपनी के संजय, ददन सिंह, मृत्यंजय सिंह, तबरेज आदि ने विधायक को पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। मौके पर विधायक ने कहा कि पुर्व में यह पथ आरईओ विभाग की थी जिसके कारण पथ की मरम्मत नहीं हो पाती थी और लोगों को आवागमन में काफी कठीनाईयों का सामना करना पड़ रहा था। अब इसे पीडब्ल्यूडी में परिणत किया गया है अब पथ की रखरखाव में परेशानी नहीं होगी वहीं आवागमन में सुविधा

# खुशी क्लास और खुशी चौपाल में गूंजे खुशियों के संदेश

**नवीन मेल संवाददाता। चंद्रपुरा/ बोकारो**

राजकीयकृत प्लस टू उवि दुग्धा, नेहरू प्लस टू उवि तेलो में खुशी क्लास और तेलो पंचायत सचिवालय के पास खुशी चौपाल का आयोजन हुआ। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची और खुशी मिशन के तत्वावधान में आयोजित खुशी क्लास को सम्बोधित करते हुए संस्थापक सह संचालक मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि असफलता हमेशा सफलता की पहली सीढ़ी होती है। इसलिए असफलता से घबराना नहीं है। बल्कि इस पर पैर रखकर सफलता की मंजिल तक पहुंचाना है। सकारात्मकता कैसे जिंदगी बदलती है इससे संबंधित चौहान ने कहानी भी सुनाई- एक वैज्ञानिक का पुत्र अपने पिता की सफलता और धन पर सिर्फ ऐश करता। एक दिन वैज्ञानिक पुत्र के सामने बर्तन के खौलते पानी में एक मेंढक को डाला। मेढक उछलकर बर्तन से बाहर आ गया। फिर



वैज्ञानिक ने एक बर्तन में रखे नार्मल पानी में मेंढक को डाला। मेंढक बाहर न कूदकर पानी में आराम से रहा। अब वैज्ञानिक ने बर्तन के नीचे आग सुलगा दी। पानी हल्का गर्म हुआ, फिर भी मेंढक पानी में ही रहा। जब पानी खौलने लगा, तब मेढक निकलने का प्रयास शुरू किया। लेकिन मेढक निकल नहीं पाया और दम तोड़ दिया। वैज्ञानिक ने पुत्र से कहा- अगर तुम क्रियाशील रहकर परिस्थिति का सामना करते हो तो तुम्हारे अंदर शक्ति का संचार होता रहता है। लेकिन तुम सेफ जोन में आराम से पड़े रहते हो तो तुम्हारी शक्ति कमजोर पड़ने लगती है। ऐसे हालात में अचानक मुसीबत आ जाए तो तुम उबर नहीं पाओगे, टूट जावगे। जैसे मेढक शुरू में गर्म पानी से कूद कर बच गया। लेकिन नार्मल और हल्के गर्म में आराम से पड़ा रहा। नतीजन उसकी ताकत कमजोर पड़ गई। काफी गर्म हो जाने पर जिस बर्तन से पहले वह कूद गया था, दूसरी बार उसी बर्तन को फलांग नहीं पाया और दम तोड़ दिया। कार्यक्रम के अंत में चौहान ने स्कूल प्रबंधन से आग्रह किया कि कभी भी कोई तनाव से संबंधित मामला आए, खुशी क्लास से जरूर संपर्क करें। निःशुल्क हर संभव मदद पहुंचाई जाएगी। लाइफ केयर हॉस्पिटल, रांची के खुशी दूत संदीप शाह धन्यवाद ज्ञापन करते हुए भारत सरकार की गरीबों के इलाज-स्वास्थ्य के लिए चलाई जा रही महत्वाकांक्षी योजना आयुष्मान के बारे में भी बताया।



## राज्यपाल को गूंज महोत्सव के लिए किया आमंत्रित

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने मंगलवार को राजभवन जाकर राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन से मुलाकात की। उन्होंने राज्यपाल को 18, 19 एवं 20 दिसंबर को सिल्ली में होने वाले गूंज महोत्सव 2023 के लिए आमंत्रण किया। राज्यपाल से नेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडी एंड रिसर्च इन लॉ (एनयूएसआरएल) रांची के कुलपति डॉ. अशोक आर पाटिल ने राजभवन में भेंट की तथा दीक्षांत समारोह में आमंत्रित किया। राज्यपाल से नेशनल साइकिलिस्ट एस. कादरीवेल ने शिष्टाचार भेंट की।




## एक नजर

### दुर्दांत आतंकवादी लखबीर रोडे की पाकिस्तान में मौत



**चंडीगढ़।** भारत का मोस्ट वांटेड एवं प्रतिबंधित आतंकी संगठन खालिस्तान लिबरेशन फोर्स का प्रमुख लखबीर सिंह रोडे नहीं रहा। जरनैल सिंह भिंडरांवाले का सगा भतीजा रोडे पाकिस्तान में रह रहा था। दो दिसंबर को उसकी मौत हो गई थी। अकाल तख्त के पूर्व जत्थेदार जसबीर सिंह रोडे ने मंगलवार को उसके मौत की पुष्टि की। जसबीर सिंह रोडे ने कहा है कि भाई के बेटे ने उन्हें सूचित किया है कि लखबीर की पाकिस्तान में मौत हो गई है।

### मिजोरम सरकार में महिला उत्थान होगी प्राथमिकता

**नई दिल्ली/आइजोल।** मिजोरम के नए मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा शपथ लेने के बाद अपनी सरकार की प्राथमिकताओं की घोषणा करेंगे। मंगलवार को उन्होंने आइजोल में पत्रकारों के साथ बातचीत में स्पष्ट किया कि इस बार महिला मतदाताओं की संख्या पुरुषों की तुलना में अधिक रही है। उनकी पार्टी को सत्ता की चाबी सौंपने में महिला मतदाताओं की बड़ी भूमिका रही है, इसलिए वे महिलाओं के आभारी हैं और वे उनके उत्थान के लिए प्रतिबद्ध हैं। वह उनकी प्राथमिकता में हैं। जोरम पीपुल्स मूवमेंट के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार लालदुहोमा कहते हैं कि उनकी जीत भगवान और लोगों का आशीर्वाद है। उन्होंने कहा कि वे पिछले वर्ष से ही इतनी बड़ी जीत की उम्मीद कर रहे थे, क्योंकि वे लोगों का मूड जानते हैं।

### भारतीय संस्कृति की पहचान और वाहक रही है संस्कृत : राष्ट्रपति



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को कहा कि संस्कृत हमारी संस्कृति की पहचान और वाहक रही है। यह हमारे देश की प्रगति का आधार भी रही है। विश्वविद्यालय की विजिटर और राष्ट्रपति मुर्मू ने नई दिल्ली में श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पहले दीक्षांत समारोह को संबोधित किया। राष्ट्रपति ने जहां दीक्षांत समारोह में 4423 उपाधियां प्रदान कीं वहीं सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छह छात्रों को स्वर्णपदक से विभूषित किया। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान और विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मुरलीमनोहर पाठक सहित अन्य गण्यमान्य लोग उपस्थित रहे।

# चक्रवात मिचौंग : तमिलनाडु में 8 की मौत, सड़कें और सबवे जलमग्न

**एजेंसी। चेन्नई**

तमिलनाडु में भीषण चक्रवाती तूफान मिचौंग के कारण कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई है। चेन्नई और राज्य के अन्य प्रमुख शहरों में मुख्य सड़कें और सबवे जलमग्न हो गए हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि परिवारों को प्रभावित क्षेत्रों से हटा दिया गया है, जबकि गर्भवती महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को खतरे वाले क्षेत्रों से बचाया गया है। मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने चक्रवात प्रभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया, बचाव कार्यों और प्रभावित लोगों को दी जाने वाली सुविधाओं की निगरानी की। उन्होंने कहा कि एहतियाती उपायों, व्यवस्थित सुधारों और व्यापक संरचनात्मक तैयारियों के कारण जीवन के नुकसान को काफी हद तक कम किया गया है। उन्होंने चेन्नई के कन्नप्पार थिडल में स्थापित एक राहत शिविर का भी दौरा किया। बचाव एवं राहत कार्य युद्ध स्तर पर चलाए जा रहे हैं। द्रमुक सरकार द्वारा कार्यान्वित तूफानी जल निकासी परियोजनाओं के कारण चेन्नई को बड़े पैमाने पर नुकसान होने से बचाया गया।



# सत्र में विपक्ष ने आर्थिक विकास को नकारा, सत्तापक्ष ने किया गुणगान

**पक्ष**

- मोदी की नीतियों के बल पर डिजिटल परिवर्तन से भारत का एक नया स्वरूप उभरा
- देश की अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है
- त्योहारी सीजन में 4 लाख करोड़ के खुदरा कारोबार का अनुमान
- 7.5 करोड़ लोगों के पास दोपहिया या चार पहिया वाहन, संपदा के समान वितरण का प्रमाण

**विपक्ष**

- देश के मात्र छह प्रतिशत लोगों के पास देश की 60 प्रतिशत संपदा
- 2014 से लेकर 2023 के दौरान अनाज की कीमतों में 120 % की बढ़ोतरी
- देश के 25 प्रतिशत युवा बेरोजगार, संपदा के समान वितरण से ही सर्वांगिण विकास
- देश की आबादी में 46 प्रतिशत को ही मात्र काम मिला हुआ है
- लोगों की बचत 50 वर्ष के निचले स्तर पर आ गयी है।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ने के आंकड़ों को विपक्ष ने खारिज करते हुये मंगलवार को राज्यसभा में कहा कि संपदा का निर्माण हो रहा है लेकिन इसका समान वितरण नहीं हो रहा है और महंगाई एवं बेरोजगारी से लोग बुरी तरह प्रभावित हैं। वहीं सत्तापक्ष ने संपदा के समान वितरण होने का दावा किया।

तृणमूल कांग्रेस के डेरेक ओ ब्राइयन ने देश में आर्थिक स्थिति पर अल्पकालिक चर्चा की शुरूआत करते हुये कहा कि चुनाव में कोई भी जीते आखिरी जीत सिर्फ और सिर्फ आम जनता की होती है। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को देखने का हर किसी का अपना नजरिया है लेकिन संपदा के समान वितरण से सर्वांगिण विकास संभव होगा। उन्होंने कहा कि चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में विकास दर 7.6 प्रतिशत रहा है लेकिन इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है क्योंकि शेयर बाजार की तेजी और अन्य माध्यमों से संपदा का निर्माण हो रहा है। देश के मात्र छह प्रतिशत लोगों के पास देश की 60 प्रतिशत संपदा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 से लेकर 2023 के दौरान अनाज की कीमतों में 120 प्रतिशत तक की बढोतरी हुयी है। चावल, गेंहू, अरहर और आलू की कीमतों में बेताहासा वृद्धि हुयी है। परिवार की बचत घट रही है और महंगाई तथा बेरोजगारी में बढोतरी हो रही है। मनरेगा के तहत रोजगार नहीं मिल रहा है। देश के 25 प्रतिशत युवा बेरोजगार हैं जिससे साफ पता चलता है कि संपदा का समान वितरण नहीं हो रहा है।



### भारत दुनिया में अभी सबसे चमकता सितारा

सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि अक्टूबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत की चालू वित्त वर्ष में वृद्धि 6.3 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है जो विश्व में बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सबसे अधिक है। उन्होंने कहा कि 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार एक अरब डॉलर के निचले स्तर पर पहुंच गया था और आज यह 500 अरब डॉलर से अधिक हो गया है। इस वर्ष दिवाली के अवसर पर त्योहारी सीजन में 4 लाख करोड़ रुपये के खुदरा कारोबार होने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि अभी देश में 7.5 करोड़ लोगों के पास दोपहिया या चार पहिया वाहन है जो संपदा के समान वितरण की ओर बढने का संकेत है। उन्होंने आईएमएफ की एक रिपोर्ट का हवाला देते हुये कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों के बल पर डिजिटल परिवर्तन से भारत का एक नया स्वरूप उभरा है और यह दुनिया में अभी सबसे चमकता हुआ सितारा है। कभी हमारा यह कह कर मजाक बनाया जाता था कि दो प्रतिशत की विकास दर हिन्दू विकास दर है। लेकिन अब जब से भारतीय जनता पार्टी सत्ता में आयी है तब से देश की अर्थव्यवस्था सात प्रतिशत से अधिक की दर से बढ़ रही है जो हिन्दुत्व की विकास दर है। उन्होंने कहा कि देश की आजादी के समय देश की अर्थव्यवस्था पर लगभग ताला लगा हुआ था और अयोध्या में रामलला को भी बंद रखा गया था। जब वर्ष 1991 में रामलाल की पूजा शुरू हुयी तब भारतीय अर्थव्यवस्था खुलने लगी और बढ़ने लगी। वर्ष 2004 में खुदाई में स्तंभ मिलने से जब पुष्टि हुयी कि रामलला यही विराजमान थे तब से अर्थव्यवस्था को भी गति मिलने लगी और अब जब भव्य राम मंदिर बनकर तैयार हो रही है तब हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया में सबसे तेज गति से बढ़ रही है।

कांग्रेस के पी चिदंबरम ने कहा कि दुनिया में भारत सबसे तेज गति से बढ़ रहा है लेकिन इसका असर सतही स्तर पर क्यों नहीं दिख रहा है। देश में सबसे अधिक विदेशी निवेश आ रहा है। अर्थव्यवस्था सबसे तेजी से बढ़ रही है। इसका असर महंगाई और बेरोजगारी पर क्यों नहीं दिख रहा है। भाजपा देश में हर वर्ष दो करोड़ रोजगार देने के अपने वादे पर चर्चा नहीं कर रही है। यह जुमला बन कर रह गया है। देश की आबादी में 46 प्रतिशत को ही मात्र काम मिला हुआ है इसमें से 79 प्रतिशत पुरूष और 21 प्रतिशत महिला शामिल है। वास्तविक स्तर पर 46 प्रतिशत के आधे ही काम कर रहे हैं जो मात्र 23 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी में बढोतरी हो रही है और सरकार आर्थिक वृद्धि की बात कर रही है।

उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीने में महंगाई कम हुयी है लेकिन आम लोगों को कोई राहत नहीं मिल रही है। ऊंची महंगाई और अधिक बेरोजगारी दर का क्या समायोजन है। लोगों की बचत 50 वर्ष के निचले स्तर पर आ गयी है। बाल कुपोषण में बढोतरी हो रही है। देश के 23 करोड़ लोग गरीब हैं जिसके कारण यह वृद्धि के आंकड़े अस्वीकार्य योग्य है। यह संपदा के समान वितरण वाला विकास नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्ष 1993 में देश का जीडीपी 25 लाख करोड़ रुपये था। वर्ष 2003 में यह 50 लाख करोड़ हो गया और वर्ष 2013 में 100 लाख करोड़ हो गया। उन्होंने सदन में मौजूद वित्त मंत्री निर्मला सीतामरण की ओर मुखातिब होते हुये पूछा कि क्या मोदी सरकार के 10 वर्ष के कार्यकाल में या मार्च 2024 तक देश का जीडीपी 200 लाख करोड़ का होगा। द्रमुक की कनिमोझी एनवीएन सोमू ने देश के विकास के आंकड़ों को नकाराते हुये कहा कि इसका लाभ आम लोगों को नहीं मिल रहा है। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी में बढोतरी हो रही है और सरकार तेज आर्थिक वृद्धि का राग अलाप रही है।

### राजस्थान में करणपुर विधानसभा सीट पर 5 जनवरी को मतदान



**जयपुर।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने राजस्थान के श्रीगंगानगर जिले की करणपुर विधानसभा क्षेत्र के लिए चुनाव कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इस सीट पर मतदान 05 जनवरी को और मतों की गणना 10 जनवरी को होगी। इस सीट के कांग्रेस उम्मीदवार के निधन के कारण चुनाव कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया था। निर्वाचन आयोग के मुताबिक करणपुर सीट के लिए 12 दिसंबर से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। 19 दिसंबर नामांकन की आखिरी तारीख है। 20 को जांच और 22 दिसंबर तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। पांच जनवरी को मतदान और 10 जनवरी को मतगणना होगी। कांग्रेस उम्मीदवार गुरमीत सिंह कुन्नर के निधन के बाद इस सीट पर चुनाव रद्द किए गए थे। राज्य की 200 में से 199 विधानसभा सीटों के लिए 25 नवंबर को मतदान हुआ था और तीन दिसंबर को मतों की गणना की गई।

# भारत और केन्या के बीच पांच करार पर हस्ताक्षर



### प्रधानमंत्री बोले अफ्रीका के साथ सहयोग मिशन मोड पर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत और केन्या के बीच मंगलवार को शिक्षा, संस्कृति और अन्य क्षेत्रों से जुड़े पांच करार पर हस्ताक्षर किए गए हैं। कृषि क्षेत्र को आधुनिक बनाने के लिए भारत केन्या को 250 मिलियन डॉलर का ऋण देगा। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत की विदेश नीति में अफ्रीका को हमेशा उच्च प्राथमिकता दी गई है। पिछले लगभग एक दशक में हमने मिशन मोड में अफ्रीका के साथ अपना सहयोग बढ़ाया है। केन्या के राष्ट्रपति डॉ. विलियम समोई रुतो तीन दिवसीय यात्रा पर कल नई दिल्ली पहुंचे थे। भारत की राजकीय यात्रा पर आए समोई रुतो ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ दिल्ली के हैदराबाद हाउस में द्विपक्षीय और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता की। वार्ता के बाद दोनों नेताओं ने संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और केन्या के बीच आपसी व्यापार और निवेश में लगातार प्रगति हो रही है। उन्हें खुशी है कि केन्या ने ग्लोबल बायोफ्यूल एलायंस और अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन से जुड़ने का निर्णय लिया है। साथ ही केन्या द्वारा लिये गए इंटरनेशनल बिग कैट एलायंस से जुड़ने के निर्णय से हम बिग कैट के संरक्षण के लिए वैश्विक प्रयासों को सशक्त कर सकेंगे।

### सांसदों द्वारा पूछे गये सवाल का लोकसभा में लिखित जवाब दिया

# 13,626 एसटी-एससी छात्रों ने सीयू आईआईटी, आईआईएम की पढ़ाई छोड़ी

**अधिकतर ड्रॉपआउट आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के**

**पढ़ाई छोड़ने वाले तीन में से एक छात्र को या तो अपना या अपने परिवार का भरण-पोषण करना पड़ता है**

**बीते 5 वर्षों की स्थिति**



**एजेंसी। नई दिल्ली**

जिस आदिवासी , दलित व पिछड़ा समाज के उत्थान का जोर-शोर से प्रचार चलता रहता है उनके बच्चों के शिक्षा के हालात यह हैं कि बीते 5 वर्षों में 13,626 दलित ,आदिवासी व पिछड़ा समुदाय के छात्रों ने केंद्रीय विश्वविद्यालयों, आईआईटी, आईआईएम से पढ़ाई छोड़ दी है। यदि इसके साथ रैगिंग में प्रताड़ना व आत्म हत्या की संख्या जोड़ लें तो यह स्थिति गंभीर दिखने लगती है। संसद के शीतकालीन सत्र में शिक्षा राज्य मंत्री सुभाष सरकार ने सांसदों द्वारा पूछे गये सवाल का लोकसभा में एक लिखित जवाब दिया - उच्च शिक्षा में छात्रों को कई विकल्प होते हैं। वे अक्सर अलग-अलग संस्थानों के बीच, या एक ही संस्थान के अलग-अलग कोर्स के बीच ट्रांसफर होते रहते हैं। सरकार द्वारा पेश किए डेटा से पता चलता है कि पिछले पांच वर्षों में 4,596 ओबीसी, 2,424 एससी और 2,622 एसटी छात्र केंद्रीय विश्वविद्यालयों से बाहर हो गए हैं। इसी अवधि में 2,066 ओबीसी, 1,068 एससी और 408 एसटी छात्र आईआईटी से बाहर हो गए। 163 ओबीसी, 188 एससी और 91 एसटी छात्र आईआईएम से बाहर हो गए। जवाब में बताया गया है कि ड्रॉपआउट रेट कम करने के लिए सरकार द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को पढ़ाई के लिए कई तरह से मदद पहुंचाई जा रही है। इन प्रयासों में फीस को कम करना, अधिक संस्थानों की स्थापना करना, छात्रवृत्ति, आदि शामिल हैं। सरकार भी यह भी कहना है कि एससी/एसटी छात्रों के कल्याण के लिए ह्यआईआईटी में ट्यूशन फीस की छूटह्व, सेंट्रल सेक्टर स्कीम के तहत राष्ट्रीय छात्रवृत्ति का अनुदान, संस्थानों में छात्रवृत्ति आदि जैसी योजनाएं भी हैं। मंत्री ने कहा, एससी/एसटी छात्रों के किसी भी समस्या का तुरंत सुनवाई के लिए, संस्थानों ने एससी/एसटी छात्र सेल , इक्वल अपॉर्चुनिटी सेल, छात्र शिकायत सेल, छात्र शिकायत समिति, स्टूडेंट सोशल क्लब, संपर्क अधिकारी, संपर्क समिति आदि जैसे तंत्र स्थापित किए हैं। इसके अलावा यूजीसी ने छात्रों के बीच समानता और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए समय-समय पर निर्देश जारी किए हैं। लोकसभा में यह सवाल पूछा गया था कि क्या सरकार ने इन उच्च शिक्षा संस्थानों में एससी, एसटी और ओबीसी के छात्रों के बीच हाई ड्रॉपआउट रेट के कारणों को समझने के लिए कोई अध्ययन किया है?

इस बारे में (हायर एजुकेशन में छात्रों के ड्रॉपआउट रेट को लेकर ) समझने के लिए ,ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन के पूर्व अध्यक्ष एसएस मंथा तथा भारत सरकार के पूर्व शिक्षा सचिव अशोक ठाकुर का अप्रैल 2023 में इंडियन एक्सप्रेस में लिखा एक लेख सहायक हो सकता है।

**चंद्रयान-3 की बड़ी उपलब्धि** | चंद्रमा से नमूने वापस लाने के मिशन के तहत प्रयोग

# प्रोपल्शन मॉड्यूल वापस पृथ्वी की कक्षा में स्थापित

**एजेंसी। नई दिल्ली**

चंद्रयान 3 ने मंगलवार को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली। इसरो एक अनूठे प्रयोग के तहत चंद्रमा की कक्षा में चक्कर लगा रहे चंद्रयान-3 के प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) को वापस धरती की कक्षा में ले आया है। इसरो ने मंगलवार को एक्स पर खुशी साझा करते हुए बताया कि एक अन्य अनूठे प्रयोग में चंद्रयान-3 का प्रोपल्शन मॉड्यूल (पीएम) को चंद्र कक्षा से पृथ्वी की कक्षा में लाया गया है। प्रोपल्शन मॉड्यूल इसके लिए रिटर्न मैनुवर यानी वापसी की प्रक्रिया की गई। इसरो के मुताबिक 10 नवम्बर को प्रोपल्शन मॉड्यूल ने चंद्रमा से वापस धरती की यात्रा शुरू की।



22 नवम्बर को यान धरती के निकटतम बिंदु (पेरिगी) से होकर गुजरा। यह प्रयोग चंद्रमा से नमूने वापस लाने के मिशन (सैंपल रिटर्न मिशन) को ध्यान में रखते हुए किया गया है। प्रोपल्शन मॉड्यूल जो पहले चंद्रमा की 150 कि.मी. वाली कक्षा में चक्कर लगा रहा था अब धरती की कक्षा में है।

इसरो के मुताबिक इस प्रोपल्शन मॉड्यूल को चंद्रमा की कक्षा में केवल तीन महीने तक रहना था। लेकिन इसरो ने ईंधन का उपयोग कर प्रोपल्शन मॉड्यूल को वापस धरती की कक्षा में लाने का फैसला किया ताकि, सैंपल रिटर्न मिशन के लिए अहम जानकारियां जुटाई जा सकें। उल्लेखनीय है कि चंद्रयान-3 मिशन को 14 जुलाई 2023 को लॉन्च को श्री हरिकोटो से प्रक्षेपित किया गया था। चंद्रयान - 3 मिशन का उद्देश्य चंद्रमा के दक्षिण ध्रुवीय क्षेत्र के पास एक सॉफ्ट लैंडिंग करना और विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर के माध्यम से चंद्रमा की सतह पर मौजूद खनीज का पता लगाना था। 23 अगस्त को चंद्रयान तीन ने चंद्रमा की धरती पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग की। उसके बाद 10 दिनों तक विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर ने जानकारियां जुटाई। उसके बाद उसे स्लीप मोड पर डाल दिया गया। यह होता है प्रोप्लशन मॉड्यूलः चंद्रयान तीन में तीन अहम हिस्से थे जिसमें प्रोपल्शन मॉड्यूल, दूसरा है लैंडर मॉड्यूल और तीसरा है रोवर। प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रयान-3 का काम लैंडर और रोवर को धरती की कक्षा से चांद की ओर ले जाना है। पीएम ने लैंडर और रोवर को चंद्रमा की कक्षा यानी ऑर्बिट में 100 किलोमीटर ऊपर छोड़ दिया। प्रोपल्शन मॉड्यूल चंद्रमा के ऑर्बिट में लैंडर और रोवर से कम्युनिकेशन बनाए रखने के लिए चक्कर लगाता रहा।

## एक नजर

### स्नातकोत्तर खड़िया विभाग के नए अध्यक्ष प्रो बन्धु भगत का स्वागत

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय के जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय में प्रो बन्धु भगत को स्नातकोत्तर खड़िया विभाग का विभागाध्यक्ष बनाए जाने पर स्वागत किया गया। संकाय के शिक्षकों ने स्वागत गान एवं पुष्प गुच्छ व उपहार देकर नवनियुक्त विभागाध्यक्ष का स्वागत किया। शिक्षकों शुभकामनाएं देते हुए कहा गया कि प्रो बन्धु के अनुभव का लाभ खड़िया विभाग के शिक्षकों और छात्रों को मिलेगा। विभागाध्यक्ष के रूप में छात्र छात्राओं व शोधकताओं के साथ साथ शिक्षकों का भी मार्गदर्शन करते रहेंगे। प्रो बन्धु भगत डॉ मेरी एस सोरेंग का स्थान लेंगे। मौके पर नवनियुक्त विभागाध्यक्ष प्रो बन्धु भगत ने कहा कि मैं चौबीस घंटे छात्र छात्राओं व शोधकताओं के लिए उपलब्ध रहूंगा। कोई समस्या आये तो बेहिचक मुझे बता सकते है। मैं हर संभव मदद करने की कोशिश करूंगा।

### ब्राइट फॉर फ्यूचर ने गरीबों के बीच कंबल का किया वितरण



रांची। सोसाइटी फॉर ब्राइट फ्यूचर ने इदरीसिया तंजीम स्कूल में जरूरतमंद लोगों के बीच गर्म कपड़ों का वितरण किया गया। लोगों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से राहत प्रोजेक्ट के अंतर्गत 100 जरूरतमंद लोगों को कंबल दिया गया। एसबीएफ के राज्य संयोजक सोहैल अख्तर ने कहा कि एसबीफ प्राकृतिक आपदा या गैर प्राकृतिकआपदा से निपटने के लिए ड्डारत के विभिन्न राज्यों में के कई स्थानों पर जन जागरूकता अभियान चला रही है। अभियान के तहत रक्तदान शिविर, यातायात जागरूकता, प्रशिक्षण शिविर भी आयोजित करता है। कार्यक्रम में इदरिसिया तंजीम स्कूल के सेक्रेटरी हाजी उमर, स्कूल की प्राचार्य नाजिया, एजाज गद्दी, नय्यर रहमान, अमीर मुकामी, मतलूब अहमद और ज़ियाउल इस्लाम ने सहयोग किया।

### जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग के अध्यक्ष डॉ नाग को दी गई विदाई

**रांची/खूंटी।** जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग बिरसा कॉलेज, खूंटी में सोमवार को समारोह का आयोजन कर विभागाध्यक्ष डॉ जयसिंह नाग को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच विदाई दी गई। जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग में कॉलेज की प्राचार्या और अन्य प्राध्यापकों ने प्रार्थना के बीच बाद सम्मान स्वरूप विभाग की ओर से डॉ नाग को पारंपरिक पगड़ी पहनायी गई और अंगवस्त्र देकर उन्हें सम्मानित किया गया और ज्ञान की ज्योति की प्रतीक मोमबत्ती जलाकर उनकें उज्जवल भविष्य की कामना की गई। कॉलेज की प्राचार्या जेम्‍ किड़ो कुल्लू ने जय सिंह नाग के साथ भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

## अद्भुत नजारा



राजधानी के दिल अल्बर्ट एक्का चौक के सौंदर्यीकरण के बाद इसका अनावरण कर दिया गया है। इसका भव्य और आधुनिक स्वरूप लोगों को लुभा रहा है। युवक-युवती यहां सेल्फी लेने के लिए उमड़ रहे हैं। तस्वीर : जगदीश सिंह

### करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष के हत्यारों को गिरफ्तार करने की मांग

**रांची।** राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा झारखंड प्रदेश ने गहरा शोक व्यक्त किया गया। महासभा के प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार सिंह बीनू और प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष ललन सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि आए दिन राजस्थान एवं देश के अन्य राज्यों में क्षत्रिय सरदारों के साथ ऐसी घटनाएं हो रही है। लेकिन राज्य सरकार और देश की सरकार इस पर ध्यान नहीं दे रही है।

इस घटना में भी जब सुखदेव सिंह गोगामेडी को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इसकी सूचना स्थानीय सरकार को देते हुए सुरक्षा की मांग की गई थी। लेकिन उसे अनदेखी की गई , जिसका परिणाम आज उनकी निर्माण हत्या के रूप में सामने आयी है। प्रदेश क्षत्रिय महासभा ने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए मांग किया है कि 24 घंटे के अंदर गोगामेडी के हत्यारे को गिरफ्तार किया जाए।

### अंतिम तिथि 28 दिसंबर तक, डीइओ के अनुमोदन पर ही परीक्षा दें सकेंगे विद्यार्थी

# मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति व 8वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया शुरू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति परीक्षा के लिए फॉर्म ड्डारने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। इसकी सूचना जैक ने सभी परीक्षार्थी, उनके अभिभावक, संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापकों एवं पदाधिकारियों को दे दी है। झारखंड के सरकारी विद्यालयों में आठवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा होनी है। इस संबंध में जैक द्वारा जारी नोटिस में कहा गया कि मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा-2024 के लिए अलग से परिषद् द्वारा पोर्टल नहीं खोला जाएगा। इस वर्ष से मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा-2024 का परीक्षा आवेदन प्रपत्र कक्षा आठ की परीक्षा-2024 की परीक्षा आवेदन प्रपत्र के साथ ही उपलब्ध होगा। सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी इस आशय की सूचना सड्ढी संबंधित विद्यालय को आवश्यक रूप से देंगे। कक्षा आठ की बोर्ड परीक्षा-2024 और मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति परीक्षा-2024 के लिए परीक्षा आवेदन प्रपत्र परिषद् की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाईन द्वारा जायेगा। परीक्षा आवेदन प्रपत्र भरने से संबंधित सभी निर्देश परिषद् की वेबसाईट पर उपलब्ध है।

**आठवीं बोर्ड परीक्षा :** जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित विद्यालयों के छात्र/छात्राएं ही कक्षा आठ की परीक्षा, 2024 में सम्मिलित होने योग्य माने जायेंगे। कक्षा आठ की परीक्षा के लिए ऑनलाइन प्रपत्र ड्डारने के बाबत यूजर आईडी एवं पासवर्ड परिषद् द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय को उपलब्ध करा दिया गया है। जिला शिक्षा पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि इसे उन्हीं विद्यालय प्रधान को उपलब्ध कराया जाय। जिन विद्यालयों के छात्र/छात्राओं का वर्ग आठ के लिए परीक्षा का परीक्षा प्रपत्र ड्डाराया जाना है।

#### ऑनलाईन परीक्षा आवेदन की अंतिम तिथि 28 तक

जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा ऑनलाइन माध्यम से विद्यालय को अनुमोदित करने की तिथि 23 दिसंबर तक जारी है। ऑनलाईन परीक्षा आवेदन प्रपत्र जमा करने की तिथि 28 दिसंबर जारी की गयी है।

**डीइओ के अनुमोदन पर ही बच्चें दे सकेंगे परीक्षा :** मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति परीक्षा में ड्डाग लेने के इच्छुक छात्र छात्राओं का आवेदन संबंधित विद्यालय ऑनलाइन ड्डारकर समिट करेंगे। आवेदन प्रपत्र समिट किए जाने के बाद उक्त छात्र-छात्राओं का डाटा जिला शिक्षा पदाधिकारी के पोर्टल पर उपलब्ध होगा। जिन छात्र छात्राओं को जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा अनुमोदित किया जाएगा, वे छात्र-छात्रा ही इस परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

# रिम्स से फरार चेन स्नैचर देवा पत्नी के साथ गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची का कुख्यात अपराधकर्मी शाकिब उर्फ देवा को पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद एक बार फिर से गिरफ्तार कर लिया है। इस बार देव की पत्नी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रविवार को टांग टूटे होने के बावजूद देवा रिम्स अस्पताल से पुलिस को चकमा दे कर फरार हो गया था। फरार होने में देवा की पत्नी ने उसकी मदद की थी।



### पुंदाग पुलिस ने दबोचा

अपनी पत्नी नेहा के साथ रिम्स से फरार होने के बाद देवा लगातार पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था। रांची के लगभग सभी थानों की टीम उसे खोज रही थी ,इसी दौरान रांची के पुंदाग में उसके छुपे होने की सूचना पुलिस को मिली ,बिना वक्त गवाएं पुंदाग थाना प्रभारी विवेक ने उस घर को घेर लिया जिसमे वह अपनी पत्नी के साथ छुपा हुआ था। पुख्ता जानकारी मिलने के बाद पुलिस घर के अंदर दाखिल हुई तो एक कमरे में नग्न अवस्था मे ही देवा पड़ा हुआ था। उसकी पत्नी भी पलँग के नीचे से मिली, जिसके बाद दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया।

### रिम्स से हुआ था फरार

राजधानी रांची में 200 से अधिक चेन स्नैचिंग करने वाला कुख्यात अपराधकर्मी शाकिब उर्फ देवा रविवार रिम्स अस्पताल से फरार हो गया है गया था। 26 नवम्बर 2023 को अरगोड़ा पुलिस के द्वारा देवा को गिरफ्तार किया गया था , गिरफ्तारी के दौरान हुई भाग दौड़ के दौरान गिरने की वजह से देवा घायल हो गया था जिसके बाद उसका इलाज रिम्स में चल रहा था। रविवार की शाम देवा की पत्नी ने पुलिस को चकमा देकर एक अन्य की सहायता से देवा को गोद में उठाया और उसे साथ लेकर फरार हो गई थी। रिम्स में मौजूद गई लोगों ने देवा को उसकी पत्नी के द्वारा एक दूसरे व्यक्ति की मदद से उठा कर ले जाते देखा था। उस समय उन्हें यह लगा कि उसका एक्स रे करवाने के लिए ले जाया जा रहा है ,लेकिन पूरी योजना फरार होने की थी। देव की पत्नी नेहा भी कुख्यात अपराधकर्मी है,वह पहले भी कई बार जेल जा चुकी है।

### एसएसपी ने दो जवानों को सस्पेंड कर दिया था

देवा के फरार होने के बाद रांची एसएसपी चंदन सिन्हा ने कार्रवाई करते हुए उसकी सुरक्षा में तैनात दोनों जवानों को निलंबित कर दिया था।

### 42 बोतल कफ सिरप के साथ एक आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**रांची।** कोतवाली थाने की पुलिस ने नूर नगर कब्रिस्तान के पास से नशीली पदार्थ के साथ एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसके पास से पुलिस ने 42 बोतल कफ सीरप बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम ख्वाजा आसिफ उर्फ विक्की है और वह इरगू टोली पहाड़ी टोला का रहने वाला है। वहीं एक अन्य आरोपी कनटिप्पा मौके से फरार हो गया। बताया जा रहा है कि पुलिस को हथियार के साथ अपराधियों द्वारा नशीली पदार्थ की बिक्री करने की जानकारी मिली। इसके बाद हिंदपीढ़ी और कोतवाली पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान पुलिस को देखकर दोनों आरोपी भागने लगे। खदेड़कर पुलिस के जवानों ने ख्वाजा को पकड़ लिया। वहीं एक अन्य आरोपी भाग निकला। तलाशी के दौरान पुलिस ने आरोपी के पास से कफ सीरप बरामद किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया कि वह डेढ़ सौ रुपए प्रति सौ एमएल के हिसाब से इसकी बिक्री किया करता है।

# फिलहाल रूस के रूबल से भारतीय व्यापारी आशंकित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

वर्तमान में भारत रूस संबंध पर सोमवार को झारखंड केन्द्रीय विश्वविद्यालय के अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के पूर्व छात्र अभिषेक मोहंती ने कहा कि वर्तमान वैश्विक प्रतिबंधों और अस्थिरता के कारण दोनों देशों के बीच भारी व्यापार घाटा मौजूद है। रूसी रूबल से भारतीय व्यापारी आशंकित हैं, फिर भी, इंफोसिस और सन फार्मा जैसे भारतीय उद्यम अपना संचालन कर रहे हैं। अभिषेक सेंट पीटर्सबर्ग स्टेट यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहे हैं। संगोष्ठी में कई छात्र, विद्वान व प्रोफेसर शामिल हुए। सेमिनार का समन्वय विवि के अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग की फैकल्टी डॉ. अपर्णा ने किया। अभिषेक ने रूस में अस्त्रखान नामक एक स्थान का उल्लेख करते हुए कहा कि यह नाम संस्कृत भाषा के संबंध की ओर इशारा करता है। उन्होंने भारत-रूस संबंध के बुरे दिनों का एक संक्षिप्त ऐतिहासिक विवरण भी दिया। बताया कि 1971 में जब भारत-सोवियत शांति और मैत्री संधि हुई तो यह कैसे इस स्थिति में परिवर्तन हुआ। दोनों देशों के बीच और कैसे भारतीय सिनेमा अभी भी मनोरंजन का एक लोकप्रिय स्रोत है। यद्यपि सोवियत संघ के विघटन के साथ 1991 और उसके बाद भारत द्वारा एलपीजी नीति अपनाने से यह संबंध कुछ हद तक खत्म हो गया था। मोहंती ने भारत-रूस आर्थिक संबंधों पर चर्चा की और बताया कि रूस-भारत के लिए प्रमुख गंतव्य कैसे हो सकता है? प्राकृतिक संसाधनों और अंतर्राष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारे जैसे विभिन्न व्यापार मार्गों (आईएनएसटीसी) को इसी उद्देश्य से विकसित किया जा रहा है। सेमिनार का समापन प्रश्न-उत्तर सत्र के साथ हुआ।

# ओपीएस व सेवानिवृत्ति उम्र 62 करने पर चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारोटेफ रांची जिला का अधिवेशन सोमवार को थियोलॉजिकल गोस्सनर कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य सभा सांसद माननीय महुआ माजी,विशिष्ट अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद, प्रदेश संयोजक आनंद किशोर साहू उपस्थित थे। जिला संयोजक मो. क्यामुद्दीन ने अतिथियों का स्वागत करते हुए पुरानी पेंशन बहाली आंदोलन के पहलुओं को रखा। डॉ शिवानंद कांशी ने चार्टर ऑफ डिमांड में सभी कर्मियों के लिए सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करने पर बल दिया। कहा यह कार्य सिर्फ हेमंत सोरेन की नेतृत्व वाली सरकार ही कर सकती है। कार्यक्रम के मुख्य महुआ माजी ने कहा कि झारखंड की वर्तमान सरकार ने कर्मचारियों को उनके बुढ़ापे का सहारा देने का काम किया है। हमारा यह प्रयास है कि आगामी सत्र मे सदन मे एनएसएलडी से पैसा वापसी की बात सदन में रखूंगी। अंबा प्रसाद ने कहा सभी पदाधिकारी कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति उम्र 62 वर्ष करने व महिलाओं के लिए चाइल्ड केयर लीव 2 वर्ष करने की मांग सरकार के समक्ष रखूंगी। जहां भी कोई कमी है हमारी सरकार उस कमी को दूर करने के लिए प्रयासरत है। सफदर इमाम ने अल्पसंख्यक स्कूल के शिक्षकों को भी पुरानी पेंशन के लिए जल्द करवाई करने एवं सभी कर्मी के लिए सेवानिवृत्ति उम 62 वर्ष करने पर बल दिया। प्रांतीय प्रवक्ता डॉ सुनील कुमार कश्यप ने संस्कृत में दिए अपने उद्बोधन से सभी का मन मोह लिया।



**नवनिर्वाचित जिला कमेटी इस प्रकार है :** जिला अध्यक्ष-मोहम्मद क्यामुद्दीन, जिला सचिव-डॉ आदित्य साहू, जिला कोषाध्यक्ष-तपेश्वर महतो, जिला संरक्षक-सुनील कुमार सिन्हा, जिला संरक्षक-सफदर इमाम, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ-मनीषा इक्का, जिला सचिव महिला प्रकोष्ठ - रेणु तिर्की, जिला उपाध्यक्ष-शंकर लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष-अनूप कुमार, जिला उपाध्यक्ष-इमामुल हक, जिला प्रवक्ता-इंद्रजीत बैठा, जिला संयुक्त सचिव-भूपेंद्र कुमार शामिल हैं।

### हाई कोर्ट ने पीएलएफआई के जोनल कमांडर जेठा कच्छप को बेल देने से इन्कार किया

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने नक्सली संगठन पीएलएफआई के जोनल कमांडर जेठा कच्छप को जमानत देने से इनकार कर दिया है। जेठा कच्छप ने जमानत के लिए हाई कोर्ट में गुहार लगाई थी। मंगलवार को याचिका पर चीफ जस्टिस की बेंच में सुनवाई हुई। बचाव पक्ष और सरकार का पक्ष सुनने के बाद अदालत ने उसे जमानत देने से इनकार करते हुए उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी। राज्य सरकार की ओर से पक्ष रखते हुए अधिवक्ता भोला नाथ ओझा ने दलील दी कि जेठा कच्छप के खिलाफ कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं और यह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई का प्रमुख सदस्य है। इसलिए इसे जमानत नहीं दी जानी चाहिए। उनकी दलील सुनने के बाद अदालत ने जेठा कच्छप की याचिका खारिज कर दी। जेठा ने जिस मामले में जमानत याचिका दाखिल की थी, वह खूंटी के कर्रा थाना से जुड़ा हुआ है, जिसमें जेठा को हत्या का अभियुक्त बनाया गया है।

## पार्टी को बचाने के लिए प्रदेश कमेटी के पुनर्गठन की मांग

**रांची।** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस के निलंबित नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव, डॉ राजेश गुप्ता छोटू एवं फिरोज रिजवी मुन्ना ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा है पिछले 5 वर्षों से संगठन की कमान राजेश ठाकुर के हाथों में है, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष हैं,सरकार में भी 17 विधायकों के साथ पार्टी का नेतृत्व कर रहे हैं, कोर्डिनेशन कमेटी के सम्मानित सदस्य हैं,मंत्री का दर्जा भी प्राप्त है और मंत्री की सारी सुविधाएं भी मुहैया हैं,फिर कांग्रेस कार्यकर्ताओं को सम्मान नहीं मिल रहा है। आलोक दुबे ने कहा अगर मंत्री काम नहीं कर रहे हैं तो समीक्षा होनी चाहिए, कार्रवाई होनी चाहिए,ना कि सार्वजनिक रूप से मंत्रियों को अपमानित किया जाना चाहिए। उन्होने आरोप लगाया कि प्रदेश अध्यक्ष अपने व्यक्तिगत एजेंडे और अपने रिश्तेदारों एवं स्वजातीय के ट्रांसफर पोस्टिंग में लगे हुए हैं। सरकार की महत्वाकांक्षी कार्यक्रम आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में संगठन कहीं भी दिखाई नहीं दे रहा है जबकि आरजेडी जिसका संगठन पूरे राज्य में बहुत सक्रिय नहीं है फिर भी हर जगह मौजूद है।

## पेज एक के शेष

### केंद्र देता था ...

पार्टी कहने वालों ने इस राज्य को चलाया है लेकिन इसको सबसे पिछड़ा राज्य बना दिया। इसका मतलब हेडमास्टर ठीक नहीं था। पहली की सरकारों का फंडा था कि अगर आप मजबूत हो जाएंगे, तो हक और अधिकार की मांग करेंगे। हमारी सरकार बेटियों की पढ़ाई का पूरा खर्च उठाएगी।

कार्यक्रम में विधायक अमित यादव, जिला परिषद अध्यक्ष रामधन यादव, मुख्यमंत्री के सचिव विनय चौबे, सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव के अलावा उपायुक्त मेघा भारद्वाज, एसपी अनुदीप सिंह, डीडीसी ऋतुराज समेत कई अधिकारी मौजूद थे।

### डा. भीमराव अंबेडकर की ...

तब विफल हो गया जब ग्राहकों को एहसास हुआ कि वह एक अछूत हैं। 1918 में, वह मुंबई के सिडेनहैम कॉलेज ऑफ कॉमर्स एंड इकोनॉमिक्स में राजनीतिक अर्थव्यवस्था के प्रोफेसर के रूप में शामिल हुए। अम्बेडकर किसी भी प्रकार के जाति-आधारित भेदभाव के विरोधी थे और उन्होंने आर्य आक्रमण सिद्धांत को भी अस्वीकार कर दिया था। वह दलित समुदाय के नेता बने और उनके सामाजिक और राजनीतिक अधिकारों के लिए लड़े। उन्होंने दलितों या दलित वर्गों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्र और आरक्षण बनाने की पुरजोर वकालत की। उन्होंने बहिष्कृत हितकारिणी सभा की स्थापना की जिसका उद्देश्य अछूतों के उत्थान के साधन के रूप में उनके बीच शिक्षा को बढ़ावा देना था। उन्होंने मूक नायक, समानता जनता और बहिष्कृत भारत जैसी पत्रिकाएँ भी शुरू कीं जिनमें उन्होंने दलित अधिकारों को आगे बढ़ाया। उन्होंने छुआछूत की प्रथा के खिलाफ भी कई आंदोलन चलाए। उन्होंने अछूतों के लिए सार्वजनिक पेयजल संसाधनों को खोलने के लिए मार्च और आंदोलनों का नेतृत्व किया। उन्होंने दलितों को हिंदू मंदिरों में प्रवेश का अधिकार दिलाने के लिए एक आंदोलन भी चलाया। अम्बेडकर ने सार्वजनिक रूप से उन हिंदू धर्मग्रंथों की निंदा की जिन्हें जाति-आधारित भेदभाव को बढ़ावा देने वाला माना जाता था। अंबेडकर ने महात्मा गांधी के साथ ऐतिहासिक पूना समझौते पर हस्ताक्षर किए, जहां वे इस बात पर सहमत हुए कि दलित वर्गों के लिए अलग निर्वाचन क्षेत्र कैसे बनाए जाएं। उन्होंने 1936 में एक राजनीतिक दल इंडिपेंडेंट लेबर पार्टी की स्थापना की। इसने 1937 में केंद्रीय विधान सभा के लिए चुनाव लड़ा और सीटें जीतीं। अपनी पुस्तक 'द एनिहिलेशन ऑफ कास्ट' में अंबेडकर ने हिंदू धार्मिक नेताओं और जाति व्यवस्था की तीखी आलोचना की। इसमें उन्होंने गांधीजी को फटकार भी लगाई। आजादी के बाद, अंबेडकर को कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार ने देश का पहला कानून मंत्री बनने के लिए आमंत्रित किया था। उन्हें संविधान सभा की मसौदा समिति का अध्यक्ष भी नियुक्त किया गया, जिसका काम भारत के लिए एक नया संविधान तैयार करना था। अंबेडकर सिविल सेवा और स्कूलों और कॉलेजों में नौकरियों के आरक्षण के लिए विधानसभा का समर्थन जीतने में सफल रहे। वह जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 के विरोधी थे। उन्होंने समान नागरिक संहिता को अपनाने की भी सिफारिश की। एक अर्थशास्त्री के रूप में, वह औद्योगीकरण समर्थक थे और उन्होंने उस क्षेत्र में विकास के लिए कृषि में निवेश की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उन्होंने 1951 में भारत के वित्त आयोग की स्थापना की। 1955 में अम्बेडकर ने भारतीय बौद्ध महासभा की स्थापना की। 14 अक्टूबर 1956 को, उन्होंने नागपुर में एक सार्वजनिक समारोह में बौद्ध धर्म अपना लिया। इसके बाद बड़े पैमाने पर दलितों द्वारा बौद्ध धर्म अपनाया गया। बाबा साहेब अम्बेडकर, जो 1948 से मधुमेह से पीड़ित थे, 6 दिसंबर 1956 को दिल्ली में उनकी नींद में मृत्यु हो गई। उनका अंतिम संस्कार बौद्ध परंपरा के अनुसार किया गया और उनके दाह संस्कार में लगभग 5 लाख लोग शामिल हुए थे।

### कार से तस्करी कर ...

जानकारी देते हुए एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार तस्करों को पूछताछ के बाद न्यायिक अभिरक्षा के लिए जेल भेज दिया गया है। टीम में डीएसपी रजा के साथ थानेदार सह पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली व अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

### जाति विरोधी बाबा साहब के...

नाते मैं कतई स्वीकार नहीं करूंगा। उन्होंने इसका मसौदा तैयार करने से इनकार कर दिया था। आंबेडकर के मना करने के बाद शेख अब्दुल्ला नेहरू के पास पहुंचे और प्रधानमंत्री के निर्देश पर गोपालस्वामी अयंगर ने मसौदा तैयार किया था। कुछ लोगों के भारी विरोध के बीच सोमवार 5 अगस्त 2019 के इतिहास में स्वतंत्र भारत का नया इतिहास लिख दिया गया। 17 अक्टूबर 1949 को संविधान में राष्ट्रपति के आदेश से जोड़े गये अनुच्छेद 370 को उसी तरीके से समाप्त कर दिया गया।

### बीएयू के वानिकी वैज्ञानिक डॉ कौशल कुमार ने वैश्विक स्तर पर हासिल की उपलब्धि

# मिलेट्स के गुणों की विवेचना पर विश्व की पहली पुस्तक प्रकाशित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड राज्य को औषधीय क्षेत्र में विशिष्ट पहचान दिलाने की ओर बीएयू अग्रसर है। वानिकी वैज्ञानिक डॉ कौशल कुमार ने मिलेट्स फसलों के आयुर्वेदिक गुणों की विवेचना और वैज्ञानिक पुनरुद्धार और सत्यापन पर आधारित पुस्तक को प्रकाशित कर वैश्विक स्तर पर उपलब्धि हासिल की है। साइंटिफिक रिवाइवल ऑफ एंसिएंट भारतीय विजडम नामक पुस्तक प्रकाशित किया गया है। यह मिलेट्स के विस्तृत आयुर्वैदिक गुणों एवं सिद्धांतों की विवेचना और वैज्ञानिक मापदंडों के आधार पर करने वाली दुनिया की पहली पुस्तक है। इस पुस्तक को उत्तर प्रदेश शासन के चिकित्सा अधिकारी, डॉ ज्ञान चन्द मौर्य, राजकीय स्नातकोत्तर आयुर्वेद महाविद्यालय, पीलीभीत के सहायक प्राध्यापक डॉ हरिशंकर मिश्र तथा वनोत्पाद एवं उपयोगिता विभाग, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के विभागाध्यक्ष डॉ कौशल कुमार ने संयुक्त रूप से लिखा है। मिलेट्स के उपयोग में प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के ज्ञान एवं विज्ञान के अनावृत स्वास्थ्यपरक सभी पहलुओं को दर्शाया है।



**मोटे अनाज प्राचीन जीवनशैली के प्रमुख खाद्यान्न :** इस पुस्तक में मिलेट्स के उपयोग में प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति के ज्ञान एवं विज्ञान के अनुभूत स्वास्थ्यपरक सभी पहलुओं को दर्शाया गया है। लेखकों ने बताया कि मोटे अनाज हमारी प्राचीन जीवनशैली के प्रमुख खाद्यान्न रहे हैं। इंटरनेशनल ईयर ऑफ मिलेट्स 2023 के परिपेक्ष्य में इस पुस्तक के प्रकाशन के विषय में आयुष मंत्रालय, भारत सरकार एवं संयुक्त राष्ट्र संघ के कार्यालय को भी अवगत कराया गया है। इससे भारतीय ज्ञान परंपरा एवं मिलेट्स के उपयोग का व्यापक प्रसार को मदद मिलेगी।

**मिलेट्स उत्पादन की वैज्ञानिक कृषि तकनीकी बताया गया :** डा कौशल कुमार ने बताया कि इस पुस्तक में मिलेट्स फसलों का भारतीय संस्कृति में प्रागैतिहासिक महत्ता एवं स्थान और भारत में प्रमुख रूप से उपयोग में लाई जाने वाली नौ मिलेट्स फसलों पर चर्चा की गई है। इनमें सांवा, कोदो, गोवेधुक, कंगुनी, चीनक, जुरना, मधुलिका (रागी), बाजरा और नेवाड का औषधीय महत्व एवं उपयोग विधि बताई गई है।

**कई रोगों का होता है निदान :** पोषण से भरपूर ये सभी मिलेट्स को आज वैश्विक तौर पर सुपर फुड एवं श्री अन्न कहा जाने लगा है। जिसका प्रयोग प्राचीन काल से ड्डारत वर्ष में गुणों के आधार पर मधुमेह, मोटापा, पाइल्स, पाचन तंत्र एवं मूत्र रोग व विकार आदि रोगों के निदान में होता है। पुस्तक में मिलेट्स उत्पादन की वैज्ञानिक कृषि तकनीकी को भी बताया गया है।

#### विश्व स्तर पर मोटे अनाज की व्यापक सार्वग्रहिता

डॉ कौशल कुमार के इस पुस्तक से औषधीय उत्पादों के पेटेंट के माध्यम से देश स्तर पर बीएयू का नाम रौशन किया है। आयुष विश्वविद्यालय, गोरखपुर के कुलपति प्रो डॉ अवधेश कुमार सिंह ने इस पुस्तक की प्रस्तावना में कहा है कि इस प्रस्तुति से विश्व स्तर पर मिलेट्स (मोटा अनाज) की व्यापक सार्वग्रहिता होगी। उन्होंने लेखकों के मिलेट्स आधारित अनुसंधान एवं आयुर्वेदिक संदर्भ की वैज्ञानिक विवेचना के लिए कठिन परिश्रम और लगन की सराहना की। ज्ञात हो कि स्थानीय बीएयू वैज्ञानिक डा कौशल कुमार ने पूर्व में राज्य को एलोवेरा विलेज और गिलोय क्षेत्र के अलावा औषधीय उत्पादों के पेटेंट के माध्यम से देश में मान बढ़ाकर बीएयू का नाम रौशन किया है।

# भारत को बल्लेबाज रोहित शर्मा से ज्यादा कप्तान रोहित की जरूरत है : मोहम्मद कैफ



**एजेंसी। विशाखापत्तनम**

आईसीसी एकदिवसीय विश्व कप 2023 के कड़े मुकाबले के बाद, जहां एक रोमांचक फाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सपनों को चकनाचूर कर दिया, अब क्रिकेट जगत का ध्यान टी20 विश्व कप 2024 पर केंद्रित हो गया है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि हार के मलबे के बीच, रोहित शर्मा का नेतृत्व पहले से कहीं अधिक चमक रहा है। उन्होंने कहा, टी20 विश्व कप 2024 में टीम का नेतृत्व करने के लिए आपको बल्लेबाज रोहित शर्मा से ज्यादा कप्तान रोहित की जरूरत है। एकदिवसीय विश्व कप फाइनल तक भारतीय टीम की यात्रा लगातार दस जीतों से चिह्नित थी, जिसका समापन अहमदाबाद में आस्ट्रेलियाई टीम के साथ हुआ। हालाँकि, 240 के निम्न-बराबर स्कोर और लगातार ऑस्ट्रेलियाई पीछा करने से उन्हें टूनार्मेंट में पहली हार का सामना करना पड़ा, जिससे उन्हें 50 ओवर का विश्व खिताब जीतने का सपना टूट गया। अब, जैसे कि टी20 विश्व कप नजदीक है, सवाल उठता हैः क्या रोहित शर्मा भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रखेंगे, या कोई नया कप्तान पद संभालेगा कैफ, जो एक खिलाड़ी और एक नेता दोनों के रूप में रोहित की प्रतिभा को स्वीकार करते हैं, का तर्क है कि मुंबईकर की कप्तानी अपरिहार्य है, खासकर हार्दिक पांड्या की अनुपस्थिति में। कैफ ने 'आईएएनएस' से कहा, रोहित शर्मा को वहां रहना होगा क्योंकि उनमें नेतृत्व की गुणवत्ता है। उन्होंने वनडे विश्व कप के दौरान लचीलापन और कौशल का प्रदर्शन करने वाली टीम का मार्गदर्शन करने में रोहित की भूमिका के महत्व पर जोर दिया। जिस तरह से उन्होंने 50 साल के विश्व कप में नेतृत्व किया, उन्होंने एक नेता के रूप में शानदार काम किया है। आपके प्रमुख ऑलराउंडर (हार्दिक पांड्या) के बिना टीम को फाइनल में पहुंचाया है, आप इस बात की सराहना करेंगे। भारत को टी20 में भी उनके अनुभव की जरूरत होगी, रोहित ने कप्तान और बल्लेबाज के तौर पर शानदार काम किया जिसकी भारत को टी20 में भी जरूरत होगी। 'जैसे-जैसे टी20 विश्व कप नजदीक आ रहा है, रोहित शर्मा के नेतृत्व गुणों को भारत की सफलता के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। विराट कोहली और रोहित के सफेद गेंद वाले क्रिकेट से ब्रेक लेने के साथ, दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए टेस्ट टीम में चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे की अनुपस्थिति पर सवाल उठ रहे हैं। कैफ ने विशेष रूप से पुजारा की चूक के बारे में भी चिंता व्यक्त की, उन्होंने कहा, श्रेयस अय्यर आपके लिए पुजारा की जगह भरना कठिन होगा। कैफ ने कहा, मुझे नहीं पता कि पुजारा को क्यों नहीं चुना गया है।

**ऑस्ट्रेलिया ने भारत के सपनों को चकनाचूर कर दिया, अब क्रिकेट जगत का ध्यान टी20 विश्व कप 2024 पर केंद्रित हो गया है।**

## एक नजर

### हॉकी अकादमी चैंपियनशिप में इन टीमों के नाम रही जीत

**नई दिल्ली।** एचएआर हॉकी अकादमी और घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी ने दूसरे दिन सब-जूनियर वर्ग में अपने-अपने मैच जीते। जबकि, आर्मी बॉयज स्पोर्ट्स अकादमी, एचएआर हॉकी अकादमी और राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब जूनियर वर्ग में विजेता बने। इस बीच, जूनियर वर्ग में मार्कंडेश्वर हॉकी अकादमी का मुकाबला राजा करण हॉकी अकादमी से 1-1 से ड्रा रहा। सब जूनियर वर्ग के पहले मैच में एचएआर हॉकी अकादमी ने राजा करन हॉकी अकादमी को 8-2 से हराया। कप्तान सचिन (7', 10', 33', 46', 48') ने एचएआर हॉकी अकादमी के लिए सबसे ज्यादा पांच गोल किए। जबकि गोयत सौरभ (5', 25') ने दो गोल किए और पंकज (58') ने एक गोल का योगदान दिया।

राजा करण हॉकी अकादमी के लिए, रुद्राक्ष (22') और हरगुन सिंह (42') ने दो गोल किए। सब जूनियर वर्ग के दूसरे मैच में घुम्मनहेड़ा राइजर अकादमी ने सैल्यूट हॉकी एकेडमी को 25-0 से हराया।

### भारत ने कोरिया को 4-2 से हराया, अरिजीत की हैट्रिक

**कुआलालंपुर।** फारवर्ड अरिजीत सिंह हुंदल के हैट्रिक की बदौलत भारत ने मंगलवार को बुकित जलील के राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में अपने शुरूआती मैच में एशियाई प्रतिद्वंद्वी कोरिया को 4-2 से हराकर एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2023 में जीत के साथ शुरूआत की। भारत के लिए अरिजीत (11', 16', 41') ने तीन और अमनदीप (30') ने एक गोल किया। कोरिया के लिए दोह्युन लिम (38') और मिंकवोन किम (45') ने गोल दागे। मैच की शांत शुरूआत हुई, दोनों टीमें एक-दूसरे के हाफ में जगह बनाने की कोशिश कर रही थीं, लेकिन ज्यादा खतरा पैदा नहीं कर सकीं। गेंद पर थोड़े बेहतर कब्जे के साथ, भारत ने पहला वास्तविक हमला किया।

### महिला प्रीमियर लीग के खिलाड़ियों की नीलामी 9 को

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग के 2024 संस्करण से पहले खिलाड़ियों की नीलामी 9 दिसंबर को मुंबई में होगी। बीसीसीआई ने पहले ही इस बात की जानकारी दे दी है। डब्ल्यूपीएल का दूसरा संस्करण अगले साल फरवरी-मार्च में और बड़े पैमाने पर हो सकता है। मुंबई इंडियंस मौजूदा डब्ल्यूपीएल चैंपियन है। उन्होंने इस साल की शुरूआत में 26 मार्च को ब्रेबोर्न स्टेडियम में फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हराया था। मुंबई का नेतृत्व हरमनप्रीत कौर कर रही है। दूसरी ओर, हाल ही में रिटायर हुई मेग लैनिंग ने 2023 में दिल्ली की कप्तानी की थी। पांच फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस, दिल्ली कैपिटल्स, रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर, गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स ने नीलामी से पहले 60 महिला खिलाड़ियों को बरकरार रखा था। जिनमें 21 विदेशी ड्ढी शामिल हैं। सड्ढी पांच फ्रेंचाजियों ने अपनी मौजूदा टीम में से कुल 29 खिलाड़ियों को रिलीज किया है।

## भारत या इंग्लैंड, तीन मैचों की टी20 सीरीज में कौन मारेगा बाजी

**एजेंसी। मुंबई**



जब भारतीय महिला टीम और इंग्लैंड महिला टीम के बीच टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबलों की बात आती है तो पसंदीदा की तलाश में मत रहिए। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 27 मैचों में से केवल सात गंवाए हैं। इतना ही नहीं भारतीय सरजमीं पर भी उन्होंने अपना दबदबा कायम रखा है और अब तक खेले गए नौ टी20 मैचों में से सात में जीत हासिल की है। आखिरी बार भारत ने महिला टी20 मैच में इंग्लैंड को 2018 में हराया था। इसलिए, बुधवार से वानखेड़े स्टेडियम में शुरू होने वाली तीन मैचों की श्रृंखला मेजबान टीम के लिए एक बड़ी चुनौती होगी। क्या हरमनप्रीत कौर की कप्तानी वाली भारतीय महिला टीम सीरीज में इंग्लैंड से बेहतर प्रदर्शन कर पाएगी? यह सवाल प्रशंसकों के मन में सबसे महत्वपूर्ण है क्योंकि भारत की महिलाएं और इंग्लैंड की महिलाएं दोनों बुधवार को वानखेड़े स्टेडियम में खेले जाने वाले तीन मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच के लिए अपनी पूरी ताकत लगाने के लिए तैयार हैं। दूसरा मैच 9 दिसंबर को उसी स्थान पर खेला जाएगा और उसके अगले दिन तीसरा और अंतिम टी20 मैच खेला जाएगा। दोनों टीमें 14 दिसंबर से नवी मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में एकमात्र टेस्ट में भिड़ेंगी। उनके खिलाफ इंग्लैंड के शानदार रिकॉर्ड के अलावा, भारतीय महिलाओं को इस श्रृंखला में कुछ अन्य चुनौतियों से भी पार पाना होगा। वे सितंबर 2023 में श्रीलंका के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल के बाद अपना पहला अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेंगे और 18 फरवरी, 2023 के बाद पहली बार इंग्लैंड से भिड़ेंगे, जब वे आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में प्रारंभिक ग्रुप मुकाबले में हार गए थे।

## 14 अमेरिकी शहरों में आयोजित होगा 2024 कोपा अमेरिका



**एजेंसी। वाशिंगटन**

2024 कोपा अमेरिका फुटबॉल टूनार्मेंट 14 अमेरिकी शहरों में आयोजित किया जाएगा और इसमें 25 दिनों में 32 मैच खेले जाएंगे। दक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ (कॉनमबोल) ने सोमवार को उक्त जानकारी दी। उद्घाटन मैच अटलांटा, जॉर्जिया के मर्सिडीज-बेंज स्टेडियम में खेला जाएगा और फाइनल 14 जुलाई को मियामी गार्डन, फ्लोरिडा के हार्ड रॉक स्टेडियम में खेला जाएगा। सेमीफाइनल न्यू जर्सी और चार्लोट में होंगे जबकि क्वार्टर फाइनल आर्लिंगटन, ह्यूस्टन, लास वेगास और ग्लेनडेल के लिए निर्धारित किए गए हैं। अन्य मेजबान शहर ऑरलैंडो, सांता क्लारा, इंगलवुड, कैनसस सिटी, मिसौरी और कैनसस सिटी हैं। 107 साल पुराने टूनार्मेंट में 16 टीमें भाग लेंगी, जिनमें से 10 टीमें कॉनमबोल से और छह उत्तरी और मध्य अमेरिका और कैरेबियन से। बता दें कि यह केवल दूसरी बार है जब कोपा अमेरिका का आयोजन दक्षिण अमेरिका के बाहर आयोजित किया गया है। टूनार्मेंट का ड्रा 7 दिसंबर को मियामी में निकाला जाएगा।

## ओलंपिक में देश का प्रतिनिधित्व करना पसंद करेंगी सूजी बेट्स

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड की सदाबहार बल्लेबाज सूजी बेट्स ने स्वीकार किया है कि वह अपने करियर को आगे बढ़ाना और दूसरी बार ओलंपिक में अपने देश का प्रतिनिधित्व करना पसंद करेंगी, जब 2028 में लॉस एंजेलिस में क्रिकेट की लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी होगी। आईसीसी ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि बेट्स न्यूजीलैंड की बास्केटबॉल टीम का हिस्सा थी जो 2008 में बीजिंग खेलों में गई थी और 36 वर्षीय ने अभी भी 2028 में होने और दूसरे ओलंपिक में जगह बनाने की उम्मीद नहीं छोड़ी है - हालांकि इस बार एक क्रिकेटर के रूप में। दाएं हाथ की यह स्टार खिलाड़ी पहले से ही न्यूजीलैंड की सर्वकालिक सर्वाधिक महिला वनडे रन-स्कोरर है और 2013 से उनका आईसीसी महिला वनडे क्रिकेटर ऑफ द ईयर पुरस्कार बेट्स द्वारा उनके शानदार करियर के दौरान अर्जित कई प्रशंसाओं में से एक है।

### पाकिस्तान विमेंस टीम पहली बार न्यूजीलैंड से टी-20 सीरीज जीती

## दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 10 रन से हराया,आलिया प्लेयर ऑफ द मैच

**एजेंसी। आयरलैंड**

पाकिस्तान विमेंस क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मैच में मंगलवार, 5 नवंबर को न्यूजीलैंड विमेंस क्रिकेट टीम को 10 रन से हरा दिया। इस सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान ने 7 विकेट से जीत दर्ज की थी। इसी के साथ पाक टीम सीरीज में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली। सीरीज में इस बढ़त के साथ टीम ने एक उपलब्धि हासिल कर ली। पाक पहली बार न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज जीती। वहीं यह एशिया और आयरलैंड के बाहर पाकिस्तान की पहली टी-20 इंटरनेशनल सीरीज जीत है। टीम को पांच साल बाद घर से बाहर टी-20 सीरीज जितने में कामयाबी मिली है। टीम ने इससे पहले 2018 में आखिरी बार घर के बाहर बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज जीती थी। पहले बैटिंग करते हुए पाक टीम ने 137 रन बनाए दूसरे मैच में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग का फैसला किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 137 रन बनाए थे। जवाब में न्यूजीलैंड सात विकेट खोकर 127 रन ही बना सकी।



### फातिमा सना ने 3 विकेट लिए

पाकिस्तान से मिले 138 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरूआत बेहद खराब रही। टीम ने पावरप्ले में सूजी बेट्स, सोफी डिवाइन समेत 4 विकेट गंवाए। हन्ना रोवे ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। जॉर्जिया प्लिमर ने 28 गेंदों में 28 रनों की पारी खेली।इन दोनों के अलावा कोई भी खिलाड़ी 20 रन का आंकड़ा पार नहीं कर सका। पाकिस्तानी के लिए फातिमा सना ने 3 विकेट लिए, तो वहीं सादिया इकबाल ने दो विकेट लिए। निदा डार को एक विकेट मिला।

## एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालिफायर रांची में, आठ देश की टीम लेंगी भाग

**रांची।** झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के आयोजन के बाद रांची में अब दूसरी अंतरराष्ट्रीय हॉकी प्रतियोगिता एफआईएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 की तैयारी जोरों पर है। इस प्रतियोगिता में भारत सहित कुल आठ देशों इटली, चीली, जापान, चेक रिपब्लिक, जर्मनी और यूनाइटेड स्टेट्स अमेरिका की टीम भाग लेंगी। यह प्रतियोगिता 13 से 19 जनवरी 2024 तक मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम, मोरहाबादी में आयोजित होगी। इसका पोस्टर वैगरह भी बनकर तैयार है। इस प्रतियोगिता से कुल तीन देशों की टीम पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता की स्पांसर झारखंड सरकार है।झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी की सफल मेजबानी के बाद रांची में दूसरा अंतरराष्ट्रीय हॉकी मुकाबला होने जा रहा है।

## स्पेशल ओलंपिक भारत ने तीन दिवसीय राष्ट्रीय युवा सम्मेलन आयोजित किया

**एजेंसी। नई दिल्ली**





स्पेशल ओलंपिक भारत द्वारा आयोजित राष्ट्रीय युवा नेतृत्व शिखर सम्मेलन 2023 का पांचवां संस्करण पूरा हो गया। विविधता और समावेशन पर केंद्रित और एमिटी यूनिवर्सिटी नोएडा में आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम में भारत के 21 राज्यों से भागीदारी देखी गई। जिसमें दिल्ली-एनसीआर के स्कूलों और कॉलेजों के लिए एक अलग दिन भी शामिल था। शिखर सम्मेलन के पहले दिन, दिल्ली एनसीटी के 17 स्कूलों और कॉलेजों ने मिलकर शिखर सम्मेलन की शुरूआत की। हिमांशु गुप्ता, निदेशक- शिक्षा एवं खेल निदेशालय, दिल्ली सरकार, एनसीटी, दिन के प्रमुख आकर्षणों में से एक के रूप में स्कूलों में समावेशन पर संबोधन दिया। शिखर सम्मेलन के दूसरे और तीसरे दिन भारत के विभिन्न राज्यों से युवा नेताओं और वयस्क सलाहकारों के एक होनहार समूह की भागीदारी देखी गई। दिन की शुरूआत में प्रस्तुत राज्यों के प्रदर्शन सारांश ने संदर्भ प्रदान किया, जबकि पैनल चर्चा में विशिष्ट अतिथियों का एक शक्तिशाली अभिसरण देखा गया। दूसरे दिन का मुख्य आकर्षण ए श्रीजा, आर्थिक सलाहकार, स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग, भारत सरकार, डॉ मल्लिका नड्डा, अध्यक्ष, विशेष ओलंपिक भारत के साथ 'शिक्षा के क्षेत्रों का लाभ उठाकर स्वीकार्यता और समावेशन के समुदायों का निर्माण' विषय पर पैनल चर्चा थी। डॉ. कल्पना शर्मा ने आईडीडी वाले व्यक्तियों के समावेशन को बढ़ावा देने में प्रशिक्षकों की भूमिका पर सभा को संबोधित किया। दिल्ली सरकार और एनसीटी के शिक्षा एवं खेल निदेशालय के निदेशक हिमांशु गुप्ता ने कहा, स्पेशल ओलंपिक भारत एकीकृत खेलों की अवधारणा के माध्यम से विशेष रूप से विकलांग बच्चों के लिए अद्भुत काम कर रहा है, और खेलों के माध्यम से विविधता और समावेशन को बढ़ावा दे रहा है। उनके प्रयासों से मदद मिल रही है। बच्चों को जीवन में एक फोकस और उद्देश्य मिलता है क्योंकि वे स्वतंत्र और आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं।

## आक्रामक गेम प्लान के साथ मैदान में उतरेगी टोलुका : रेनाटो

**मेक्सिको सिटी।** पुर्तगाल मैनेजर रेनाटो पाइवा ने टोलुका में आक्रामक मानसिकता पैदा करने का वादा किया है क्योंकि वह मैक्सिकन टॉप-फ्लाइट क्लब की कमान संभालने की तैयारी कर रहे हैं। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार 2024 लीगा एमएक्स सीजन के लिए टोलुका का मैनेजर नियुक्त किए जाने के बाद 53 वर्षीय खिलाड़ी ने सोमवार को पहली बार मीडिया का सामना किया। पाइवा ने कहा, हम पहल करने जा रहे हैं, लक्ष्य तलाशेंगे और प्रशंसकों का मनोरंजन करेंगे। पाइवा, जो सितंबर में ब्राजील बाहिया छोड़ने के बाद से एक्शन में नहीं थे। अब उन्होंने उरुग्वे के कार्लोस मोरालेस की जगह ली है। जिन्होंने अक्टूबर में इग्नासियो के बाद अंतरिम आधार पर काम संभाला था। टोलुका इस साल के लीगा एमएक्स एपरटुरा टूनार्मेंट के प्लेऑफ में पहुंचने में असफल रही, 17 में से केवल पांच गेम जीतकर 18-टीम स्टैंडिंग में 12वें स्थान पर है।

### आईएचएम खेल महोत्सव स्पर्धा 2023

## फुटबॉल के रोमांचक मुकाबले में प्राचार्य एकादश की शानदार जीत

**एजेंसी। मांडर**





इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) रांची में 24 नवंबर से चल रहे वार्षिक खेल महोत्सव स्पर्धा 2023 का समापन 5 दिसंबर को हुआ । मुख्य अतिथि दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) रांची के प्राचार्य डॉ. राम सिंह एवं विशिष्ट अतिथि गुरुनानक स्कूल, रांची के पूर्व प्राचार्य डॉ. मनोहर लाल तथा आईएचएम रांची के विभागाध्यक्ष आलोक अस्वाल उपस्थित रहे। वार्षिक खेल महोत्सव के समापन में राष्ट्रगान एवं फुटबॉल टूनार्मेंट का निर्णायक मुकाबला गत वर्ष के फुटबॉल टूनार्मेंट के विजेता प्राचार्य एकादश एवं बीएससी के प्रथम वर्ष के छात्रों के बीच खेल के साथ किया गया । इस निर्णायक मुकाबले में प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार के कुशल नेतृत्व वाली टीम द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन दिखाते हुए पेनाल्टी शूट में 4-2 की बढ़त बनाकर विजेता घोषित हुई। फुटबॉल टूनार्मेंट हेतु संजय को बेस्ट फुटबॉलर तथा डॉ. भूपेश कुमार को प्लेयर ऑफ टूनार्मेंट चुना गया। तत्पश्चात संस्थान के सभागार में वार्षिक खेल महोत्सव के समापन समारोह की शुरूआत मुख्य अतिथि द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं संस्थान के छात्रों द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना तथा झारखंड राज्य की कला - संस्कृति को दर्शाते हुए आदिवासी नृत्य की प्रस्तुति दी गयी जिसकी सबने काफी प्रशंसा की। तत्पश्चात संस्थान के प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को साल एवं उपहार देकर सम्मानित भी किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. राम सिंह ने आयोजित वार्षिक खेल महोत्सव 2023 के लिए आईएचएम रांची की सराहना की एवं खुद को मुख्य अतिथि के तौर उपस्थित होने पर खुशी जाहिर करते हुए आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार के अथक प्रयासों एवं कुशल नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए बताया की अपनी सोच को असीमित रखकर बेहतर स्किल, कुशल नेतृत्व, दृढ़ निश्चय से किसी भी बड़े से बड़े मुकाम हासिल किया जा सकता है।

### दो दिवसीय रांची जिला स्व विश्वामित्र पांडे मेमोरियल मलखंभ प्रतियोगिता संपन्न

## बालक वर्ग में शिवा और बालिका में अरुषी बनी चैंपियन ऑफ चैंपियन





**अंडर 14 वर्षीय बालक वर्ग**
प्रथम सतबीर कुमार दास
द्वितीय रणवीर कुमार दास
तृतीय आकाश कुमार

**अंडर 14 वर्षीय बालिका वर्ग**
प्रथम आरुषि कुमारी
द्वितीय रोशनी कुमारी
तृतीय लवली कुमारी

**अंडर 17 वर्षीय बालिका वर्ग**
प्रथम साक्षी कुमारी
द्वितीय लवली कुमारी
तृतीय बबली कुमारी

**अंडर- 17 वर्षीय बालक वर्ग**
प्रथम पिंटू कुमार
द्वितीय रोहित कुमार
तृतीय संजू मिंज

**अंडर-19वर्षीय बालिक वर्ग**
प्रथम अनुशिखा कुमारी
द्वितीय सिम्पी कुमारी
तृतीय रंजू कुमारी

**चैंपियन ऑफ चैंपियन बालक वर्ग**
शिवा कुमार

**चैंपियन ऑफ चैंपियन बालिका वर्ग**
आरुषी कुमारी

**एजेंसी। रांची**

वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड एवं रांची जिला मलखंभ संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय स्व विश्वामित्र पांडेय मेमोरियल मलखंभ प्रतियोगिता का मंगलवार को समापन हो गया। धुर्वा के सेक्टर दो के बंगीय सांस्कृतिक परिषद विद्यालय में झारखंड मलखंभ एकेडमी में आज प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। समापन के मुख्य अथिति वाइड ग्लोब एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक कौशल कुमार पांडेय, मुकेश सिंह, झारखंड राज्य मलखंभ संघ के सचिव अजय झा, भारतीय जनता युवा मोर्चा कला एवं खेल प्रकोष्ठ रांची महानगर के संयोजक आशुतोष द्विवेदी, एनएसएस के स्वंसेवक शुभम चौधरी ने संयुक्त रूप से विजेताओं को ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। यह जानकारी रांची जिला मलखंभ संघ के सचिव आशुतोष द्विवेदी ने दी।

## डब्ल्यूपीएल में मल्टी-सिटी प्रारूप के पक्ष में हैं स्मृति मंधाना

**बेंगलुरु।** आरसीबी महिला टीम की कप्तान स्मृति मंधाना ने यहां आरसीबी इनोवेशन लैब के लीडर्स मीट इंडिया में बोलते हुए महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के लिए मल्टी-सिटी प्रारूप के संभावित प्रभाव पर अपने विचार रखे। डब्ल्यूपीएल की सफलता पर विचार करते हुए, स्मृति मंधाना ने अपनी तरह के पहले शिखर सम्मेलन में मल्टी-सिटी प्रारूप को अपनाने की संभावना के लिए उत्साह व्यक्त किया। स्मृति मंधाना ने कहा, मल्टी-सिटी प्रारूप में डब्ल्यूपीएल का होना बहुत अच्छा होगा। मुझे लगता है कि यह अगला कदम हो सकता है और मुझे यकीन है कि यहां के लोग इस पर ध्यान देंगे और इसे पूरा करेंगे। एक आरसीबी प्रशंसक के रुप में मैं इसमें खेलना पसंद करूंगी। चिन्नास्वामी में जहां लोग 'आरसीबी आरसीबी' के नारे लगा रहे हैं और बस उस माहौल में रहना है।

## 2023 आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

युवा मुक्केबाज पायल, निशा और आकांशा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए आर्मेनिया के येरेवन में 2023 आईबीए जूनियर विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप में चैंपियन बनीं, जबकि भारत ने 17 पदकों के साथ प्रभावशाली अभियान का समापन किया। पायल ने लड़कियों के 48 किग्रा फाइनल में सर्वसम्मत निर्णय से आर्मेनिया की स्थानीय पसंदीदा पेट्रोसियन हेघिन को हराकर भारत को प्रतिष्ठित चैंपियनशिप में पहला स्वर्ण पदक दिलाया। बाद में, एशियाई युवा चैंपियन निशा और आकांशा उम्मीदों पर खरी उतरी और उन्होंने स्वर्ण पदक जीतने के लिए अपने सपने को आगे बढ़ाया। निशा (52 किग्रा) और आकांशा (70 किग्रा) ने क्रमशः ताजिकिस्तान की अब्दुल्लाओएवा फरिनोज और रूस की तैमाजोवा एलिसैवेटा को 5-0 के समान अंतर से हराया। इस बीच, अंतिम दिन तीन अन्य लड़कियां - विनी (57 किग्रा), सृष्टि (63 किग्रा) और मेघा (80 किग्रा) ने अपने-अपने स्वर्ण पदक मुकाबलों में हार के बाद रजत पदक के साथ समापन किया। लड़कों के वर्ग में, साहिल (75 किग्रा) और हेमंत (80+ किग्रा) ने अपने-अपने फाइनल में 0-5 से हारने के बाद भारतीय तालिका में रजत पदक जोड़े। जतिन (54 किग्रा) ने रोमांचक मुकाबले में 1-4 से हारने से पहले कजाकिस्तान के तुलेबेक नुरासिल के खिलाफ कड़ी चुनौती पेश की। प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में भारत का दबदबा रहा क्योंकि 26 सदस्यीय टीम ने तीन स्वर्ण, नौ रजत और पांच कांस्य पदक सहित 17 पदक हासिल किए। कुल मिलाकर, 12 भारतीयों ने फाइनल के लिए क्वालीफाई किया जो इस संस्करण में किसी भी अन्य देश से अधिक था।

**पायल, निशा और आकांशा ने स्वर्ण जीते; भारत ने 17 पदकों के साथ अभियान समाप्त किया**